दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर
3 राजधानी — पुलिस सख्त, अब सड़कों के साथ गली...
4 अभिव्यक्ति — विज्ञानं नहीं आध्यात्म से जीतता भारत...
9 मनोरंजन/खेल — प्रियंका ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति जताया...
11 व्यापार — मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 2 महीने में...

www.navpradesh.com

रायपुर, मंगलवार 7 अप्रैल 2020, चैत्र शुक्ल पक्ष-चतुर्दशी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-09 अंक-56 पृष्ठ-12 मूल्य-3 रुपए

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

एम्स रायपुर में हो रहे कोरोना संक्रमितों के सफल इलाज के बारे में वो सबकुछ जो आप जानना चाहते हैं

आईसीएमआर चिह्नित दवा, प्रोटीनयुक्त आहार और डॉक्टरों के समर्पण से कोरोना को मात दे रहा एम्स

डायरेक्टर डॉ. नितिन एम. नागरकर से नवप्रदेश की खास बातचीत, डॉक्टरों की सुरक्षा का भी पूरा ध्यान, 8 घंटे बाद डिस्ट्रॉय कर दिया जाता है पीपीई

अश्विन अगाड़े

नवप्रदेश एक्सक्लूसिव

रायपुर। कोरोना छत्तीसगढ़ में परास्त होता नजर आ रहा है। राज्य सरकार द्वारा बरती जा रही सतर्कता व ऐहतियाती उपायों से राज्य में कोरोना पॉजिटिव के केस बढ़ नहीं रहे हैं। वहीं दूसरी ओर एम्स रायपुर के डाक्टरों ने अपने समर्पण व मरीजों को बेहतरीन चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराकर कोरोना को घुटने टेकने पर मजबूर कर दिया। अब तक अकेले एम्स से 7 मरीज डिस्चार्ज हो चुके हैं। और अब यहां राज्य के पॉजिटिव बचे एकमात्र मरीज का इलाज चल रहा है।

एम्स रायपुर को मिल रही इस सफलता के पीछे के राज जानने की कोशिश नवप्रदेश ने, जिसे एम्स के डायरेक्टर प्रो. डॉ. नागरकर ने कुछ यूं बयां किया...

आइसोलेशन वार्ड तब से जब छग में नहीं था कोई पेशेंट

डॉ. नागरकर ने बताया कि कोरोना वायरस से निपटने के लिए एम्स ने पहले से ही कंटेनजेंसी प्लान तैयार कर लिया था। जब छत्तीसगढ़ में कोरोना का एक भी मरीज नहीं था तब भी एम्स में भी एम्स में आइसोलेशन वार्ड बना लिया गया था। अन्य रोगियों की जांच के लिए अलग व्यवस्था कर दी गई थी। आईसीएमआर अप्रूव्ड लैब भी यहां पहले से मौजूद थी, जिससे यहां कोरोना की टेस्टिंग भी जल्द शुरू हो गई थी।

मरीजों के खान-पान में प्रोटीन सप्लिमेंट को किया गया शामिल

एम्स के डायरेक्टर ने बताया कि एम्स में भर्ती कोरोना पॉजिटिव मरीजों को यहां के डॉक्टर न केवल बेहतर इलाज मुहैया करा रहे हैं, बल्कि उनके खान-पान का भी विशेष ख्याल रखा जा रहा है। मरीजों को कम तेल व मसाले वाला भोजन दिया जाता है। साथ ही उनकी डाइट में प्रोटीन सप्लिमेंट शामिल किए जाते हं। जिस प्लेट में उन्हें खाना दिया जाता है वह भी डिस्पोजेबल होती है। एसा नहीं कि प्लेट को फिर से धोकर उसे दोबारा इस्तेमाल किया जाए।

आईसीएमआर द्वारा चिह्नित दवाओं से इलाज

कोरोना संक्रमितों के इलाज को लेकर डॉ. नागरकर ने बताया कि एम्स में भर्ती मरीजों का इलाज आईसीएमआर द्वारा चिह्नत दवाओं इसके द्वारा तय प्रोटोकॉल के तहत ही किया जा रहा है। इलाज में हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन का भी इस्तेमाल हो रहा है।

मरीजों के प्रति डॉक्टरों का रवैया संवेदनशील

एम्स में अब तक जितने भी कोरोना संक्रमितों का इलाज हुआ या हो रहा है। उन सबका व्यवहार डॉक्टरों के प्रति सहयोगात्मक रहा है। डॉक्टर नागरकर ने बताया कि एम्स के डॉक्टर भी इस बात को लेकर संवेदनशील हैं कि उन्हें मरीजों के साथ किस तरह का व्यवहार करना है।

डॉक्टर-नर्सों को दिया जाने वाला पीपीई 8 घंटे बाद डिस्ट्रॉय

कोरोना संक्रमितों का इलाज करने वाले डॉक्टरों को दिया जाने वाला मास्क समेत पर्सनल प्रोटेक्टिव इक्वीपमेंट (पीपीई) एक बार के इस्तेमाल (8 घंटे) के बाद निर्धारित प्रक्रिया अनुसार डिस्ट्राय कर दिया जाता है। डॉ. नागरकर ने बताया कि मरीजों से लेकर डॉक्टरों तक की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों का पालन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आम तौर पर ओटी में इस्तेमाल होने वाले कपड़े के कास्च्यूम को धोकर दोबारा इस्तेमाल किया जाता है। लेकिन कोरोना की भयावता को देखते हुए। एम्स में इसका इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। संक्रमितों का इलाज करने वाले सभी डॉक्टर्स-नर्स को वन टाइम यूज वाला कॉस्च्यूम ही दिया जा रहा है, ताकि संक्रमण फैलने की जरा भी आशंका न रहे।

हफ्ते भर ड्यूटी के बाद दो हफ्ते के लिए क्वारंटाइन

एम्स में कारोना संक्रमितों का इलाज कर रहे डॉक्टरों-नर्सों की अलग-अलग टीम बनाए गई है। एक टीम का स्टाफ हफ्तेभर काम करता है फिर उन्हें दो हफ्ते के लिए क्वारंटाइन कर दिया जाता है। क्वारंटाइन की सुविधा अस्पताल परिसर में ही अलग से की गई है। बकौल डॉ. नागरकर, मरीजों का इलाज कर रहे डॉक्टरों को घर भी नहीं जाने दिया जाता। उनके रहने-खाने की पूरी व्यवस्था परिसर में ही की गई है।

500 अतिरिक्त बेड की तैयारी पूरी, वेंटिलेटर की और दरकार

एम्स के डायरेक्टर ने बताया कि अभी एम्स रायपुर में कोरोना संक्रमितों के इलाज के 200 बेड की व्यवस्था है। भविष्य में यदि मरीज बढ़ते भी हैं तो इसके लिए भी 500 अतिरिक्त बेड की तैयारी भी पूरी कर ली गई है। आईसीयू, वेंटिलेटर भी तैयार है। लेकिन यदि भविष्य में पेशेंट बढ़ते हैं तो वेंटिलटर की संख्या बढ़ानी होगी। उन्होंने कहा कि दूसरे फ्लू जैसे एच 1 एन 1 के मरीज भी आ रहे। उन्हें वेंटिलेटर की जरूरत पड़ रही है। इसलिए वेंटिलेटर बढ़ाए जाने की जरूर है। हालांकि अब तक कोराना के एक-दो पेशेंट को वेंटिलेटर की जरूर पड़ी है। लेकिन भविष्य के बारे में कोई अनुमान नहीं लगाया जा सकता।

केंद्र व राज्य सरकार दोनों से मिल रहा सहयोग

डॉ. नागरकर ने बताया कि केंद्र व राज्य सरकार दोनों की ओर से एम्स को पूरा सहयोग मिल रहा है। जो सामग्री केंद्र को भेजनी होती है वो केंद्र सरकार भेजती है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरबा का पहला मरीज डिस्चार्ज, राज्य में अब बस 1 पॉजिटिव

रायपुर/नवप्रदेश। एम्स रायपुर में भर्ती कोरबा के पहले कोरोना पॉजिटिव पाए गए मरीज का इलाज सफल इलाज हो गया है। कोरबा के इस युवक के अंतिम दोनों टेस्ट निगेटिव पाए गए हैं। जिसके कारण उसे एम्स से डिस्चार्ज कर दिया गया है। इस मरीज के स्वस्थ होने के साथ ही अब छत्तीसगढ़ में कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या घटकर एक रह गई है। इसका इलाज भी एम्स में ही चल रहा है। शनिवार को ही इस मरीज का सैंपल पॉजिटिव पाया गया था, जिसके बाद इसे एम्स रायपुर में शिफ्ट किया गया। मरीज महाराष्ट्र का रहने वाला है और इसकी उम्र 16 साल है। राज्य में अब तक कुल पॉजटिव पाए गए 10 मरीजों में से 8 का इलाज एम्स में ही हुआ। जबकि अन्य दो का राजनांदगांव व बिलासपुर में इलाज हुआ।

आज बेबाक

कोरोना के खिलाफ जंग में भारतवासियों ने फिर एक बार अभूतपूर्व एकजुटता प्रदर्शित की। पूरे देश ने कोरोना का अंधियारा मिटाने ऐसा उजियारा बगराया कि एक और दीपावली मन गई। यही एकता हमारी ताकत है। जानलेवा कोरोना वायरस ने पूरी दुनिया में कोहराम मचा रखा है। महाशक्तियों ने घुटने टेक दिए हैं। हमें उसके कहर से बचना है तो एकजुट रहना है। घर पर ही रहना है। कोरोना से डरना नहीं है उससे लड़ना है। न सिर्फ लड़ना है बल्कि उसे हराकर दुनिया को नई राह दिखाना है और विश्व गुरू की भूमिका निभाना है। तमसो मां ज्योतिर्गमय।

सीएम भूपेश ने प्रधानमंत्री को पत्र लिख जताई चिंता

अंतर्राज्यीय आवागमन शुरू हुआ तो छग के सामने होगी नई परेशानी

■ कहा- अंतर्राज्यीय आवागमन शुरू करने से पहले कोविड-19 का प्रसार रोकने के हो ठोस उपाय

नव प्रदेश संवाददाता

नियंत्रण में है स्थिति

सीएम बघेल ने पत्र में छत्तीसगढ़ का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य में अभी तक स्थिति नियंत्रण में है। छत्तीसगढ़ उन राज्यों में से एक है, जहां 18 मार्च को कोविड-19 का पहला मरीज मिलने के बाद 21 मार्च को लॉक डाउन की घोषणा कर दी गई थी। आपके निर्णय अनुसार राज्य में 14 अप्रैल तक पूर्ण लॉक डाउन की स्थिति लागू है। राज्य में अभी तक कोविड-19 वायरस से किसी की भी मृत्यु नहीं हुई है और ना ही कोई गंभीर रूप से संक्रमित है।

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर लाकडाउन को समाप्त कर अंतर्राज्यीय आवागमन प्रारंभ करने के पूर्व कोविड-19 के प्रसार की स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए ठोस उपाय सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। बघेल ने प्रधानमंत्री को सोमवार को लिखे पत्र में कहा है कि देश में यदि 14 अप्रैल के बाद ट्रेन, वायु यातायात एवं अंतर्राज्यीय सड़क परिवहन प्रारंभ किया जाता है, तो यह संभावना है कि छत्तीसगढ़ में अन्य राज्यों से संक्रमित व्यक्ति आ सकते हैं, जिसमें राज्य को नई परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इसी तरह की स्थितियां अन्य राज्यों में भी उत्पन्न होने की पूर्ण संभावना है। ■ शेष पृष्ठ 8 पर

पीएम, कैबिनेट मंत्रियों और सांसदों की सैलरी में एक साल तक 30 फीसदी की कटौती

■ संसद सत्र चलने पर पारित कराया जाएगा कानून, अभी अध्यादेश को मंजूरी

नयी दिल्ली, (वार्ता)। कोरोना महामारी के कारण उत्पन्न असाधारण परिस्थिति से निपटने के लिए संसाधन जुटाने के उद्देश्य से सरकार ने प्रधानमंत्री सहित सभी सांसदों के वेतन में एक साल तक 30 फीसदी की कमी करने के लिए एक अध्यादेश को मंजूरी दी है। राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और सभी राज्यपालों ने भी इस अध्यादेश से इतर स्वेच्छा से एक वर्ष तक अपने वेतनों में 30 फीसदी की कमी करने का अनुरोध किया है। इसके साथ ही सांसद निधि को दो वर्ष के लिए स्थगित कर इसकी राशि को भी देश के कंसोलिडेटेड फंड में रखने का निर्णय लिया गया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आज यहां हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में उपरोक्त अध्यादेश को मंजूरी दी गयी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बैठक के बाद संवाददाताओं को बताया कि यह अध्यादेश सांसदों के वेतन, भत्ते और पेंशन से संबंधित अधिनियम,1954 में संशोधन के लिए लाया गया है और संसद के आगामी सत्र में इसके लिए कानून बनाया जायेगा। अध्यादेश के प्रावधान गत एक अप्रैल से लागू होंगे। श्री जावडेकर ने कहा कि सांसदों के वेतन और भत्तों में कमी से संबंधित अध्यादेश पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने के बाद यह प्रभावी हो जायेगा। उन्होंने कहा कि इस अध्यादेश के दायरे में प्रधानमंत्री, उनके मंत्रिमंडल के सदस्य और सभी सांसद आयेंगे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति और राज्यों के राज्यपाल इस अध्यादेश के दायरे से बाहर हैं लेकिन उन्होंने स्वेच्छा से अपने वेतन में 30 फीसदी कमी करने का ■ शेष पृष्ठ 8 पर

लॉकडाउन के बाद भी होती रहेगी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से सुनवाई

■ सुप्रीम कोर्ट ने सभी हाईकोर्ट को तकनीक को लेकर नियम बनाने व निचली अदालतों को इनका पालन करने को कहा

नई दिल्ली (वार्ता)। उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन के बाद भी वीडियो कांफ्रेंसिंग व्यवस्था जारी रहने का सोमवार को संकेत दिया तथा इसे भविष्य में और बेहतर बनाये जाने पर काम करने के लिए संबंधित पक्षों को निर्देश दिया। शीर्ष न्यायालय ने अदालती सुनवाई में टेक्नोलॉजी की अहमियत का जिक्र करते हुए कहा कि लॉकडाउन के बाद भी वीडियो कॉन्फ्रेसिंग व्यवस्था खत्म नहीं होगी। आगे इसे और बेहतर बनाने पर काम किया जाएगा। खंडपीठ ने कहा कि सभी उच्च न्यायालय नियम बनाए और निचली ■ शेष पृष्ठ 8 पर

कोरोना से संक्रमितों का आंकड़ा 4 हजार के पार, 111 मृत

नई दिल्ली/पुणे (वार्ता)। देश के विभिन्न राज्यों में तेजी से फैल रहे कोरोना वायरस (कोविड 19) के 693 नये मामले सामने आने के कारण इससे संक्रमित मरीजों की संख्या बढ़कर 4281 हो गई तथा इससे 32 और लोगों की मौत होने से मृतकों की संख्या 111 तक पहुंच गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सोमवार की सुबह जारी रिपोर्ट के मुताबिक नये मामले पिछले 24 घंटे के दौरान के है। देश में अब तक इस संक्रमण से 319 लोग ठीक हुए हैं।

महाराष्ट्र में 45 की मौत

महाराष्ट्र में सोमवार को 33 और लोगों के कोरोना संक्रमण से पाजिटिव पाए जाने के बाद राज्य में संक्रमितों का कुल आंकड़ा बढ़कर 787 हो गया है। राज्य में कोरोना संक्रमण से अब तक 45 लोगों की मौत हो चुकी है। स्वास्थ्य ■ शेष पृष्ठ 8 पर

प्रदेश में आज कई स्थानों पर बारिश के आसार

गरज चमक के साथ पड़ सकते हैं छींटे

रायपुर/नव प्रदेश। दिनभर तेज धूप पड़ने के बाद अचानक सोमवार शाम गरज-चमक के साथ राजधानी रायपुर में हल्की बारिश हुई। राज्य के बिलासपुर, रायपुर के साथ ही बस्तर संभाग के जिलों में मंगलवार को एक बार फिर से मौसम का मिजाज बदल सकता है। मौसम विभाग ने मंगलवार को इन संभागों के जिलों में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा की संभावना जताई है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में दक्षिण आंध्रप्रदेश से कनार्टक तथा ■ शेष पृष्ठ 8 पर

बढ़ने लगा अधिकतम तापमान

मौसम में आने वाले मामूली बदलाव के बीच राजधानी रायपुर के साथ ही प्रदेश के अन्य प्रमुख शहरों में अधिकतम तापमान का आंकड़ा अब बढ़ने लगा है। पूर्व में यह संभावना जताई जा रही थी कि अप्रैल के प्रथम पखवाड़े में अधिकतम तापमान में कोई खास वृद्धि नहीं होगी। लेकिन अप्रैल माह की ■ शेष पृष्ठ 8 पर

गरमा-गरम

मंथन — प्रधानमंत्री मोदी ने वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए ली मंत्रिमंडल की बैठक

राज्यों से संपर्क में रहकर कोरोना हॉटस्पॉट पर रखें नजर

नई दिल्ली। (वार्ता)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंत्रिमंडल के अपने सभी सहयोगियों से कोरोना महामारी से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए विशेष रूप से कोरोना के हॉटस्पाट पर नजर रखने, राज्यों और जिला प्रशासन के निरंतर संपर्क में रहने, मिलकर रणनीति बनाने और उनके द्वारा किये जाने वाले सभी उपायों तथा जमीनी हालात से उन्हें लगातार अवगत कराते रहने को कहा है। मोदी ने सोमवार को यहां वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये हुई केन्द्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के दौरान सभी मंत्रियों के साथ कोरोना ■ शेष पृष्ठ 8 पर

मिलकर निकालें समाधान

प्रधानमंत्री ने कहा कि सभी मंत्री समस्याओं के लिए मिलकर समाधान निकालें और उन्हें जमीनी हालात की लगातार जानकारी दें। मोदी ने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि राशन केन्द्रों पर भीड़भाड़ न बढ़े, शिकायतों का संज्ञान लेकर कार्रवाई की जाये और आवश्यक वस्तुओं की कालाबाजारी रोकी जाये और उनकी कीमतें काबू में रहें।

गरीबों को राशन के अभियान को और व्यापक बनाएं : पीएम मोदी

भाजपा के 40वें स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं से किए पंच-आग्रह

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को भाजपा के 40वें स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ताओं शुभकामनाएं भी दीं। कार्यकर्ताओं को दिए अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कोरोना से उत्पन्न संकट से निपटने के लिए पांच सुझाव देते हुए इन पर काम करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन सुझावों में 'अंत्योदय' की भावना भी है और सेवा का 'अटल संकल्प' भी। उन्होंने कहा, मैं इनमें से कुछ विशेष कार्यों पर और बल देने के लिए प्रार्थना करूंगा। इसे एक तरह से आप मेरे पंच-आग्रह मान सकते हैं। मोदी ने कहा पहला आग्रह है, गरीबों को राशन के ■ शेष पृष्ठ 8 पर

अमेरिका में बाघिन को कोरोना, भारत में भी एडवायजरी जारी

नई दिल्ली(वार्ता)। देश में जानवरों तथा अन्य जीव-जन्तुओं में इसे फैलने से रोकने के लिए निर्देश जारी किये गये हैं। अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित ब्रोन्क्स चिड़ियाघर में एक बाघिन के कोरोना वायरस की चपेट में आने के बाद ये कदम उठाए जा रहे हैं। केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण, केंद्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्रालय के अधीनस्थ वन्य जीव विभाग और राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने अलग-अलग मशविरा पत्र जारी कर सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में चिड़ियाघरों, राष्ट्रीय जीव उद्यानों, अभयारण्यों और बाघों के लिए संरक्षित वनों में निगरानी बढ़ाने और बचाव के उपाय अपनाने के निर्देश दिये हैं। बाघ संरक्षण प्राधिकरण ने बाघों के निवास वाले सभी राज्यों के मुख्य वन्य जीव संरक्षकों से कोरोना वायरस ■ शेष पृष्ठ 8 पर

ब्रिटेन का हालः 'मैं उन लोगों के लिए कब्रें खोद रहा, जो अभी भी जिंदा हैं'

कोरोना वायरस की वजह से ब्रिटेन में अभी तक 4313 से ज्यादा लोगों की जान जा चुकी है

- क्लाइव काल्बर को कब्रिस्तान में मरीजों की संभावित मौत से पहले ही कब्रें खोदने का जिम्मा
- कोरोना महामारी के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं, मृतकों की संख्या बढ़ेगी

लंदन (ए.)। 'मैं उनके लिए कब्रें खोद रहा हूं, जो अभी भी जिंदा हैं। इससे बुरी बात क्या हो सकती है कि यह काम मुझे करना पड़ रहा है।' यह कहना है दक्षिण-पश्चिम ब्रिटेन में स्थित कॉर्नवल काउंटी में रहने वाले क्लाइव काल्बर का। उन्हें यहां के कब्रिस्तान में कोरोना वायरस से मरीजों की संभावित मौत की वजह से पहले ही कब्रें खोदने का जिम्मा सौंपा गया है।

अभी तक 4313 लोगों की जान जा चुकी

दरअसल, कोरोना वायरस की वजह से ब्रिटेन में अभी तक 4313 लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, 41 हजार से अधिक लोग इससे संक्रमित हैं। यहां कोरोना वायरस महामारी के कारण हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। लगातार चौथे दिन मौत का आंकड़ा सबसे अधिक 708 रहा। अस्पतालों में मरीजों की तादाद बढ़ती जा रही है। क्लाइव बताते हैं कि यहां की स्थानीय प्रशासन का मानना है कि आने वाले दिनों में कोरोना महामारी की वजह से मौतों का आंकड़ा काफी अधिक होने वाला है। ऐसे में उन्हें अतिरिक्त कब्रें खोदने के लिए कहा गया है।

'कोई भी किसी के लिए कब्रें नहीं खोदना चाहता'

क्लाइव बताते है, 'मैं कब्रें खोदने का काम करता हूं। लेकिन यह बेहद ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि उन्हें उन लोगों के लिए स्थानीय प्रशासन की ओर से यह काम करने के लिए दिया गया है, जो अभी जीवित हैं। स्थानीय प्रशासन का मानना है कि कोरोना वायरस महामारी से मौत का आंकड़ा बढ़ सकता है। अभी जो हालात हैं ऐसे में यह हकीकत है कि ज्यादा से ज्यादा लोगों की मौतें होने वाली है।'

जीवित लोगों के लिए पहले से ही कब्रें

क्लाइव का कहना है कि यह करना किसी का शौक नहीं होता। वह बताते हैं, 'कोई भी कब्र के बारे में नहीं सोचता। यह तो साफ है कि कोई भी किसी के लिए कब्रें नहीं खोदना चाहता है। लेकिन मुझे कभी भी अजीब नहीं लगा।' क्लाइव अतिरिक्त कब्रें खोद रहे है, क्योंकि कोरोना वायरस महामारी की वजह से मौत का आंकड़ा लगातार बढ़ रहा है। वह बताते हैं कि कई काउंटी पहले से ही इसकी तैयारी कर रहे हैं, क्योंकि उन्हें पता है कि हालात और भी बदतर होने वाले हैं। वह बताते हैं, 'मुझे ऐसा पहले कभी नहीं करना पड़ा कि जीवित लोगों के लिए पहले से ही कब्रें खोद कर तैयार रखना पड़े।'

कोरोना से जंगः सबसे मुश्किल हालात में पहुंचा अमेरिका

- रविवार को अमेरिका में करीब 1500 लोगों की कोरोना से मौत हो गई जो अपने आप में रेकॉर्ड है
- अमेरिका के सर्जन जनरल से चेतावनी दी है कि यह अमेरिका के लिए पर्ल हार्बर हमले की तरह है

वाशिंगटन(ए.)। कोरोना महामारी से जंग लड़ रहा अमेरिका अब अपने सबसे मुश्किल समय में प्रवेश कर गया है। रविवार को अमेरिका में करीब 1500 लोगों की मौत हो गई जो अपने आप में रेकॉर्ड है। इससे अमेरिका में मृतकों की संख्या 9100 पहुंच गई है। अमेरिका के सर्जन जनरल से चेतावनी दी है कि यह अमेरिका के लिए पर्ल हार्बर हमले की तरह से हो सकता है और देश में अशांति भड़क सकती है। अमेरिका के सर्जन जनरल जेरोम एडम ने रविवार को कहा, 'ज्यादातर अमेरिकी लोगों के लिए यह सप्ताह सबसे कठिन और सबसे दुखद सप्ताह होने जा रहा है। यह हमारे लिए पर्ल हार्बर, 9/11 मूवमेंट होने जा रहा है। हालांकि यह केवल स्थानीय स्तर पर नहीं होगा।' इस चेतावनी के बाद माना जा रहा है कि न्यूयॉर्क और मिशिगन में चल रहा कोरोना संकट अन्य राज्यों में बढ़ सकता है।

कई हिस्सों में लॉकडाउन खोलने की मंशा

कई मामलों में नंबर वन अमेरिका अब कोरोना वायरस के संक्रमण के मामले में भी नंबर वन हो गया है। अमेरिका में 3,21,000 से ज्यादा लोग कोरोना वायरस से संक्रमित हो गए हैं। इस पूरे संकट को लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का प्रशासन विरोधियों के निशाने पर आ गया है। बिजनसमैन से राष्ट्रपति बने ट्रंप जल्द से जल्द देश के कई हिस्सों में चल रहे लॉकडाउन को खोलना चाहते हैं ताकि अर्थव्यवस्था को बचाया जा सके।

राष्ट्रपति ट्रंप की योजना से विवाद बढ़ता जा रहा

हालांकि ट्रंप की इस योजना से विवाद बढ़ता जा रहा है। अमेरिका के हेल्थकेयर और महामारी के सलाहकार लोगों की जिंदगी को बचाने पर जोर दे रहे हैं। शनिवार को यह विवाद साफ तौर पर उस समय देखने को मिला जब ट्रंप ने कहा कि हम ने आने वाले कई महीनों तक यह लॉकडाउन जैसी स्थिति नहीं चाहते हैं। ट्रंप के बयान के बाद सर्जन जनरल जेरोम एडम ने कहा कि अमेरिका के लिए यह पर्ल हार्बर और 9/11 हमले जैसी स्थिति है। एडम ने कहा कि आने वाले सप्ताह हरेक अमेरिकी के लिए सबसे कठिन और दुखद होंगे।

राष्ट्रपति ट्रंप ने पहले ही दी थी चेतावनी

इससे पहले ट्रंप ने भी चेतावनी दी थी कि आने वाले सप्ताह अमेरिका के लिए बहुत पीड़ादायक होंगे। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि एक निश्चित मौके पर हमें लॉकडाउन को लेकर फैसला करना होगा। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा था कि कोरोना वायरस से देशभर में दो लाख से ज्यादा लोग मारे जा सकते हैं। उन्होंने कहा था कि अमेरिकी लोगों को कठिन समय के लिए तैयार होना होगा।

अमेरिका में कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर 9000 हुआ

वाशिंगटन, (वार्ता)। अमेरिका में कोरोना वायरस से मरने वालों का आंकड़ा सोमवार को बढ़कर 9000 के पार पहुंच गया। जॉन होपकिंस यूनीवर्सिटी के अनुसार अमेरिका में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 9562 पहुंच गयी है। अमेरिका के न्यूयॉर्क राज्य में कोरोना का सबसे ज्यादा असर देखने को मिला है। न्यूयॉर्क शहर में अब तक कुल 2250 लोगों की मौत हुई है। अमेरिका में कोरोना के अब तक 331000 मामलों की पुष्टि हुई है। अमेरिका इटली और स्पेन के बाद तीसरा ऐसा देश हैं जहां कोरोना के कारण सबसे ज्यादा मौतें हुई हैं। इटली में अब तक 15880 और स्पेन में 12400 लोगों की मौत कोरोना से हो चुकी है।

अच्छे दिन जल्द वापस आएंगे : एलिजाबेथ

लंदन, (वार्ता)। ब्रिटने के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के अस्पताल में भर्ती होने के बीच महारानी एलिजाबेथ -II ने कोरोना वायरस को लेकर देश को संबोधित करते हुए उम्मीद जतायी कि यह कठिन दौर जल्द ही समाप्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि ब्रिटेन कोरोना से लड़ाई जीतेगा और अच्छे दिन वापस जल्द लौटेंगे। 93 वर्षीय महारानी एलिजाबेथ ने अपने संबोधन में कहा, मुझे पता है कि मैं इस कठिन दौर में आप सब से बात कर रही हूं। उन्होंने कहा,मैं उम्मीद करती हूं कि आने वाले वर्षों में हम इस बात गर्व करेंगे कि हमने कैसे कोरोना को साथ मिलकर पराजित किया। इसके बाद जो पीढ़ी आएगी वो हमारे बारे में कहेगी कि हम कितने मजबूत थे। आत्म-अनुशासन की विशेषताएं, शांत-विनोदपूर्ण संकल्प और साथी-भावना के लक्षण अभी भी इस देश की विशेषता हैं। महारानी ने कहा, हम जल्द ही अपने दोस्तों और परिवार के साथ होंगे और हम एक बार फिर जल्द मिलेंगे। अलग-थलग रहना कई बार काफी कठिन है। गौरतलब है कि ब्रिटेन कोरोना के काफी प्रभावित है और यहां के प्रधानमंत्री जॉनसन भी इससे संक्रमित हो चुके हैं।

चीन में कोरोना के 38 नये मामले, एक की मौत

बीजिंग (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस 'कोविड-19' के मुख्य केंद्र चीन में इस संक्रमण के 38 नये मामले सामने आने के कारण इससे संक्रमित होने वाले मरीजों की संख्या 951 रह गई है और एक और मरीज की इसके कारण मृत्यु हो गई है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने सोमवार को यह जानकारी दी। आयोग के अनुसार यह आंकड़े रविवार तक के हैं। आयोग ने बताया कि 258 लोग इस संक्रमण से ठीक हुए हैं और उन्हें अस्पतालों से छुट्टी दी जा चुकी है, जबकि 693 लोगों का उपचार चल रहा है, जिनमें 22 लोगों की हालत नाजुक है। इससे एक दिन पहले चीन में कोरोना के 30 नये मामले सामने आये थे, जबकि तीन लोगों की मौत हुई थी।

पाक में कोरोना मामले बढ़कर 3059 हुए, 45 की मौत

इस्लामाबाद (शिन्हुआ)। पाकिस्तान में कोरोना वायरस (कोविड 19) का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है और इससे संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3059 हो गयी है जबकि इसके कारण अबतक 45 लोगों की मौत हुयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने रविवार की शाम यह जानकारी दी। आंकड़ों के मुताबिक शुक्रवार से रविवार तक कम से कम 512 लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हुई तथा आठ लोगों की मौत हुयी। पाकिस्तान के लिए फिलहाल सकून की बात यह है कि कुल कोरोना संक्रमितों के महज डेढ़ प्रतिशत लोगों की मौत हुई है। पाकिस्तान में पंजाब प्रांत कोरोना से सबसे गंभीर रूप से प्रभावित है जहां अबतक 1319 लोग इससे संक्रमित हुए हैं और 12 लोगों की मौत हुयी है। दूसरे स्थान पर सिंध प्रांत है जहां 881 लोगों में कोरोना की पुष्टि हुई है तथा सबसे अधिक 15 लोगों की मौत हो चुकी है। खैबर पख्तूनख्वा में 372 पीड़ित है और 14 की मौत हुई है। गिलगित बाल्टिस्तान में 206 संक्रमित और तीन मौतें हुई हैं। बलूचिस्तान में 189 लोग इससे संक्रमित हैं जबकि राजधानी इस्लामाबाद में अबतक 78 मामले सामने आये हैं। पूरे देश में अबतक 170 लोग स्वस्थ हो चुके हैं जिन्हें अस्पतालों से छुट्टी दे दी गयी है। कुल संक्रमितों का यह 5.6 फीसदी है। पाकिस्तान में अप्रैल माह के अंत तक कोरोना वायरस के संक्रमितों की संख्या 50 हजार को पार कर सकती है।

अमेरिका में एक बाघिन कोरोना से संक्रमित

न्यूयॉर्क, (वार्ता)। अमेरिका के न्यूयॉर्क के ब्रोन्क्स चिड़ियाघर में एक बाघिन कोरोना से संक्रमित पायी गयी है। चार वर्षीय नादिया नामक बाघिन को हल्का जुखाम था जिसके बाद उसका कोरोना का टेस्ट किया गया। चिड़ियाघर ने बयान जारी कर बताया कि बाघिन की बहन अजुल, दो अमुर बाघ और अफ्रीका के तीन शेर पर समान लक्षण होने के कारण निगरानी की जा रही है। चिड़ियाघर ने कहा कि यहां के कर्मचारी द्वारा यह वायरस इस बाघिन में आया है। उन्होंने कहा, हमें नहीं पता कि यह वायरस कैसे जानवर के अंदर पनपा लेकिन हम हालात पर अपनी नजर बनाए हुए हैं। ब्रोन्क्स चिड़ियाघर गत 16 मार्च से लोगों के लिए बंद है। इस बीच चिड़ियाघर ने कहा कि जो टेस्ट इस बाघिन पर किया गया यह वो टेस्ट नहीं है जो इंसान पर किया जाता है।

सुडान में सामने आया कोरोना का पहला मामला

जुबा, (वार्ता)। दक्षिण सुडान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने देश में कोरोना वायरस के पहले मामले की पुष्टि की है। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सोमवार को इसकी जानकारी दी।

29 वर्षीय महिला में इसके संक्रमण की पुष्टि हुई है जो 28 फरवरी को अदीस अबाबा के रास्ते हालैंड से लौटी थी। वहां से लौटने के बाद पीड़िता को बुखार, जुखम, सिर दर्द और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत हुई। वह फिलहाल अलग-थलग रखी गयी हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के दक्षिण सुडान में प्रतिनिधि ओलुशायो ओलु ने कहा, सुडान में कोरोना का पहला मामला सामने आया है। स्वास्थ्य मंत्रालय के साथ हम हालात पर नजर बनाए हुए है। समय काफी कठिन है।

मोरक्को में कोरोना के 1000 से ज्यादा मामले, 70 की मौत

मॉस्को (स्पूतनिक)। मोरक्को में कोरोना वायरस के एक हजार से ज्यादा मामलों की पुष्टि हुई है और यहां इससे मरने वालों की संख्या 70 पहुंच गयी है। मोरक्को के स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी सूचना दी। मंत्रालय ने कहा कि मोरक्को में अब तक कोरोना के 1021 मामले सामने आए हैं और इससे यहां 76 लोग ठीक हुए हैं। मोरक्को उन देशों में हैं जहां स्टेट आपातकाल की घोषणा की हुई है।

इजरायल में मामले बढ़कर 8430 हुए

मॉस्को, (स्पूतनिक)। इजरायल में कोरोना वायरस के मामले बढ़कर 8430 हो गए हैं और इससे यहां मरने वालों की संख्या 49 पहुंच गयी है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसकी जानकारी दी। पिछले 24 घंटे के अंदर यहां 412 नए मामले दर्ज हुए हैं और तीन लोगों की मौत हुई है। इजरायल के स्वास्थ्य मंत्री याकोव लित्ज़मैन और प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतनयाहू के सलाहकार रिवका पालुच भी इससे संक्रमित हैं।

फ्रांस में 70000 मामले, आठ हजार मौतें

पेरिस, (स्पूतनिक)। फ्रांस में कोरोना वायरस के अब तक 70000 मामले सामने आ चुके हैं और इससे मरने वालों की संख्या बढ़कर आठ हजार पहुंच गयी है। स्वास्थ्य प्रशासन ने बयान जारी कर इसकी पुष्टि की। बयान के अनुसार फ्रांस में अब तक कोरोना के कुल 70478 मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार कोरोना से संक्रमित मरीजों के मरने वालों संख्या 8078 पहुंच गयी है। देश में पिछले 24 घंटों में 357 मौतें हुई हैं।

ब्रिटेन के पीएम जॉनसन अस्पताल में भर्ती

लंदन(वार्ता)। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन कोरोना वायरस से पॉजिटिव आने के 10 दिनों के बाद अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं। ब्रिटिश स्वास्थ्य अधिकारियों ने कहा, प्रधानमंत्री में अब भी कोरोना के लक्षण दिख रहे हैं। अस्पताल ने एहतियातन उन्हें अस्पताल में भर्ती करने का निर्णय लिया है। उल्लेखनीय है कि श्री जॉनसन गत 27 मार्च को कोरोना पॉजिटिव पाए गए थे और उसके बाद से वह अपने आवास पर अलग-थलग हैं।

प्रदूषण | दिल्ली के विभिन्न केंद्रों पर रविवार शाम से सोमवार की सुबह तक प्रदूषण काफी बढ़ गया

आतिशबाजी से प्रदूषित हुई राजधानी दिल्ली की हवा

नई दिल्ली (वार्ता)। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में प्रदूषण बढ़ने से हवा की गुणवत्ता एक बार फिर खराब हो गयी है और इसका सूचकांक (एक्यूआई) 'संतोषजनक' की श्रेणी से उतरकर 'मॉडरेट' की श्रेणी में आ गया। लॉकडाउन के बाद देश के अन्य हिस्सों की तरह ही दिल्ली में एक्यूआई यानी प्रदूषण का स्तर 100 से नीचे आ गया था। सूचकांक 50 तक होना हवा की अच्छी गुणवत्ता को दर्शाता है जबकि 50 से 100 के बीच का स्तर 'संतोषजनक' का है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय की स्वायत्त एजेंसी 'सफर' के अनुसार दिल्ली में आज पीएम 10 का स्तर बढ़कर 107 पर पहुँच गया। रविवार को यह 87 रहा था। हालाँकि सफर ने

मंगलवार को इसके दुबारा संतोषजनक की श्रेणी में आने का पूर्वानुमान जारी किया है। बुधवार को हवा की गुणवत्ता में और सुधार होगा हालाँकि यह संतोषजनक की बनी रहेगी। राजधानी में रविवार रात नौ बजे कई इलाकों में लोगों ने जमकर आतिशबाजी की जिससे हवा की गुणवत्ता खराब हुई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिर्फ दिया, मोमबत्ती, टॉर्च या मोबाइल की फ्लैश लाइट जलाने की अपील की थी, लेकिन लोगों ने पटाखे छोड़कर पूरी दिवाली मना ली।

दिल्ली के विभिन्न केंद्रों पर रविवार शाम से सोमवार की सुबह तक प्रदूषण काफी बढ़ गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आँकड़ों के अनुसार, रविवार रात 8.30 बजे से सोमवार दोपहर 12 बजे के दौरान विवेक विहार में एक्यूआई 100 से बढ़कर 191 पर पहुँच गया। इसका 100 से 200 के बीच का स्तर 'मॉडरेट की श्रेणी में आता है जबकि 200 से 300 का स्तर 'खराब' की श्रेणी का है।

सोनिया विहार में कल शाम से आज दोपहर तक एक्यूआई 103 से बढ़कर 187 पर, पंजाबी बाग में 88 से बढ़कर 165 पर, पूसा में 92 से बढ़कर 166 पर, नेहरू नगर में 93 से बढ़कर 164 पर, ओखला फेज-2 में 74 से बढ़कर 144 पर, अशोक विहार में 123 से बढ़कर 189 पर, अलीपुर में 125 से बढ़कर 190 पर, पटपड़गंज में 71 से बढ़कर 125 पर और रोहिणी में 150 से बढ़कर 197 पर पहुँच गया। बोर्ड द्वारा जिन केंद्रों पर प्रदूषण के आँकड़े एकत्र किये जाते हैं उनमें लगभग सभी स्थानों पर आज प्रदूषण का स्तर रविवार की तुलना में अधिक रहा।

ब्राजील में कोरोना मरीजों की संख्या 11 हजार के पार

रियो डी जनेरो (शिन्हुआ)। ब्राजील में कोरोना वायरस (कोविड 19) से संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या बढ़कर 11130 हो गई और अबतक 486 लोगों की मौत हुयी है। ब्राजील के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार पिछले 24 घंटों के दौरान 54 लोगों की इस संक्रमण के कारण मौत हुई है, जो इस वायरस से यहां होने वाली प्रति दिन मौत की औसत से 12.5 प्रतिशत अधिक है। देश में इस संक्रमण से होने वाली मौत का दर 4.4 प्रतिशत है। वहीं इस दौरान संक्रमण के 852 नये मामले सामने आये हैं। इस वैश्विक महामारी ने दक्षिण-पूर्वी ब्राजील में सबसे अधिक कहर बरपाया है। इन क्षेत्र में इस संक्रमण के 60 प्रतिशत यानी 6678 मामले दर्ज किये गये हैं, जबकि इस वायरस के कारण देश में होने वाली मौत का 72.2 प्रतिशत यानी 351 लोगों की मृत्यु इन्हीं क्षेत्रों में हुई है। ब्राजील में कोरोना के सबसे अधिक मामले साओ पाउलो में दर्ज किये गये हैं। यहां कोरोना के 4620 मामले दर्ज किये गये हैं और 275 लोगों की मृत्यु हुई है। दक्षिण पूर्वी शहर रियो डी जनेरो भी इस वायरस से गंभीर रूप से प्रभावित है। यहां इस संक्रमण के कुल 1394 मामले सामने आये हैं और 64 लोगों की मौत हुयी है।

■ न्यूज गैलरी

शराब पीने के लिए पैसा नहीं देने पर मिली जान से मारने की धमकी

रायपुर। लाक डाउन में शराब दुकान बंद होने के कारण नशेड़ी लोग अपने नशे को पूरा करने के लिए लोगों को सता रहे हैं। डीडी नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार पवन सिंह तोमर आयु 18 वर्ष पिता स्व. प्रमोद सिंह तोमर निवासी खदान बस्ती डंगनिया अमलेश्वर हाउसिंग बोर्ड कालोनी से आरोपी बोनी एवं उसके साथियों ने शराब पीने के लिए पैसा मांगा पैसा प्रार्थी द्वारा नहीं देने पर आरोपियों ने उसकी जमकर बेसबाल के बल्ले से जमकर पिटाई की और पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। उक्त मामले ने डीडी नगर थाने ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 323 एवं 34 के तहत मामला कायम किया है।

अज्ञात कार चालक की टक्कर से घायल

रायपुर। तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण नहीं होने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में आये दिन वृद्धि हो रही है। राजेंद्र नगर थाने से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अज्ञात कार चालक कार क्रमांक सीजी 07 बीएस 0866 द्वारा महावीर नगर रिंग रोड चौक से गुजर रहे मकान नंबर 22 कैलाश नगर भिलाई निवासी बलजीत सिंह पिता बलविंदर सिंह को कार से टक्कर मारकर घायल कर दिया।

139 पाव अंग्रेजी शराब जब्त

रायपुर। लाकडाउन में शराब दुकान बंद होने के कारण इन दिनों अवैध शराब की तस्करी में वृद्धि हुई है। नेवरा थाने से मिली जानकारी के अनुसार नरेश वर्मा आयु 21 वर्ष पिता शिवप्रसाद वर्मा निवासी ग्राम तुलसा नेवरा से अवैध रूप से मदिरा ले जाते वक्त 25 पाव शराब जब्त करने में सफलता मिली है। नेवरा थाने ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34-1 के तहत मामला कायम कर मौके पर ही गिरफ्तार किया है। वहीं ग्राम तुलसा से ही छत्रपाल वर्मा आयु 27 वर्ष पिता माखनलाल वर्मा से 96 पाव अंग्रेजी शराब जब्त की गई है। उक्त मामले में भी आरोपी को गिरफ्तार कर थाना नेवरा ने आबकारी एक्ट की धारा 34-2 के तहत मामला कायम किया है। धरसींवा थाने से मिली जानकारी के अनुसार राजेश वर्मा आयु 30 वर्ष पिता श्रवण वर्मा निवासी बंधवातालाब सड्डू से 18 पाव अंग्रेजी शराब जब्त करने में सफलता मिली है। धरसींवा थाने ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34-1 के तहत मामला कायम किया है। दोनों ही थाना क्षेत्रों से क्रमशः थाना नेवरा एवं धरसींवा को आरोपियों से 139 पाव अंग्रेजी शराब जब्त कर मौके पर गिरफ्तार कर मामला पंजीबद्ध कर लिया है।

पुलिस सख्त, अब सड़कों के साथ गली-मोहल्ला सूना

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी में लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालों पर पुलिस द्वारा शुरू की गई सख्ती का असर अब दिखने लगा है। शहर में कर्फ्यू जैसा माहौल बन गया है, इससे सड़कों पर बेवजह घूमने वालों पर भी लगाम लगा है। इसे देखते हुए पुलिस व जिला प्रशासन के अफसरों ने राहत की सांस ली है।

कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सुरक्षा के लिहाज से देश भर में लागू लॉकडाउन के आज 13वें दिन राजधानी रायपुर में कर्फ्यू जैसा माहौल देखने को मिल रहा है। शनिवार शाम से ही पुलिस प्रशासन ने सख्ती बरतनी शुरू कर दी थी। इसका असर यह हुआ कि सड़कों पर बेवजह घूमने वालों पर सीधे लगाम कस दिया गया। सड़कों पर पुलिस जवानों की सतत पेट्रोलिंग और चौक-चौराहों पर तगड़ी मोर्चाबंदी से घरों से निकलने वालों के मन में पुलिस की कार्यवाही का भय बैठ गया है। शहर के कई इलाकों में पुलिस ने बेवजह सड़कों पर घूमने वालों को जोरदार सबक भी सिखाया है। इसके चलते अब शहर में सर्वत्र शांति छा गई है। शहर के सभी गली-मोहल्लों में बेवजह घरों से बाहर निकलने

लॉकडाउन का पुलिस करा रही सख्ती से पालन

वालों के मन में भी पुलिस कार्यवाही का डर साफ दिखने लगा है। शहर के गली-मोहल्लों और खासकर सघन आबादी वाले इलाकों में लोग लाक डाउन की परवाह किए बगैर मोहल्लों में ही घूमते नजर आ रहे थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है। संबंधित थाना क्षेत्र की पुलिस ऐसे गली-मोहल्लों में भी घूसने लगी है, जहां पुलिस कभी नहीं गई थी। पुलिस के जवान बाइक से भी पेट्रोलिंग कर रहे हैं। इससे मोहल्लों में घूमने वालों पर भी लगाम कसा है। कुल मिलाकर लॉकडाउन का अब सख्ती से पालन कराया जा रहा है।

गृहमंत्री ने राजधानी की सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। लॉकडाउन के दौरान प्रदेश के गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू आज अचानक राजधानी रायपुर के कई प्रमुख चौक-चौराहों पर जाकर कानून व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उनके साथ एसएसपी आरिफ शेख सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण भी मौजूद थे। गृहमंत्री श्री साहू ने आज शहर के कई चौक-चौराहों का जायजा लिया और वहां तैनात पुलिस कर्मियों से बातचीत भी की। साथ ही लोगों को घर से बाहर नहीं निकलने की अपील की। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज फेसबुक लाइव के माध्यम से जनता से संवाद भी किया। उन्होंने जनता के द्वारा पूछे गए सवालों के बारे में विस्तार से बताया कि प्रदेश में कोरोना वायरस से संक्रमित 10 मरीज

भर्ती हुए थे जिसमें से 8 मरीज अच्छे होकर अपने घर पहुंच गए है। बाकी 2 मरीजों के इलाज चल रहा है जो प्रदेश के लिए बहुत अच्छा संकेत हैं। श्री साहू ने इसके लिए स्वास्थ विभाग और पुलिस विभाग को बधाई भी दी।

एयरपोर्ट प्रबंधन आने जाने वाले यात्रियों की जानकारी प्रतिदिन स्वास्थ्य विभाग को देगा

रायपुर। स्वास्थ्य विभाग कोरोना से लड़ने के लिए नए सिरे से तैयारी कर रहा है। जिससे बाहर से आने वाले यात्रियों के डाटा को ए?कत्रित करने के लिए विभाग के कर्मियों को भटकना नहीं होगा। विभाग को एयरपोर्ट प्रबंधन से रोजाना 6 हजार लोगों का डेटा न्यू पॉलिसी के तहत मिलेगा। इस पॉलिसी के तहत यात्रियों का संपूर्ण ब्यौरा दिया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग और पुलिस को एयरपोर्ट प्रबंधन पूरी जानकारी देगा। इससे बाहर से आने वाले कोरोना के खतरे से निपटा जा सकेगा। गौरतलब है कि सामान्य दिनों में माना एयरपोर्ट में हर दिन 54 फ्लाइट से लगभग 6000 यात्रियों का आना–जाना होता है। इनमें भारत के अलावा विदेश से आने वाले यात्री भी शामिल हैं। ऐसे में प्रत्येक यात्री की रिपोर्ट और उसकी जानकारी जुटा पाना सेल्फ रिपोर्टिंग और मॉनिटरिंग से संभव नहीं है। इसलिए नई रणनीति बनाई गई है। हालांकि स्वास्थ्य मंत्री ने एयरपोर्ट प्रबंधन सहित स्वास्थ्य प्रमुखों को पहले ही इसके निर्देश दे दिए थे, लेकिन अब पूरी तरह इस पर अमल करने की तैयारी है। बहरहाल उड़ान कब से शुरू होगी इस पर संशय की स्थिति व्याप्त है। लेकिन उड़ानों के शुरू होते ही हर दिन यात्रियों की जानकारी स्वास्थ्य टीम के पास उपलब्ध होगी।

कोरोना के खिलाफ जंग

रायपुर पश्चिम की जनता का स्वास्थ्य आंकड़ा जुटा रहे विधायक उपाध्याय

- ■ क्षेत्र की जनता का स्वास्थ्य आंकड़ा जुटाने तैयार कराया लिंक
- ■ अपील, लिंक में अपने परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की दें जानकारी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना संक्रमण के रोकथाम के लिए किए जा रहे ठोस उपायों के बीच रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय ने भी कोरोना मुक्त छत्तीसगढ़ और कोरोना मुक्त रायपुर पश्चिम बनाने की दिशा में एक नया अभियान शुरू किया है। इस अभियान के तहत वे अपने क्षेत्र के लोगों से अपील कर रहे हैं कि वे अपने परिवार के सदस्यों के स्वास्थ्य की जानकारी उपलब्ध कराएं जिससे आगे की रणनीति बनाकर कोरोना के खिलाफ जंग तेज की जा सके। रायपुर पश्चिम के विधायक विकास उपाध्याय कोरोना संक्रमण के रोकथाम के लिए हर संभव जतन कर रहे हैं। इसी क्रम में उन्होंने अपने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे अपने घर के सदस्यों की स्वास्थ्य जानकारी उपलब्ध कराएं। यदि किसी परिवार के सदस्यों में कोरोना का लक्षण मिलता है तो उनकी जांच कर हर संभव मदद की जाएगी। उन्होंने क्षेत्रवासियों से अपील की

है कि वे अपने परिवार के सभी सदस्यों के स्वास्थ्य की बिल्कुल सही जानकारी प्रेषित करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि आगे की रणनीति क्या होना चाहिए और लोगों तक समय रहते उचित उपचार व मदद कैसे किया पहुंचाया जाए? इसके लिए उन्होंने एक लिंक vikas-upadhyay.enitakaran.com भी तैयार कराया है, जिसमें क्षेत्र के नागरिक अपने-अपने परिवार के स्वास्थ्य की सटीक जानकारी प्रेषित कर सकते हैं। विधायक श्री उपाध्याय ने क्षेत्रवासियों से अपील की है कि वे इस लिंक का उपयोग कर जल्द से जल्द अपने परिवार के सदस्यों की स्वास्थ्य जानकारी साझा करें।

कोरोना के मरीजों के इलाज के लिए रामकृष्ण केयर ने भी की तैयारी

रायपुर। कोरोना संक्रमण को रोकने तथा पीड़ित मरीजों के उपचार के लिए राजधानी के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल ने भी विशेष तैयारी की है। 3 लेवल स्क्रीनिंग हॉस्पिटल में प्रवेश करने वाले सभी लोगों के लिए 3 लेवल स्क्रीनिंग की सुविधा रखी गई है। जिसमे मरीज, अटेंडर और हॉस्पिटल के कर्मचारी शामिल है। हॉस्पिटल के प्रवेश द्वार में ही कोरोना स्कैनिंग प्रश्नावाली, टेम्परेचर चेक और सेनिटाइजर रखा गया है। इसके बाद ही लोगों को प्रवेश दिया जा रहा है।

आइसोलेशन वार्ड कोविड 19 संक्रमण होने की आशंका वाले सभी लोगों के लिए आइसोलेशन की सुविधा उपलब्ध है। व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण कर्मचारियों, मरीज़ों और अटेंडर के लिए मास्क, दस्ताने आदि उपयोग के लिए पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।डॉक्टर्स और टीम के साथ स्टॉफकी सुरक्षा का भी पूरा ध्यान रखा जा रहा है। इस के लिए उन्हें बॉडी कवर, मास्क, चश्मे, सेनिटाइजर आदि उपलब्ध कराया गया है। संक्रमण रोकथाम नीतियां हॉस्पिटल में संक्रमण रोकथाम के लिए विशेष नीतियां बनाई गई है,जिनका नियमित रूप से पालन एवं पुर्नमूल्यांकन किया जा रहा है।प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया है। आउट एवं इन पेशेंट्स दोनों क्षेत्रो में मरीजो के साथ आने वाले परिजनों के प्रवेश पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया है। विशेष शिक्षा सत्र संक्रमण रोकथाम और अलगाव के तकनिकों पर जानकारी देने हेतु कर्मचारियों और मरीज़ों के किए नियमित रूप से विशेष शिक्षा सत्र आयोजित किए जा रहे है। कोरोना काउंसलिंग नंबर हॉस्पिटल द्वारा 7470900900 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है जिसमे लोग कोरोना से जुड़े कुछ भी सवाल कर सकते है हॉस्पिटल के डॉक्टर्स 24*7 जवाब देने के लिए उपलब्ध रहेंगे। आपातकालीन चिकितसा अस्पताल सभी प्रकार के आपातकालीन एवम असाध्य रोगों जैसे हार्ट अटैक, स्ट्रोक, लकवा, तेज़ बुखार आदि के इलाज के लिए 24*7 प्रतिबद्ध है। निःशुल्क एम्बुलेंस सेवाएं किसी भी मेडिकल इमरजेंसी एवं असाध्य रोगों के लिए रायपुर में निशुल्क एम्बुलेंस सेवाएं उपलब्ध है। ऑनलाइन ओपीडी वीडियो परामर्श लोग घर से बहार नही निकल पा रहे है इसलिए हॉस्पिटल द्वारा ऑनलाइन ओपीडी वीडियो परामर्श सेवा शुरू किया गया जिसमे लोग घर बैठे वीडियो द्वारा डॉक्टर से परामर्श ले सकते है।

जरूरी सेवाओं के लिए सेवा प्रदाता कर रहे ई-पास का उपयोग

- ■ घर बैठे लिंक या क्यूआर कोड स्कैन कर सेवा प्रदाता ले सकते हैं इस सुविधा का लाभ
- ■ ई-पास बैंक कर्मियों, दूध, फल, दवा, अनाज की दुकानों, पेट्रोल पंप जैसी 22 सेवाओं के लिए उपयोगी

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। जिला प्रशासन द्वारा रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड और नगर निगम रायपुर के सहयोग से अति आवश्यक सेवा प्रदाताओं के लिए बनाए गए सी.जी. कोविड-19 ई-पास एंड्रॉयड एप्प से रायपुर शहर के भीतर सहित छत्तीसगढ़ के अन्य शहरों और जिलों में आने जाने के लिए आवश्यक प्रशासनिक स्वीकृति सरलता से मिलनी प्रारंभ हो गई है। इस एप्प के माध्यम से 22 प्रकार की आवश्यक सेवाओं में लगे सेवा प्रदाताओं को यह सुविधा मिल रही है।

इस संबंध में कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन ने बताया कि इस महत्वपूर्ण एप्प के जरिए अति आवश्यक सेवा में लगे व्यावसायियों, सेवकों को विगत 3 अप्रैल से यह सुविधा प्राप्त हो रही है। इसकी अनुमति की पूरी प्रक्रिया सरल है और इसके लिए लिंक पर जाकर कोविड-19 ई-पास एप्प डाउनलोड किया जा सकता है। इस लिंक या क्यूआर कोड को स्कैन कर सेवा प्रदाता अपना ऑनलाइन फॅार्म पुलिस विभाग के अनुमति के लिए प्रस्तुत कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि आवेदन के साथ आधार कार्ड एवं वाहन का नंबर दर्ज कराना जरूरी है। इसके अलावा आवेदक को अपना फोटो व पहचान पत्र व सेवा प्रदाता प्रमाण भी अपलोड करना होगा। पूर्ण रूप से भरे हुए फार्म को ऑनलाइन पुलिस विभाग को प्रेषित किए जाने की व्यवस्था भी इस एप्प में है। अनुमति उपरांत आवेदन रायपुर के किसी भी क्षेत्र तथा छत्तीसगढ़ के सभी जिलों में आ-जा सकेंगे। यह ई-पास बैंक कर्मियों, दूध, फल, दवा, अनाज की दुकानों, पेट्रोल पंप जैसी 22 सेवाओं के लिए उपयोगी है। ऐसे सेवा प्रदाताओं से कहा गया है कि अनिवार्य सेवाओं के लिए आने-जाने के लिए इस ई-पास के माध्यम से दी जा रही सुविधा का लाभ उठाएं।

परिवार | भाजपा कार्यकर्ताओं ने 6 अप्रैल के ऐतिहासिक दिन को बनाया यादगार

भाजपा के स्थापना दिवस पर रमन सिंह ने फहराया झण्डा

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस पर आज अपने निवास स्थल पर पार्टी का झंडा फहराया। डा. सिंह ने इस अवसर पर कहा कि 6 अप्रैल का दिन भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए ऐतिहासिक दिन होता है। आज के दिन भाजपा की स्थापना समुद्र के किनारे बॉम्बे में हुई थी। उस आयोजन का मैं गवाह हूं, जिसमे अटल बिहारी वाजपेयी को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया था। उस दौरान उनका कहे गए भाषण 'अंधेरा छटेगा कमल खिलेगा' को 40 साल हो गए जिसे सुन हम सब काफी रोमांचित थे।

उन्होंने कहा कि आज जनसंघ के संस्थापक श्यामाप्रसाद मुखर्जी को याद करते हैं। उनका बनाया हुआ कार्य और सपना आज सच हो रहा है,

सौदान सिंह ने फहराया झण्डा।

भाजपा सांसद सुनील सोनी ने दिखाया भाजपा का झण्डा

जिन्होंने इस पार्टी को जन-जन तक पहुंचाया।

डॉ रमन सिंह ने कहा कि एम्स अटल और सुषमा स्वराज का सपना था। कोरोना के खिलाफ इस जंग में जहां हम सफल हो रहे, उसमें एम्स और उनकी टीम का बड़ा योगदान है, जिनके लिए मैं धन्यवाद देता हूं। डा. सिंह ने कहा कि इस राष्ट्रीय आपदा से लड़ने आज से हम फंड कलेक्शन करेंगे।

नेता प्रतिपक्ष कौशिक ने किया ध्वजारोहण

नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने भाजपा के 40 वां स्थापना दिवस के अवसर पर अपने बिल्हा स्थित निवास में ध्वजारोहण किया। श्री कौशिक ने कहा कि पार्टी के स्थापना काल से अब तक विचारों को जो विस्तार हुआ है हम इसी के माध्यम से समाज जीवन में अंत्योदय की स्थापना के लिए जुटे हुए हैं। वर्तमान में हमारे सामने एक वैश्विक महामारी का चुनौति है। जिसे परास्त करना ही हमारा लक्ष्य और आज के दिन में इस संकल्प को मजबूत करने की जरूरत है।

कोविड-19 के खिलाफ समाजसेवी देवेन्द्र प्रताप सिंह बुहाना का योगदान जारी है

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। ज़रूरतमंदों की तहेदिल से मदद करना,पर्यावरण के प्रति हमेशा सजग और सचेत रहना, साथ ही पशु पक्षियों और प्रकृति के संरक्षण में हमेशा अपना योगदान देना,यह पहचान है समाज सेवी देवेन्द्र प्रतापसिंह बुहाना की। सभी जानते हैं इस समय सम्पूर्ण विश्व कोरोना वायरस जन्य महामारी से जूझ रहा है ।इस कारण बहुत से समाजसेवी और सामाजिक संगठन स्वेच्छा से अपना सहयोग दे रहे हैं, इसी कड़ी में श्री देवेन्द्र प्रतापसिंह बुहाना और उनकी टीम भी लॉकडाउन के दिन से ही इमरजेंसी ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मियों को सुरक्षा के लिये सेनेटाइजर्स प्रदान कर रहे हैं ।उनका मानना है कि इस माहमारी की जंग को हम सब को मिल कर लड़ना है ।सावधानी और सतर्कता से देश ये जंग जरूर जीतेगा ।श्रीबुहाना ने जनता से अपील करते हुए कहा कि फ़्लिहाल कोरोना से जंग के लिए सबसे जरूरी है सोशलडिस्टेंसिंग,

सभी लोग अपने घर पर ही सुरक्षित रहे ,अपनी सुरक्षा के लिए मास्क और सेनेटाइज़र का प्रयोग जरूर करें । उन्होंने इस जंग में रात दिन लोगो की सेवा के लिए तैनात डॉक्टर , नर्स , स्वास्थ्य कर्मचारियों और पुलिस के जवानों की तारीफ करते हुए कहा कि ये सभी लोग देश हित में अपनी जान की परवाह किये बिना रात दिन काम कर रहे है, देश के ज़िम्मेदार नागरिक होने के नाते हमारा भी फर्ज बनता है कि हम सब इनका सम्मान करें और इनका ध्यान रखें ।श्री बुहाना और उनकी टीम, ज़रूरतमंदों और पुलिस के जवानों को अपनी सेवाएं निरंतर दे रहे हैं और संकट की इस घड़ी में मददगार बन कर लोगों तक मदद पहुँचा रहे हैं ।

संपादकीय

एकता ही भारत की ताकत

वैश्विक महामारी कोरोना के खिलाफ जंग में भारत के प्रयासों की सारी दुनिया तारिफ कर रही है। इस जंग में भारत को जो भी सफलता मिल रही है। उसके पिछे हमारी एकता ही है। एकजुट होकर ही हम कोरोना के खिलाफ लड़ाई में जीत हासिल करने में सफल होंगे। भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान पर एक दिन जनता कर्फ्यू लगा था जो पूरी तरह सफल रहा। उसके बाद उन्होंने कोरोना योद्धाओं के सम्मान में लोगों से ताली और थाली बजाने की अपील की थी। उसमें भी पूरा देश एक जुट रहा और सभी ने कोरोना योद्धाओं का सम्मान किया। इसके बाद पीएम मोदी ने लोगों से पांच अप्रैल को रात्रि 9 बजे 9 मीनट के लिए अपने घरों की बत्ती बुझाकर दीपक या मोमबत्ती जलाने अपील की थी। वह भी पूर्णतः सफल रही। सभी लोगों ने दीया और मोमबत्ती जलकार सारी दुनिया को यह संदेश दिया कि इस मुश्किल घड़ी में कोई अकेला नहीं है। हम सब एक साथ है। यद्यपि कुछ लोगों ने अति उत्साह में आकर पटाखें भी फोड़े जो नहीं करना चाहिए था। बहरहाल यह साबित हो गया है कि कोरोना के खिलाफ जंग में पूरा भारत एक है और हम सब कोरोना को हराने के लिए संकल्पीत है। यह ठीक है कि विश्व के अन्य देशों के मुकाबले भारत की स्थिति अपेक्षाकृत कुछ बेहतर है लेकिन खतरा अभी टला नहीं है। देश में कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अब तक कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या चार हजार से अधिक हो चूंकि है। कोरोना ग्रसित लोगों की मौत का आंकड़ा भी बढ़ता जा रहा है। जो चिंता का विषय है। सरकार इस संकट से निपटने हर संभव कोशिश कर रही है। देशवासी भी सरकार के दिशा निर्देशों का पालन कर रहे हैं और लॉकडाउन को सफल बनाने में योगदान दे रहे हैं। यद्यपि कुछ लोग अभी भी लॉकडाउन का उल्लंघन कर रहे हैं। ऐसे लोगों के खिलाफ पुलिस उचित कार्रवाई भी कर रही है। हम सब देशवासियों को चाहिए कि लॉकडाउन का पुरी ईमानदारी से पालन करें और अपने घरों में ही रहे। लॉकडाउन को सफल बनाकर और सामाजिक दुरी बनाकर ही हम इस चुनौती से निपट सकेंगे। भारत ने कोरोना से निपटने के लिए समय रहते जो भी ऐहतियाती कदम उठाए है उसकी सारी दुनिया प्रशंसा कर रही है। यहां तक की विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी एक बार नहीं बल्कि तीन बार भारत के प्रयासों को सराहा है। आज स्थिति यह है कि विश्व की महाशक्ति अमेरिका भी कोरोना से निपटने के लिए भारत से मदद मांग रहा है। यह हम सब के लिए गर्व की बात है कि भारत विश्व गुरू की भूमिका में नजर आ रहा है। भारत की असली ताकत हम भारतवासियों की एकता ही है और इसे हमें बनाए रखना है। अफवाहों पर ध्यान नहीं देना है और ऐसा कोई काम नहीं करना है जिससे हमारी एकता कमजोर पड़े। यदि हम एकजुट रहे तो कोरोना को हराने में और सारी दुनिया को नई राह दिखाने में हम जरूर कामयाब होंगे।

विज्ञान नहीं आध्यात्म से जीतता भारत

डॉ. नीलम महेंद्र

तब्लीगी जमात के मौलाना साद का वो वीडियो पूरे देश ने सुना जिसमें वो तब्लीगी जमात के लोगों को कोरोना महामारी के विषय में अपना विशेष ज्ञान बाँट रहे थे। दरअसल किसी समुदाय विशेष के ऐसे ठेकेदार अपने राजनैतिक हित साधने के लिए लोगों का फायदा उठाते हैं। काश ये लोग समझ पाते कि इनके कंधो पर देश की नहीं तो कम से कम अपनी कौम की तो जिम्मेदारी है। कम पढ़े लिखे लोगों की अज्ञानता का फायदा उठाकर उनको ऐसी हरकतों के लिए उकसा कर ये देश का नुकसान तो बाद में करते हैं पहले अपनी कौम और अपनी पहचान का करते हैं। उन्हें समझना चाहिए कि आज मोबाइल फोन और सोशल मीडिया का जमाना है और जमाना बदल रहा है। सच्चाई वीडियो सहित बेनकाब हो जाती है। शायद इसलिए उसी समुदाय के लोग खुद को तब्लीगी जमात से अलग करने और उनकी हरकतों पर लानत देने वालों में सबसे आगे थे। सरकारें भी ठोस कदम उठा रही हैं। यही आवश्यक भी है कि ऐसे लोगों का उन्हीं की कौम में सामाजिक बहिष्कार हो साथ ही उन पर कानूनी शिकंजा कसे ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनावृत्ति रुके। इन घटनाओं पर सख्ती से तुरंत अंकुश लगना बेहद जरूरी है क्योंकि वर्तमान परिस्थितियों में हमने देखा कि तब्लीगी जमात की सरकारी आदेशों की नाफरमानी से कैसे हम एक जीतती हुई लड़ाई हारने की कगार पर पहुंच गए।

मानव ही मानव का दुश्मन बन जाएगा किसने सोचा था ऐसा दौर भी आएगा। जो धर्म मनुष्य को मानवता की राह दिखाता था, उसकी आड़ में ही मनुष्य को हैवान बनाया जाएगा। इंसानियत को शर्मशार करने खुद इन्सान ही आगे आएगा किसने सोचा था कि वक्त इतना बदल जाएगा।

शक्ति कोई भी हो दिशाहीन हो जाए तो विनाशकारी ही होती है लेकिन यदि उसे सही दिशा दी जाए तो सृजनकारी सिद्ध होती है। शायद इसीलिए प्रधानमंत्री ने 5 अप्रैल को सभी देशवासियों से एकसाथ दीपक जलाने का आह्वन किया जिसे पूरे देशवासियों का भरपूर समर्थन भी मिला।। जो लोग कोरोना से भारत की लड़ाई में प्रधानमंत्री के इस कदम का वैज्ञानिक उत्तर खोजने में लगे हैं वे निराश हो सकते हैं क्योंकि विज्ञान के पास आज भी अनेक प्रश्नों के उत्तर नहीं हैं। हाँ लेकिन संभव है कि दीपक की लौ से निकलने वाली ऊर्जा देश के 130 करोड़ लोगों की ऊर्जा को एक सकारात्मक शक्ति का वो आध्यात्मिक बल प्रदान करे जो इस वैश्विक आपदा से निकलने में भारत को संबल दे। क्योंकि संकट के इस समय भारत जैसे अपार जनसंख्या लेकिन सीमित संसाधनों वाले देश की अगर कोई सबसे बड़ी शक्ति, सबसे बड़ा हथियार है जो कोरोना जैसी महामारी से लड़ सकता है तो वो है हमारी ÷एकता÷। और इसी एकता के दम पर हम जीत भी रहे थे। विश्व स्वास्थ्य संगठन के विशेष दूत डॉ डेविड नाबरो ने भी अपने ताज़ा बयान में कहा कि भारत में लॉक डाउन को जल्दी लागू करना एक दूरदर्शी सोच थी,साथ ही यह सरकार का एक साहसिक फैसला था। इस फैसले से भारत को कोरोना वायरस के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ने का मौका मिला।

लेकिन जब भारत में सबकुछ सही चल रहा था, जब इटली, ब्रिटेन, स्पेन, अमेरिका जैसे विकसित एवं समृद्ध वैश्विक शक्तियाँ कोरोना के आगे घुटने टेक चुकी थीं, जब विश्व की आर्थिक शक्तियाँ अपने यहाँ कोविड 19 से होने वाली मौतों को रोकने में बेबस नज़र आ रही थीं, तब 130 करोड़ की आबादी वाले इस देश में कोरोना संक्रमित लोगों की संख्या लगभग 500 के आसपास थी और इस बीमारी के चलते मरने वालों की संख्या 20 से भी कम थी, तो अचानक तब्लीगी मरकज़ की लापरवाही सामने आती है जो केंद्र और राज्य सरकारों के निर्देशों की धज्जियाँ उड़ाते हुए निज़ामुद्दीन की मस्जिद में 3500 से ज्यादा लोगों के साथ एक सामूहिक कार्यक्रम का आयोजन करती है। 16 मार्च को दिल्ली के मुख्यमंत्री 50 से ज्यादा लोगों के इकट्ठा होने पर प्रतिबंध लगाते हैं, 22 मार्च को प्रधानमंत्री जनता कर्फ्यू की अपील करते हुए कोरोना की रोकथाम के लिए सोशल डिस्टनसिंग का महत्व बताते हैं लेकिन मार्च के आखरी सप्ताह तक इस मस्जिद में 2500 से भी ज्यादा लोग सरकारी आदेशों का मख़ौल उड़ाते इकट्ठा रहते हुए पाए जाते हैं। सरकारी सूत्रों के अनुसार मस्जिद को खाली कराने के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल को सामने आना पड़ा था क्योंकि ये स्थानीय प्रशासन की नहीं सुन रहे थे। पूरे देश के लिए यह दृश्य दुर्भाग्यजनक था जब सरकार और प्रशासन इनके आगे बेबस नज़र आया। और अब जब इन लोगों की जांच की जा रही है तो अबतक इनमें से 300 से अधिक कोरोना से संक्रमित पाए गए हैं और बाकी में से कितने संक्रमित होंगे उनकी तलाश जारी है। जो खबरें सामने आ रही हैं वो केवल निराशाजनक ही नहीं शर्मनाक भी हैं क्योंकि इस मकरज़ की वजह से इस महामारी ने हमारे देश के कश्मीर से लेकर अंडमान तक अपने पैर पसार लिए हैं। देश में कोविड 19 का आंकड़ा अब चार दिन के भीतर ही 3000 को पार कर चुका है, 75 लोगों की इस बीमारी के चलते जान जा चुकी है और इस तब्लीगी जमात की मरकज़ से निकलने वाले लोगों के जरिए देश के 17 राज्यों में कोरोना महामारी अपनी दस्तक दे चुकी है। देश में पहली बार एक ही दिन में कोरोना के 600 से ऊपर नए मामले दर्ज किए गए। बात केवल इतनी ही होती तो उसे अज्ञानता नादानी या लापरवाही कहा जा सकता था लेकिन जब इलाज करने वाले डॉक्टरों, पैरा मेडिकल स्टाफ और पुलिसकर्मियों पर पत्थरों से हमला किया जाता है या फिर उन पर थूका जाता है जबकि यह पता हो कि यह बीमारी इसी के जरिए फैलती है या फिर महिला डॉक्टरों और नरसों के साथ अश्लील हरकतें करने की खबरें सामने आती हैं तो प्रश्न केवल इरादों का नहीं रह जाता। ऐसे आचरण से सवाल उठते हैं सोच पर, परवरिश पर, नैतिकता पर, सामाजिक मूल्यों पर, मानवीय संवेदनाओं पर। किंतु इन सवालों से पहले सवाल तो ऐसे पशुवत आचरण करने वाले लोगों के इंसान होने पर ही लगता है। क्योंकि आइसोलेशन वार्ड में इनकी गुंडागर्दी करती हुई तस्वीरें कैद होती हैं तो कहीं फलों, सब्ज़ियों और नोटों पर इनके थूक लगाते हुए वीडियो वायरल होते हैं। ये कैसा व्यवहार है? ये कौन सी सोच है? ये कौन से लोग हैं जो किसी अनुशासन को नहीं मानना चाहते? ये किसी नियम किसी कानून किसी सरकारी आदेश को नहीं मानते। अगर मानते हैं तो फतवे मानते हैं। जो लोग कुछ समय पहले तक संविधान बचाने की लड़ाई लड़ रहे थे वो आज संविधान की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं। पूरा देश लॉक डाउन का पालन करता है लेकिन इनसे सोशल डिस्टनसिंग की उम्मीद करते ही पत्थरबाजी और गुंडागर्दी हो जाती है। लेकिन ऐसा खेदजनक व्यवहार करते वक्त ये लोग भूल जाते हैं कि इन हरक़तों से ये अगर किसी को सबसे अधिक नुकसान पहुंचा रहे हैं तो खुद को और अपनी पहचान को। चंद मुट्ठी भर लोगों की वजह से पूरी कौम बदनाम हो जाती है। कुछ जाहिल लोग पूरी जमात को जिल्लत का एहसास करा देते हैं।

(लेखिका वरिष्ठ स्तंभकार है)(यह लेखक के अपने विचार है।)

विचार

कोरोनाः सरकारें अपना मौन तोड़ें

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

कोरोना-युद्ध में केंद्र और दिल्ली की सरकार को उसी सख्ती का परिचय देना चाहिए था, जो इंदिरा गांधी ने 1984 में पंजाब में दिया था। दो हफ्ते तक मरकजे-तबलीगी जमात के जमावड़े को वह क्यों बर्दाश्त करती रही ? अब उसका नतीजा सारा देश भुगत रहा है। मेरा अनुमान था कि देश की यह तालाबंदी दो हफ्ते से ज्यादा नहीं चलेगी। भारत में कोरोना के पिट जाने के कई कारण मैं गिनाता रहा हूं। अब भी कोरोना का हमला भारत में उतना विध्वसंक नहीं हुआ है, जितना कि वह यूरोप और अमेरिका में हो गया है। तबलीगी जमावड़े पर हमारी सरकारों का मौन तो आश्चर्यजनक है ही, उससे भी ज्यादा हैरतअंगेज हमारे नेताओं, अफसरों और डाक्टरों की मानसिक गुलामी है। क्या वजह है कि हमारे देश के टीवी चैनल कोरोना से लड़ने के लिए आयुर्वेद के घरेलू नुस्खों, आसन-प्राणायाम और रोजमर्रा के परहेजों का जिक्र तक नहीं कर रहे हैं? इन्हीं की वजह से तो भारत में कोरोना लंगड़ा रहा है। हम कितने दयनीय हैं कि हम अपनी छिपी हुई ताकत को ही नहीं पहचान रहे हैं। मुझे खुशी है कि मानव-शरीर की प्रतिरोध-शक्ति बढ़ानेवाले इन नुस्खों और आसन-प्राणायाम का प्रचार देश के कुछ प्रमुख हिंदी अखबार कर रहे हैं। अपने आपको राष्ट्रवादी कहनेवाले हमारे नेता अपनी इस राष्ट्रीय धरोहर के बारे में मौन क्यों साधे हुए हैं ? उनमें आत्मविश्वास की इस कमी को देखकर मुझे उन पर तरस आता है। उन्होंने क्या देखा नहीं कि उनकी 'नमस्ते' सारी दुनिया में कैसे लोकप्रिय हो गई ? यह सुनहरा मौका था, जबकि वे सारी दुनिया को भारत की इस महान चिकित्सा-पद्धति से लाभान्वित करते ! यह ठीक है कि कोरोना का पक्का इलाज इस पद्धति के पास नहीं है लेकिन वह एलोपेथी के पास भी नहीं है। एलोपेथी के उपकरणों, अस्पतालों और दवाओं पर अरबों रु. लुटाने के साथ-साथ यदि भारत सरकार अपनी 'परंपरागत पेथी' पर थोड़ा भी ध्यान देती तो दक्षिण और मध्य एशिया के दर्जन भर राष्ट्रों के डेढ़ अरब लोगों को कोरोना से लड़ने में बड़ी मदद मिलती। प्रधानमंत्री चाहें तो अपने राष्ट्रीय संबोधन में अब भी इस पर जोर दे सकते हैं। मैं राष्ट्रपति एवं राज्यपालों और सभी मुख्यमंत्रियों से आशा करता हूं कि कम से कम वे इस मुद्दे पर ध्यान देंगे।

लॉकडाउन ही देश को इस विपदा से बचाएगा

राजेश माहेश्वरी

चिकित्सकों और अंतरराष्ट्रीय शोध के मुताबिक, अभी 10 अप्रैल तक का समय बेहद नाजुक है। संक्रमण के मामले बढ़ सकते हैं, लिहाजा मौतों के सिलसिले भी नहीं थमेंगे। अलबत्ता भारत में कोरोना वायरस की बढ़ोतरी गति और दर लगातार कम हो रही हैं। यानी कोरोना का प्रभाव कम होता दिखाई दे रहा है, लेकिन संक्रमण के समापन के फिलहाल कोई संकेत नहीं हैं। सरकार की ओर से यह संदेश आ चुका है कि लॉकडाउन 14 अप्रैल से आगे बढ़ाने का फिलहाल विचार नहीं है। इस संबंध में तमाम खबरें अफवाह ही हैं। यह सभी क्षेत्रों के विशेषज्ञों और चिकित्सकों का भी मानना है कि देश में लॉकडाउन लंबे समय तक संभव नहीं है, क्योंकि उसके नकारात्मक असर चैतरफा हैं। यदि 10 अप्रैल तक कोरोना के विस्तार और विकास के संकेत अनुमानों के मुताबिक मिलते हैं, तो लॉकडाउन में ढील देकर भी एक अनुशासन बनाए रखा जा सकता है।

कोरोना वायरस से बचाव के लिए सरकार ने 21 दिनों के लॉकडान की घोषणा की है। भारत की स्थिति का विश्लेषण करें, तो लगता है मानो ईश्वर की कृपा हमारे देश पर है! लगभग 138 करोड़ की आबादी वाले देश में संक्रमित लोगों की संख्या 1347 पार ही हुई है। मृत्यु का औसत भी 2-3 प्रतिदिन ही है। ताजा आंकड़ों के अनुसार 39 मरीजों ने ही दम तोड़ा था। बेशक एक-एक देशवासी की जिंदगी बहुमूल्य है, लेकिन आपदा के दौर में मौत के आंकड़े गिनना भी अनिवार्य है, ताकि नुकसान का सही आकलन किया जा सके। बहरहाल इन आंकड़ों पर आश्वस्त नहीं हुआ जा सकता, लेकिन विश्व परिदृश्य में ये काफी तसल्ली देते हैं। वहीं दूसरी ओर अमरीका, स्पेन, इटली, ब्रिटेन और फ्रांस सरीखे विकसित देशों में कोरोना का विकास-चक्र कम नहीं हो पा रहा है, थमने की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती। इटली की सरकार ने तो इस आपदा के सामने हाथ ही खड़े कर दिये हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार यदि कोरोना की बढ़ोतरी दर शुरुआती दौर वाली ही होती और भारत में लॉकडाउन लागू न किया जाता, तो संक्रमितों की संख्या करीब 1700 होती ! भारत में कोरोना से बीमार लोगों के ठीक होने की संख्या भी अच्छी है। अभी तक 102 मरीज स्वस्थ भी हुए हैं और अधिकतर घर लौट चुके हैं। अमरीका, ब्रिटेन, इटली, स्पेन आदि देशों में संक्रमण की दर अब भी भयावह स्तर पर है। बहरहाल कोरोना के संदर्भ में इलाज, देखभाल और क्वारंटीन में रखना आदि महत्वपूर्ण है, लेकिन लॉकडाउन ने भी सकारात्मक भूमिका निभाई है। लेकिन जिस तरह लॉक डाउन के नियमों को तोड़ा और भंग करने की कोशिशें की जा रही हैं उससे ऐसा लगता है देशवासी इस लॉकडाउन की गम्भीरता को नहीं समझ रहे हैं।

पिछले दिनों जिस तरह के दृश्य दिल्ली में दिखाई दिये वो हैरान करने वाले थे। दिल्ली में उमड़ी भीड़ ने सरकार व प्रशासन की मुसीबतें बढ़ाने का ही काम किया। वो तो अच्छा रहा कि यूपी सरकार ने दरियादिली दिखाई और परेशान नागरिकों को उनके गंतव्य तक पहुंचाने के साथ-साथ, खाने, चिकित्सा आदि का भी प्रबंध किया। अस्पतालों के अलावा दूसरी जगहों पर भी संदिग्धों को कोरोनटाइन करने के इंतजाम किये जा रहे हैं। खाली पड़े शासकीय भवन, छात्रावास, होटल, रेल के डिब्बे आदि का उपयोग करने की तैयारी से बिस्तरों की समस्या हल होने की उम्मीद बढ़ी है। बीते तीन-चार दिनों से प्रवासी मजदूरों के पलायन की वजह से जरूर खतरा बढ़ गया था लेकिन केंद्र तथा राज्य सरकारों ने स्थिति को सँभालने पर पूरा जोर लगाया जिससे हालात धीरे-धीरे ही सही किन्तु काबू में आ रहे है। पैदल अपने गावों को लौट पड़े गरीबों को रास्ते में भोजन और आश्रय के साथ उनके गंतव्य तक पहुँचाने के इंतजाम भी सरकारी और गैर सरकारी स्तर पर चल रहे हैं। देश भर से जो खबरें आ रही हैं उनसे पता चलता है कि समाज भी अपनी रचनात्मक भूमिका का निर्वहन पूरी ईमानदारी और जिम्मेदारी से कर रहा है। बड़े और छोटे शहरों में गरीबों और बेरोजगार हुए श्रमिकों को भोजन प्रदान करने का काम भी जमकर चल रहा है। ये एक अच्छा संकेत है। चारों तरफ मंडराते मौत के खतरे के बीच लोग अपनी परेशानी भूलकर जरुरतमंदों की सहायता के लिए आगे आकर पूरी दुनिया को ये सन्देश दे रहे हैं कि भारत में मानवीय संवेदनाएं गहराई तक समाई हुई हैं। इस कारण शासन-प्रशासन का भी हौसला बुलंद हुआ है।

बड़े उद्योगपतियों के अलावा, फिल्म अभिनेताओं, खिलाडियों, कुमार विश्वास जैसे साहित्कारों, धार्मिक न्यासों, कर्मचारियों, राजनेताओं सहित समाज के हर वर्ग ने आर्थिक सहयोग देकर राहत एवं बचाव कार्यों में सहयोग हेतु हाथ आगे बढ़ाया है। किसी भी आपदा से लडने के लिए समाज की संगठित शक्ति की बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।

प्रारंभ में तो लोगों को लगा कोरोना भारत में नहीं आयेगा। लेकिन ज्यों-ज्यों इसके मरीज सामने आने लगे त्यों-त्यों लोग सतर्क हुए लेकिन फिर भी बेपरवाही बनी रही। खास तौर पर विदेशों से लौटे लोगों ने निर्देशों की अवहेलना करने की उपेक्षा की जिससे संक्रमण फैला। उसी के बाद देश में पूरी तरह लॉक डाउन करना पडा। लेकिन उसके प्रति भी अपेक्षित गम्भीरता नहीं बरती गयी। जिसके बाद गत दिवस प्रधान मंत्री ने मन की बात में लोगों से लॉक डाउन के लिए क्षमा मांगते हुए ये स्पष्ट कर दिया कि अब और कड़ाई बरती जायेगी।

ताजा मामला दिल्ली के निजामुद्दीन स्थित तब्लीगी जमात के मरकज यानी इस्लामिक धार्मिक आयोजन केंद्र में कोरोनावायरस संक्रमण का सबसे बड़ा मामला सामने आया है। मरकज बिल्डिंग में मौजूद 24 लोग पॉजिटिव निकले हैं। अब तक 334 लोगों को अस्पताल में शिफ्ट किया गया है। वहीं, 700 लोगों को क्वारैंटाइन किया गया है। निजामुद्दीन का यह मरकज इस्लामी शिक्षा का दुनिया में सबसे बड़ा केंद्र है। यहां कई देशों के लोग आते रहते हैं। यहां तब्लीगी जमात के मरकज में 1 से 15 मार्च तक 5 हजार से ज्यादा लोग आए थे। इनमें इंडोनेशिया, मलेशिया और थाईलैंड के लोग भी शामिल थे। 22 मार्च को लॉकडाउन की घोषणा के बाद भी यहां 2 हजार लोग ठहरे हुए थे। इनमें से 300 से ज्यादा लोगों के कोरोना संक्रमित होने की आशंका है। इन्हें सर्दी, खांसी और जुकाम की शिकायत है। खबर तो यह भी है कि मरकज से लोग देशभर में गये हैं, ऐसे में आशंका इस बात की भी है कि देश के कई राज्यों में वायरस का प्रकोप फैल सकता है। (लेखक राज्य मुख्यालय पर मान्यता प्राप्त स्वतंत्र पत्रकार हैं।)

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

अगर मृत्यु का भय हो तो रावण जैसा

अगर मृत्यु का भय हो तो रावण जैसा त्रिलोक विजयी भी सीता का बलात्कार तो दूर छू भी नही सका। जबकि एक साल सीता जी अशोक वाटिका में थी। तो कलयुग में भी ये भय होना जरूरी है।

संध्या चतुर्वेदी

आजकल खुली हवाओं से डर लगने लगा

आजकल खुली हवाओं से डर लगने लगा है, एकांत से डरते नहीं भीड़ से डर लगने लगा है, भय ने जो पैर पसारा सहमे-सहमे रहते हैं सब-मानव को मानव से मिलने से डर लगने लगा है ।

पूनम झा

ख़ास पाती | देह मात्रा आवरण है आत्मा का

देह मात्रा आवरण है आत्मा का किंतु स्त्री देह ही है कारण उसके आत्मा के रुदन का स्त्री का प्रेम एक खोज हैं शाश्वत सत्य का मानवता का आस्था का ईश्वर का मोक्ष का किंतु स्त्री देह ही बाधक है उसके समस्त वैचारिक, मानसिक और आध्यात्मिक आकांक्षाओं का।

अर्पणा संत सिंह

दबा कर ये जज़्बात कहा रक्खे

दबा कर ये जज़्बात कहा रक्खे इतनी एहतियात कहा रक्खे। कुछ भी कहने में तलातुम होता है यूँ कोई अपनी बात कहा रक्खे। तुम्हारी अपनी दुश्वारियां नही जाती हम अपने सवालात कहा रक्खे। मैं अपने मिज़ाज़ से आजिज़ हूँ। तेरे नाज़-ओ-नखरात कहां रक्खे। कान तरसते है कोई हमसे ये कहें तुमसे मिलना है मुलाकात कहाँ रक्खे। चले थे रिश्ते बनाने, बिसात बना बैठे अब ये शह और मात कहां रक्खे तेरे ही शहर में दिन भर तुझे ढूंढा है अब थकी हुई सी ये रात कहा रक्खे।

कुलदीप वर्मा

ये बुरे दिन है तो अच्छे भी आयेंगे

ये बुरे दिन है तो अच्छे भी आयेंगे शहर से गांव बच्चे भी आयेंगे सफर पर मौत निकली है दोस्तों कफ़न के लिए गुलदस्ते भी आयेंगे खुशियां बटोर लो जितनी भी बटोरो कुछ तो गम के हिस्से भी आयेंगे वक्त ने कब दिया किसी का साथ तुफानो में खुशी के गुच्छे भी आयेंगे दिल का दरवाजा खुला मत रखों दिनेश। कुछ अच्छे तो कुछ लुच्चे भी आयेंगे।

आचार्य दिनेश भोपाली

आप रामायण महाभारत का प्रसारण

आप रामायण महाभारत का प्रसारण देख रहे है टीवी पर तो देख कर बताइए, क्या दशरथ के मरने के बाद कौशल्या, कैकई, सुमित्रा और पांडु के मरने के बाद कुंती, मद्री सती हुई क्या ? तो सती प्रथा का ज़िम्मेदार सनातन धर्म कैसे? सती प्रथा मुगलों के आतंक के कारण शुरू हुई।। **सीमा राय द्विवेदी**

कल दीप के साथ पटाखे फुटने

कल दीप के साथ पटाखे फुटने से उन लोगों को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए जो मोदी जी के समर्थकों को भक्त कहते हैं क्योंकि भक्तों की इस देश में अलग परंपरा रही है, भगवान राम ने हनुमान जी से बस संजीवनी बूटी लाने को कहा था और वो पूरा पहाड़ उठाकर ले आए थे। **अमित अम्बष्ट**

कल जिज्ञासा हुई देखने की क्या

कल जिज्ञासा हुई देखने की क्या मोदी जी की अपील देश को प्रभवित करेगॉ , देख कर मन भवविभोर हो गया ऐसा लग रहा था जैसे दिवाली हो वाकई देश मे आज तक ऐसा करिश्माई नेतृत्व नहीं आया जिसने भारत को एक सूत्र में पिरो कर एकता को साबित किया हो । **विक्की शर्मा**

हम छत पर कपडे सुखाये बैठे थे

हम छत पर कपडे सुखाये बैठे थे, और तुम पत्थर सजाये बैठे थे। हम बच्चों को स्कूल से लाने को तरस बैठे थे तुम्हारे बच्चे हाथ में फरसे लिये बैठे थे। तुम कपिल मिश्रा को आतंकवादी बताये फिरते थे जाने खुद में कितने ताहिर हुसैन छुपाये बैठे थे। कि तुम योगी को उग्रवादी बताये फिरते थे और ना जाने खुद में कितने अफ़ज़ल छिपाये बैठे थे। **वर्षा चतुर्वेदी**

QUIZ TIME

1) रिलायन्स जियो ने कौन-सी डिटिजल साक्षरता पहल लॉन्च करने के लिए फेसबुक के साथ साझेदारी की है?

2) नम्मा कोल्हापुरी चप्पल के लिए किन राज्यों ने भौगोलिक संकेत टैग अर्जित किया?

3) इलेक्ट्रिक टैक्सियों के लिए वायरलैस चेन्जिग सिस्टम स्थापित करने वाला दुनिया का पहला शहर कौन बन जाएगा? (ओस्लो / लंदन)

4) नासा ने किसके अध्ययन के लिए आइकोन उपग्रह का प्रक्षेपण किया?

5) विश्व की सबसे पुरानी पक्षी प्रजाति का नाम क्या है और कहाँ खोज की गई है?

उत्तरमाला-(1) डिजिटल उड़ान (2) कर्नाटक और महाराष्ट्र (3) ओस्लो (4) पृथ्वी का आयनमंडल (5) [illegible] (ऑस्ट्रेलिया)

Ramaquiz

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 07 अप्रैल की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः 1509 - फ्रांस ने वेनिस के खिलाफयुद्ध की घोषणा की। 1712 - न्यूयॉर्क में दास विद्रोह में छह श्वेत लोग मारे गए और 21 अश्वेत घायल हुए। 1818 - ब्रूक्स ब्रदर्स, संयुक्त राज्य अमेरिका में सबसे पुराने कपड़ो के व्यापारियों ने न्यूयॉर्क शहर में कैथरीन और चेरी स्ट्रीट्स के पूर्वोत्तर कोने पर अपना पहला स्टोर खोला। 1819 - लिवोनिया राज्यपाल ने अपने किसानों को रूसी साम्राज्य के गुलामों से बचाया। 1843 - ईस्ट इंडिया कंपनी ने भारतीय गुलामता अधिनियम 1843 से दासता के लिए कानूनी समर्थन को हटाया गया। 1856 - नेल्सन कॉलेज की स्थापना न्यूज़ीलैंड में की गयी। 1920 - प्रसिद्ध सितारवादक रविशंकर का बनारस में जन्म।

भीड़ को नियंत्रित करने जुटा निगम व पुलिस

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए नगर पालिक निगम प्रारंभिक स्तर से ही प्रयासरत है। नोवल कोरोना वायरस के मद्देनजर कई ऐसे बाजार जहां भीड़ लगती थी वहां पर से बाजार को बड़े मैदानों में स्थानांतरित किया जा चुका है। सघन रूप से लगने वाली लक्ष्मी मार्केट को संजय नगर सुपेला के मैदान में शिफ्ट किया है। इसी प्रकार पावर हाउस में लगने वाला बाजार लाल मैदान में शिफ्ट किया गया ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। समय-समय पर इन बाजारों का निरीक्षण कर भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास लगातार किया जाता रहा है। निगम का अमला जिसमें जोन स्तर के सहायक राजस्व अधिकारी, उड़नदस्ता की टीम एवं तोड़फोड़ दस्ता की टीम, पुलिस बल की मौजूदगी में आकाशगंगा सब्जी मार्केट, पावरहाउस फल एवं सब्जी मार्केट, संजय नगर सुपेला, सब्जी मार्केट, सुपेला लक्ष्मी मार्केट एवं अन्य बाजार लगने वाले स्थलों का निरीक्षण किए। रविदास नगर, शीतला कांप्लेक्स के पास शशिकला देशमुख द्वारा तंबाकू के उत्पाद का अधिक दर पर विक्रय किया जा रहा था साथ ही पानी पाउच भी विक्रय किया जा रहा था जिस पर 5000 रुपए जुर्माना वसूल किया गया।

रहवासी क्षेत्रों के घर-घर जाकर सैनिटाइजिंग

निगम क्षेत्र में प्रतिदिन सैनिटाइजिंग एवं फॉगिंग का कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग का अमला सोडियम हाइपोक्लोराइट का उपयोग कर घर- घर हैंड स्प्रे के माध्यम से एवं टैंकरों के माध्यम से विभिन्न स्थलों में सैनिटाइजिंग का कार्य कर रही है। मच्छर उन्मूलन हेतु व्हीकल माउंटेड मशीन एवं सघन गलियों में हैंड मशीन द्वारा फागिंग कार्य शाम होते ही किया जा रहा है। कोविड.19 वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने आमजन से अपील करती है कि लोग अपने घर में ही रहे तथा सोशल डिस्टेंस बनाकर रखें। मच्छर उन्मूलन हेतु जल जमाव वाले स्थानों पर टेमिफॉस का छिड़काव किया है। 160 घरों में लगे कूलरों में टेमीफास का उपयोग किया। 25 घरों के पानी टंकी का निरीक्षण किया गया। निगम का अमला आज वार्ड 03 कोसानगर के राधाकृष्ण मंदिर के सामने गली, सुलभ शौचालय के पास सोडियम हाइपोक्लोराइट का छिड़काव।

पानी शुद्धिकरण हेतु घर घर क्लोरीन टैबलेट वितरण

निगम क्षेत्र में जल जनित बीमारी पीलिया से बचाव हेतु क्लोनीन टैबलेट घरों में वितरण किए जा रहे है। जलजनित बीमारी पीलिया से बचने के लिए शुद्ध पेयजल का उपयोग करना बेहद आवश्यक है। स्वास्थ्य कर्मचारी घर.घर जाकर क्लोरीन टैबलेट वितरण कर रहे हैं। स्वास्थ्य अमला, मितानीन व स्वास्थ्य कार्यकर्ता इन दिनों रहवासी क्षेत्रों में जाकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे हैं जल जनित एवं मौसमी बीमारियों के रोकथाम हेतु सर्दी, खांसी या बुखार होने पर तत्काल नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र में चिकित्सकीय परामर्श लेने की सलाह दे रहे है।

आयुक्त ने वार्डों के सफाई कार्यों का किया औचक निरीक्षण

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। नगर पालिक निगम रिसाली के आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे एवं जोन आयुक्त रमाकांत साहू द्वारा आज अल सबेरे से ही निगम के विभिन्न वार्डों के सफाई कार्यों का औचक निरीक्षण किया गया। आयुक्त द्वारा वार्ड 63 रूआबांधा के पंथी चौक रूआबांधा, बस्ती, रूआबांधा सेक्टर, छग सब्जी मार्केट रूआबांधा, डीपीएस चौक रिसाली, वार्ड 60 रिसाली में कृष्णा टाकीज रोड, रिसाली बस्ती, सब्जी बाजार रिसाली का सघन निरीक्षण किया गया। वार्ड 44 टंकी मरोदा में नहर सफाई के कार्यों का निरीक्षण कर प्र. स्वास्थ्य अधिकारी जगरनाथ कुशवाहा को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। वार्ड 43 स्टेशन मरोदा में ओव्हर ब्रिज के नीचे लगने वाली साप्ताहिक बाजार का निरीक्षण किया गया, जिसमें स्वास्थ्य अमला द्वारा बनाये गये सामाजिक दूरी हेतु बनाये गये गोल घेरा का मार्किंग का निरीक्षण किया। इस दौरान आयुक्त ने मौके पर उपस्थित नागरिकों को मौके पर बेवजह घुमने का कारण भी पूछा एवं लाकडॉउन का पालन करने कहा। निगम आयुक्त ने प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी जगरनाथ कुशवाहा एवं स्वच्छता निरीक्षक बिजेन्द्र परिहार को स्पष्ट निर्देश दिया की वार्डों में चल रही साफ सफाई, सैनेटाइजेशन, फाकिंग मशीन कार्य हेतु उस वार्ड के पार्षद, समाजिक संगठनों, स्व सहायता समुहों, युवा संगठनों से समन्वय स्थापित कर सभी के सहयोग से अपने कार्यों को अमलीजामा पहनायें।

न्यूज गैलरी

बिलों के ब्याज रहित भुगतान की अवधि बढ़ी

भिलाई। इस्पात संयंत्र के राजस्व अनुभाग द्वारा जारी निर्देश में टाउनशिप में स्थित दुकानों, सस्थाओं, लीस एवं लाइसेंस पर दिये गए मकानों के किराया, पानी एवं बिजली के बिल प्रतिमाह सेल भिलाई इस्पात संयंत्र के राजस्व अनुभाग द्वारा जारी किये जाते हैं एवं इन बिलो के भुगतान की तिथि माह का अंतिम दिवस होता है किन्तु कोरोना संक्रमण के रोकथाम हेतु वर्तमान में लॉग डाउन लागू है। अतः प्रबंधन द्वारा अपने आबंटियों को मार्च 2020 तथा अप्रैल 2020 के बिलों का भुगतान करने हेतु ब्याज में एक एक माह कि छूट प्रदान कि गई है। तदनुसार माह मार्च 2020 के बिल का ब्याज रहित भुगतान अब 30 अप्रैल 2020 तक तथा माह अप्रैल 2020 के बिल का ब्याज रहित भुगतान 31 मई 2020 तक किया जा सकेगा। उक्त जानकारी इस्पात संयंत्र राजस्व अनुभाग ने दी।

शंकराचार्य हास्पिटल में ओपीडी सेवाओं का मरीजों को मिल रहा हैं लाभ

भविष्य की स्थिति के लिए प्रबंधन है तैयार

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस जुनवानी भिलाई में प्रतिदिन सुबह 9 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक जनरल ओ.पी.डी. की सेवा नियमित रुप से जारी है। डॉक्टरो द्वारा रोज की तरह यहां सभी प्रकार के मरीजों का उपचार किया जा रहा है। हास्पिटल को फिलहाल कोरोना अस्पताल के रुप में कन्वर्ट नही किया गया है लेकिन हास्पिटल प्रबंधन भविष्य की स्थिति की लेकर पूरी तरह तैयार है।

मेडिकल कॉलेज के डीन डॉक्टर संकल्प द्विवेदी ने नवप्रदेश को बताया कि शासन के निर्देश के चलते कोरोना पेसेन्ट सेंटर की पूरी तैयार कर ली गई है और भविष्य की जरुरत को लेकर अस्पताल प्रबंधन सजग है। हास्पिटल में 200 बेड कोरोना पीड़ित मरीजो के लिए तैयार है जिसमें 16 बेड का आई.सी.यू. है।

वही प्रत्येक बेड पर वेन्टीलेटर की सुविधा भी है। अगर जरुरत पड़ी तो मेडिकल कॉलेज अस्पताल का पूरा विंग इसके लिए तैयार रहेगा। डॉ. द्विवेदी ने बताया कि शासन के निर्देश पर ही यह तैयारी की गई है। उन्होने बताया कि शंकराचार्य मेडिकल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस वैसे तो 750 बिस्तर वाला अस्पताल है पर अभी शासन ने 200 बेड ही मांगे है। जिसकी पूरी तैयारी कर ली है। उन्होने कहा कि अभी अस्पताल को कोरोना हास्पिटल के लिए कन्वर्ट नही किया गया है लेकिन यदि जरुरत पडी तो 24 घंटे में यह तैयारी कर ली जाएगी।

उन्होने बताया कि कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों को रायपुर एम्स में रिफर किया जा रहा है। कोविड-19 या कोरोना वायरस के 85 फीसदी मरीज लक्षणों के आधार पर ईलाज से जल्द ठीक हो जाते है। शेष मरीजों का इलाज निगरानी में किया जाता है इसमें केवल 5 प्रतिशत मरीजो को गहन चिकित्सा की जरुरत पड़ती है।

सोशल डिस्टेसिंग जरुरी : द्विवेदी

डॉ. संकल्प द्विवेदी ने बताया कि कोरोना के संक्रमण से बचने सोशल डिस्टेसिंग का पालन बेहद आवश्यक है। कोरोना एक सामान्य फ्लू की तरह एक फ्लू है। रोग प्रतिरोधक क्षमता कम होने पर यह रोगी को बुरी तरह जकड़ लेता है। ऐसे मरीजों की मृत्यु तक हो सकती है। इस रोग की चपेट में ज्यादातर ऐसे लोग आते है जिनकी उम्र अधित होता है या जो फेफड़े या श्वास से संबंधी रोग से ग्रसित रहते है। ऐसे लोगों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरुरत है। इसके लिए यह जरुरी है कि अतिआवश्यक कार्य के बिना घर से बाहर न निकले। हाथ लगातार धोते रहे, सेनेटराइज करें। तभी हम वायरस का खात्मा कर सकते है।

रोकथाम हेतु रूट चार्ट तैयार

रिसाली। नगर पालिक निगम द्वारा गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू के निर्देश पर कोरोना वायरस के नियंत्रण एवं रोकथाम हेतु फाकिंग कार्य एवं सैनेटाइजेशन किये जाने हेतु निगम के शेष बचे हुए वार्डो का निगम के स्वास्थ्य अमला द्वारा रूट चार्ज बना लिया गया है। शेष बचे वार्डों में फाकिंग कार्य एवं सैनेटाइजेशन का कार्य निम्नानुसार किया जा रहा है। सैनेटाइजेशन हेतु वार्ड 61 प्रगतिनगर में मैत्री कुंज के समस्त जगहों पर, वार्ड 63 रूआबांधा बस्ती के समस्त मोहल्ला, वार्ड 44 के टंकी मरोदा एवं मौहारी भाठा के समस्त मोहल्लों में, 06 अप्रैल वार्ड 43 स्टेशन मरोदा के समस्त पारा एवं मोहल्लों में, 7 को वार्ड 42 नेवई एवं नेवईभाठा के समस्त पारा एवं मोहल्लों में, 8 को वार्ड 41 डुण्डेरा के समस्त गलियों एवं मोहल्लों में, 9 को वार्ड 40 जोरातराई के समस्त मोहल्लों में, 10 को वार्ड 39 पुरैना एवं स्टोर पारा के समस्त मोहल्लों में, 11 को वार्ड 58 रिसाली सेक्टर उत्तर के समस्त ब्लाक में किया जाएगा।

स्व सहायता समूह की महिलाएं भी जुटी सहयोग में

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाईनगर। एरिया लेवल फेडरेशन एवं महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं भी अब जरूरतमंदों को सहायता प्रदान कर रही है। लॉक डाउन होने के कारण कई ऐसे जरूरतमंदों को विभिन्न संगठन, समुदाय, समाजसेवियों, व्यापारीगण आदि द्वारा राशन सहित अन्य सामाग्री देकर सहायता में जुटे हुए हैं। इसी कड़ी में महिला स्व सहायता समूह एवं एरिया लेवल फेडरेशन की महिलाएं भी जरूरतमंद लोगों को राशन एवं हरी सब्जियों का वितरण कर रही है। महिलाओं द्वारा अपने समूह के उत्थान लिए राशि एकत्रित की जाती है अब इन पैसों मे से वह राशन एवं सब्जी खरीद कर जरूरतमंदों तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। नारी शक्ति एवं अंबेडकर की महिलाओं ने प्रगति नगर एवं शांति नगर कैंप एक क्षेत्र में 25 लोगों को चावल, चना, आलू, प्याज एवं हरी सब्जी प्रदाय की है। दीप ज्योति एरिया लेवल फेडरेशन की महिलाओं के द्वारा 23 परिवारों को चावल, तेल, नमक, दाल, हल्दी एवं हरी सब्जियां दी है। लेवल फेडरेशन की महिलाओं द्वारा वैशाली नगर के आश्रय स्थल में अस्थाई रूप से निवासरत बेसहारा लोगों को शक्कर, चाय पत्ती, तेल एवं सभी के लिए साबुन व्यवस्था की है।

सूखा राशन सामग्री की घर पहुंचा सेवा

नवप्रदेश संवाददाता

रिसाली। नगर पालिक निगम द्वारा देशव्यापी लॉकडाउन से प्रभावित निगम क्षेत्रांतर्गत विभिन्न वार्डों के जरूरतमंद श्रमिक परिवारों को प्रतिदिन सुबह से देर रात तक सुखा राशन सामग्री घर तक पहुंचा रही है। सुखा राशन वितरण हेतु निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे एवं जोन आयुक्त रमाकांत साहू द्वारा अलग से फुडसेल हेतु टीम बनाई गई। जिसके नोडल अधिकारी राजस्व निरीक्षक हरचरण सिंह अरोरा बनाए गए है, जिनके मातहत 10 से 15 कर्मचारियों की टीम देर रात तक सुखा राशन सामग्री का पैकेट बनाकर दूसरे दिन श्रमिक बस्तियों में बांटने निकलते है। अभी तक निगम प्रशासन द्वारा क्षेत्र के दानदाताओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्व सहायता महिला समुहों एवं व्यापारी संगठनों एवं राजनैतिक दलों के कार्यकर्ताओं से प्राप्त सुखा राशन सामग्री का 1020 परीवारों को निगम के विभिन्न वार्डों में श्रमिक बस्तियों में वितरित किया जा चुका है। आयुक्त एवं जोन आयुक्त द्वारा सुखा राशन सामग्री वितरण की प्रतिदिन की जानकारी लिया जा रहा है। आयुक्त ने नोडल अधिकारी को स्पष्ट निर्देश दिये है कि स्थल निरीक्षण करने के पश्चात ही गरीब जरूरतमंद परीवार को ही सुखा राशन उपलब्ध करावें। मल्लिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के तरफ से महावीर जयंती के पावन अवसर पर 200 पैकेट सुखा राशन सामग्री निगम को सौंपी गई। मंदिर समिति की ओर से कमलेश जैन, सौरभ, संतोष आदि उपस्थित थे।

जरूरतमंद लोगों को राशन देने वोरा ने दिए ढाई लाख

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। विधायक अरुण वोरा ने जरूरतमंद लोगों के लिए राशन की व्यवस्था करने विधायक निधि से ढाई लाख रुपए और मंजूर किए हैं। इससे पहले वोरा ने विधायक निधि से इसी कार्य के लिए 5 लाख रुपए स्वीकृत किए थे। शहर में राशनकार्ड विहीन परिवारों और गरीब तबके के लोगों की जरूरत को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त राशि की मंजूरी दी गई है। वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल ने लॉकडाउन के फौरन बाद से लगातार जरूरतमंद परिवारों की फिक्र करते हुए वार्डों में जाकर राशन वितरण की व्यवस्था की है। विधायक और महापौर की सक्रियता से दुर्ग शहर के स्लम बस्तियों में हालात बेहतर हैं। लोगों को उनकी जरूरत का राशन मिल जाने से रोजी रोटी बंद होने के बावजूद उनके घर पर चूल्हा जल रहा है। वोरा ने सबसे पहले चीफ सेक्रेटरी का ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा कि पूरे राज्य में कई परिवारों के पास राशन कार्ड नहीं हैं। ऐसे लोगों को लॉकडाउन की स्थिति में सरकारी उचित मूल्य की दुकान से राशन मिलना चाहिए। चीफ सेक्रेटरी ने वोरा की मांग पर संज्ञान लेते हुए पूरे प्रदेश के लिए यह आदेश जारी कर दिया। वोरा की पहल पर पूरे प्रदेश में राशन कार्ड न होने पर भी लोगों को चावल दिया जा रहा है। वोरा ने दुर्ग शहर में भी निगम प्रशासन, जिला प्रशासन को जरूरतमंद परिवारों को जरूरी सुविधाएं देने कहा। वोरा ने बताया कि जिला प्रशासन, निगम प्रशासन के अलावा औद्योगिक, व्यवसायिक, धार्मिक और समाजसेवी संगठनों की मदद से शहर में राशनकार्ड विहीन परिवारों को कच्चा राशन उपलब्ध कराया है। रोज लगभग तीन हजार से ज्यादा लोगों को भोजन के पैकेट भी घर.घर पहुंचाए जा रहे हैं। वोरा ने कोरोना वायरस के कारण उपजे हालात में डॉक्टर्स व स्वास्थ्य विभाग के स्टॉफ, पुलिस विभाग, निगम स्टॉफ सहित समूचे प्रशासनिक अमले की सराहना करते हुए कहा कि लॉकडाउन की स्थिति में इन सभी ने अपना काम बहुत बेहतर तरीके से किया।

वार्डो में राशन वितरण

निगम के कचहरी वार्ड मुकुंद भवन के पीछे डिपरापारा गांधीनगर, वार्ड 47 रायपुरनाका उड़िया बस्ती, वार्ड 48 न्यू पुलिस लाइन उड़िया बस्ती में 211 गरीब परिवारों को अनाज और राशन का पैकेज पहुंचाया। कार्य में विधायक अरुण वोरा और महापौर धीरज बाकलीवाल व आयुक्त इंद्रजीत बर्मन के निर्देशानुसार मानिटरिंग हेतु बनाए गए एमआईसी प्रभारियों के संबंधित प्रभारी गण और वार्डों के पार्षद के सहयोग से अनाज उनके घर पहुंचा कर दिया गया।

जयंती पर रक्तदान... अपने परिवारिक सदस्यों के साथ किया नवकार महामंत्र की स्तुति, जिला चिकित्सालय परिसर ब्लड बैंक में बारी-बारी से रक्तदान

सादगी और करुणा दिवस के तौर पर मनाई महावीर जयंती

नवप्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भगवान महावीर स्वामी का 2619 वा जन्म महोत्सव बड़े ही सादगी के साथ करुणा दिवस के रूप में भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति दुर्ग द्वारा मनाया गया जैन समाज के सभी जैन मंदिरों द्वारा पूर्व में जैन समाज के सदस्यों को घर में ही पूजा पाठ करने हेतु किया जा चुका था जिला प्रशासन द्वारा तय किए गए नियम कानूनों को ध्यान में रखकर सोशल डिस्टेंसिंग का विशेष रुप से पालन किया गया जैन समाज के सदस्य घर में रहते हुए ही उपवासए ईकासनाए आयमबिल तप एवं नवकार महामंत्र की सामूहिक स्तुति की। आज प्रातः 9 बजे से 10 बजे तक जैन समाज के लगभग 1600 घरों के सदस्यों ने घर में रहते हुए अपने परिवारिक सदस्यों के साथ एक घंटा नवकार महामंत्र की स्तुति की। कार्यक्रमों का आयोजन जिला चिकित्सालय परिसर ब्लड बैंक में बारी बारी से रक्तदान संजय बोहरा के संयोजन में, भिक्षु भोज एवं वृद्ध आश्रम में भोजन वितरण स्वर्गीय राजेश कोठारी की स्मृति में मोहनलाल किशोर कुमार कोठारी द्वारा, जिला चिकित्सालय परिसर में फल वितरण हेमंत छाबड़ा की स्मृति में पंकज छाबड़ा द्वारा, श्री कृष्ण गौशाला छाता गढ़ एवं शहर में अनेक जगह गायों को पशु आहार वितरण, ओड़िया पारा में अनाज वितरण त्रिलोकचंद, कमलेश कुमार, राजेश कुमार वैद्य परिवार द्वारा भगवान महावीर जन्म महोत्सव की पूर्व रात्रि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर जैन समाज के सदस्यों ने घरों में बिजली बंद कर दीप जलाकर प्रधानमंत्री के आह्वान को सफल बनाया आज जैनम हाइट्स के रहवासियों ने भगवान महावीर की

सोशल डिस्टेंशन में बारी बारी से पूजा अर्चना करते हुए भक्ति की इस कार्य में जय जिनेंद्र ग्रुप का सक्रिय सहयोग रहा। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति दुर्ग के प्रचार प्रसार प्रमुख नवीन संचेती ने जानकारी देते हुए बताया की महोत्सव समिति के सदस्यों ने जन्म महोत्सव को करुणा दिवस के रूप में मनाया। कोड़ी खाना में भोजन वितरित किया गया।

जिला चिकित्सालय परिसर में टीकम छाजेड़, संदीप बाफना, भूपेंद्र वैद्य, प्रतीक सुराणा, सिद्धार्थ खुराना, मनीष जैन, जिनेंद्र सुराणा, सुशील कुमार एवं जितेंद्र जैन एवं अन्य सदस्यों ने भी रक्तदान किया। रक्तदान शिविर के आयोजन में डॉ पीके चंद्राकर डॉक्टर नेमा एवं लतिका का विशेष सहयोग रहा। आज सुबह से ही महावीर जैन भवन जिला चिकित्सालय परिसर के पास मे समिति के सदस्यों ने भोजन वितरण एवं फल वितरण की पैकिंग पूर्ण एवं भोजन बनवाने का कार्य किया गया। भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव समिति के अध्यक्ष मदन जैन, उत्तम बरडिया, प्रकाश गोलछा, गौतम कोठारी, महेंद्र दुग्गड, दिनेश मारोठी, सोनराज बांठिया, भागचंद बोहरा, गिरीश पारख, मनोज बाकलीवाल, संजय कोठारी, सूरज काकरिया, विजय करनावट, मनोज सुराना, आलोक मारोठी, पप्पू वैद्य, अशोक रतन बोहरा, नीतीश ओस्तवाल, नितिन संचेती के विशेष सहयोग से महावीर जयंती समारोह समिति का कार्य संपादित हुआ। महोत्सव समिति के अध्यक्ष मदन जैन ने जैन समाज के सभी लोगों के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए इस विषम परिस्थितियों में जब पूरे विश्व में कोरोना महामारी की प्राकृतिक विपदा हम खेल रहे हैं ऐसे समय में प्रशासन को सहयोग करते हुए जैन समाज के सभी सदस्यों ने सभी कार्य को सफल बनाने में तन मन धन से सहयोग किया। मानव से भी कार्यक्रमों के आयोजन में जीव दया ग्रुप के अर्पित लोढ़ा प्रकाश कांकरिया आदित्य नाहर एवं उनकी टीम भी मुक्त पशुओं की सेवाकार्य में लगी और देशभक्त ग्रुप गांधी चौक सदस्य संजू दुग्गड दीपक जैन अपने साथियों के साथ गरीब बस्तियों में अनाज वितरण के संयोजन में लगे हुए हैं। रात्रि 7.15 बजे पूरे विश्व में जैन समाज के सदस्य थाली ताली और घंटों की ध्वनि के साथ नवकार महामंत्र का जाप अनुष्ठान परिवारिक सदस्यों की उपस्थिति में अपने घर आंगन पांच दीप जलाकर अपने घरों के प्रांगण में करेंगे।

गुजारा करने वाली महिलाओं के पास निगम ने पहुंचाई राशन

नवप्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। निगम क्षेत्र में आने वाले संजय नगर कुम्हारपारा के निवासी कुछ महिलाओं के पास राशन नहीं होने की जानकारी प्राप्त होने पर निगम के अधिकारी, कर्मचारी अजय शुक्ला, दिनेश बेलचंदन, राजेश पालवे ने उन्हें सूखा राशन जिसमें चावल, दाल, तेल, हाथ धोने साबुन आदि प्रदाय किया। तीन महिलाएं सड़क किनारे झील्ली, पन्नी को एकत्र कर अपना गुजर बसर करती है परंतु वर्तमान में पैसे नहीं होने के कारण तथा घर पर राशन उपलब्ध नहीं होने से समस्या हो रही थी। जिसकी सूचना मिलने पर निगम के अधिकारी, कर्मचारी ने बिना देरी किए उनके घरों मे पहुंचकर राशन सामग्री प्रदान किया। कुछ मजदूर जो आवास योजना के तहत निर्माण कार्य में संलग्न होकर खमरिया जुनवानी मे अस्थाई रूप से निवास कर रहे हैं उन्हें भोजन की समस्या हो रही थी जिस पर निगम प्रशासन ने संज्ञान लेते हुए उनके लिए सूखा राशन की व्यवस्था कराई है। कोरोना वायरस के संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए केंद्र सरकार द्वारा लॉक डाउन की घोषणा की गई है।

■ न्यूज गैलरी

झगड़ा करने से मना करने पर कुल्हाड़ी से हमला

महासमुंद। सरायपाली थाना क्षेत्र के ग्राम कापुकुण्डा में झगड़ा करने से मना करने पर दो लोगों ने कुल्हाड़ी से वार कर दिया। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। पुलिस के अनुसार ग्राम कापुकुण्डा निवासी कुबेर गांड़ा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 3 मार्च की शाम 06 बजे उसकी बेटी गीताबाई के साथ दिनेश गाणा एवं जयदेव गाणा घरेलू बात को लेकर झगड़ा कर रहे थे। समझाने गया तो दिनेश एवं जयदेव गांड़ा ने नाराज होकर गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का व अपने पास रखे टंगिया से वार कर दिया, जिससे सिर में चोट आई है।

मसीही समाज ने नहीं निकाला जुलूस

महासमुंद। कोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव के लिए जारी लॉकडाउन का असर विभिन्न धर्म और पंथों के पर्व-त्योहार पर भी पड़ रहा है। रविवार 5 अप्रैल को पॉम संडे था। इस अवसर पर मसीही जन्म प्रभु यीशु का संदेश देते हुए नगर में जुलूस भी निकालते रहे हैं, इस बार जुलूस नहीं निकाला। घरों में त्यौहार मनाया। खजूर रविवार पर मसीही समाज ने अपने घरों में विश्व शांति, प्रेम व एकता के लिए विशेष प्रार्थना व आराधना की।

झलप के छह होम आइसोलेशन में

झलप। बिहार से पहुंचे दो सदस्यों की पुख्ता सूचना के आधार पर शनिवार को डॉ. छत्रपाल चंद्राकर, पीएचसी प्रभारी डॉ. सुभाष पटेल और थाना पटेवा के एसआइ शर्मा शनिवार दोपहर एक घर पहुंचे। यहां सदस्यों से जानकारी की गई। इस दौरान उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। दो बिहार निवासी सहित झलप निवासी छह सदस्यों को 14 दिनों तक घर पर ही क्वारंटाइन पर रखा गया। घर के बाहर स्टीकर लगा कोटवार तैनात किया गया।

युवक से पांच किलो गांजा बरामद

महासमुंद। सांकरा-परसवानी मार्ग में एक युवक के पास से पुलिस ने 5 किलो गांजा बरामद की है। बल्दीडीह निवासी युवक परसवानी की ओर से सोल्ड बाइक में गांजा लेकर अपने गांव की ओर जा रहा था तभी मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने युवक को पकड़ा। पुलिस ने बताया कि रात करीब 8 बजे परसवानी रोड पर चितरऊहा रोड पर सीटी-100 सोल्ड बाइक को रोका। तलाशी लेने पर प्लास्टिक पैकेट में करीब 5 किलो गांजा मिला। बाइक सवार बल्दीडीह निवासी फिरोज पिता शिवराम पटेल (22) को नारकोटिक्स एक्ट 20 ख के तहत गिरफ्तार कर रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

साड़ी गले में फंसी, मासूम की मौत

महासमुंद। टूहलू क्षेत्र के पंडरीपानी में झूला झूलने के दौरान गले में साड़ी फंसने से 12 वर्षीय मासूम की मौत हो गई। इस घटना से गांव में शोक की लहर है। शुक्रवार अपरान्ह करीब 4 बजे संतरा पांड़े की 12 वर्षीय पुत्री रोशनी घर में साड़ी से झूला बनाकर झूल रही थी। इस दौरान साड़ी गले में फंस गई दम घुटने से बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

पीडीएस चावल की जमाखोरी, दुकान सील

महासमुंद। जिला प्रशासन के निर्देश के बावजूद राशन सामानों में मुनाफाखोरी से दुकानदार बाज नहीं आ रहे हैं। शनिवार को बसना में इस तरह की शिकायत पर चावल दुकान को सील किया गया। वहीं, महासमुंद में लॉकडाउन के दौरान पान ठेला संचालित करने पाए जाने पर एक युवक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। जानकारी के मुताबिक बसना में एक दुकानदार के खिलाफ पीडीएस चावल जमाखोरी व मुनाफाखोरी की शिकायत एसडीएम सरायपाली को मिली थी। जिस पर एसडीएम और बसना तहसीलदार और नगर पंचायत की टीम दुकान पहुंची। दुकानदार अब्दुल मुनाफ खान ने हितग्राहियों से पीडीएस का चावल जमाखोरी की शिकायत पर कार्रवाई की। बता दें कि कुछ दिन पहले बसना में दैनिक सामानों को तय मूल्य से अधिक दाम पर बेचने पर तीन किराना दुकान को सील किया गया था।

1 लाख 11 हजार रुपए की मदद

महासमुंद। वनिता समाज महासमुंद द्वारा मुख्यमंत्री सहायता कोष में कोरोना वायरस से निपटने के लिए एक लाख 11 हजार रुपए का चेक महासमुंद कलेक्टर को प्रदाय किया गया। इस दौरान संस्था अध्यक्ष अरूणा शुक्ला, पूर्व अध्यक्ष रंजना शर्मा, किरण सिंघल, गीता समद्दर, प्रीति शर्मा आदि मौजूद थीं।

एसपी ने बांटी राशन सामग्री

महासमुंद। नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने रविवार को शहर के निचली बस्तियों में जाकर गरीबों को राशन सामग्री वितरण किया। साथ ही लोगों को जागरूक भी किया और समझाइश देते हुए सभी लोगों को घर में रहने की अपील की। इसके अलावा मास्क एवं सेनेटाइजर व साबुन से हाथ धोने की हिदायत दी।

लाल बहादुर बने एसआई

महासमुंद। पुलिस अधीक्षक प्रफुल्ल ठाकुर ने सांकरा में पदस्थ एएसआई लाल बहादुर सिंह को स्टार लगाकर एसआई में पदोन्नत किया। सिंह के एसआई बनने पर थाना प्रभारी सांकरा सहित स्टाफ ने हर्ष जताया है।

242 ग्रामों तथा 15 वार्डों में पांच हजार पैकेट राहत सामग्री वितरित

महासमुंद। वर्तमान में पूरे विश्व में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा कोरोना वायरस (कोविड-19) को एक अति संक्रामक महामारी के रूप में देखा जा रहा है। उक्त स्थिति को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 14 अप्रैल 2020 तक पूरे देश भर मे धारा 144 लागू की गई है, जिसके तहत कोई भी व्यक्ति अनावश्यक कार्य से अपने घर से बाहर नहीं निकल सकता है। इस प्रकार की स्थिति को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने निराश्रितों एवं अति गरीब राशनकार्ड धारियों को 2 माह का चावल प्रदाय किये जाने की घोषणा की है। इसी प्रकार महासमुंद जिले के विकासखण्ड तहसील बागबाहरा में राजस्व अनुविभागीय अधिकारी भागवत जायसवाल के तत्वावधान में कोरोना राहत दल का गठन किया गया है।

महुआ की खुशबू से महका वनांचल

■ **पीले सोने को जुटा रहे लोग**

कवर्धा -कबीरधाम जिला वन क्षेत्रों से लगा हुआ है,जो रेंगाखार,झलमला, कुकदूर, चिल्फी ,रानीदहरा ,सरोदा दादर ,भेलकी,तरेगांव,बोक्कर खार, सहसपुर लोहारा,कोदवा सहित अनेक ऐसे वनक्षेत्र है,जहां बैगा आदिवासी महुआ बीनने के लिए जाते है, इन दिनों महुआ की खुशबू से पूरा वातावरण महक उठा है,वनांचलवासी वनों से मिलने वाले इन वनस्पतियों पर ही ज्यादातर आधारित रहते हैं,वही राज्य सरकार तथा वन मंत्री की पहल से लघु वनोपज की खरीददारी भी शुरू हो चुकी है, साथ ही अब वनांचलवासी महुआ एकत्रित कर रहे हैं,महुआ एकत्रित करने के लिए अपने परिजनों के साथ जंगलों की ओर अपना रुख करते हैं सुबह से लेकर देर शाम तक यह महुआ एकत्रित कर 139 ग्राम स्तर स्वयं सहायता समूह और 22 हॉट बाज़ारो के माध्यम से इसे बिक्री कर राशि प्राप्त कर रहे है,और आर्थिक रूप से मजबूत भी हो रहे हैं ज्यादातर वनांचल क्षेत्रों में इन दिनों 4 से 5 की संख्या में ग्राम के लोग एक साथ महुआ पेड़ के नीचे एकत्रित होकर महुआ बीनने में लगे हैं इसे छत्तीसगढ़ का पीला सोना भी कहा जाता है,इन दिनों अच्छी महुआ की आवक अच्छी खासी बनी हुई है कई बार ऐसा भी होता है कि महुआ बीनने गए लोगों पर भालू के द्वारा हमले कि भी जानकारी मिलती रहती है, बताया जाता है कि भालू को महुआ अत्यधिक प्रिय है,और वहां इसकी खुशबू में खिंचा चला आता है,जिसके चलते वनांचलवासी भी सजग हो चुके हैं, 4 से 5 की संख्या में यह सभी वनों की ओर महुआ बीनने जाते है जिससे अगर कोई वन्य प्राणी भी आये तो उससे बचा जा सके तेज आवाज कर ये भालू को भगा भी देते है।

पहले खरीदा जाता था सिर्फ तेंदूपत्ता

पहले कबीरधाम जिले में वनोपज में जहां तेंदूपत्ता की खरीदी की जाती थी वहीं अब 22 लघु वनोपज की खरीदी (न्यूनतम समर्थन मूल्य) भी शासन द्वारा की जाएगी। कवर्धा में महुआ के साथ -साथ ,ईमली, चिरौंजी ,शहद , चरोटा, चिरायता, वनतुलसा, वन जीरा, गोंद प्रमुखता से कवर्धा के जंगलों में मिलता है,इस योजना से जिले के करीब 150 गांवों के लोगों को फायदा होगा। इससे लोगों को रोजगार के साथ ही अतिरिक्त आय के नए अवसर उपलब्ध हो सकेंगे। वन विभाग द्वारा इस वन धन योजना को जमीनी स्तर पर सफल पूर्वक प्रयास कवर्धा में किया गया है।

इन क्षेत्रों में अधिक महुआ का पेड़

कांदावानी, रुख्मीदादर, पोलमी, कुकदूर, पुटपूटा,भेलकी, सेंदुरखार, सारपानी ,बिरुलडीह, महिड़बरा, केशमर्दा, बाकी,तरेगाव,बाटीपथरा, बदना, बांगर, कामठी, तेलियापानी लेदरा, तेलियापानी, धोबे,नेउर ,दमगढ़, सेमहरा, कडमा, माठपुर,भाकुर,पीपरटोला, देवसरा, कोमो, मुड़घुसरी, ज्यादातर होता है,इन क्षेत्रों में लोग महुआ बीनने के लिए जाते हैं ग्राम ठेंगाटोला के निवासी धरमसिंग मरावी तीरथ राम मरकाम,कडमा संतराम धुर्वे,भेलकी संतराम पनारिया ने बताया कि कि इन दिनों वे सभी महुआ एकत्रित करने लगे हुए हैं, जिसके लिए यह सुबह 6:00 बजे से जंगलों की ओर अपना रुक करते हैं उन्होंने बताया कि इसे वनांचल का पीला होना भी कहा जाता है और वनों में निवास करने वाले ज्यादातर लोग वनों से मिलने वाले वनोपज पर ही आश्रित रहते है,इसके संग्रहण से जो राशि मिलती है उससे वे अपने परिवार का पालन करते है।

उचित मूल्य की दुकानें दिन भर खुली रहेंगी

राजनांदगांव। राज्य शासन द्वारा कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए किए गए लॉकडाउन के दौरान प्रदेश के सभी उचित मूल्य की दुकानों को पूरे दिन भर खुला रखने के निर्देश दिए गए हैं । खाद्य विभाग द्वारा कलेक्टरों को जारी पत्र में नोवेल कोरोना वायरस के प्रसार पर रोक लगाने के लिए मास्क, हैण्ड सैनेटाईजर, साबुन आदि की मांग होने पर इन सामग्रियों को उचित मूल्य के दुकानों के माध्यम से विक्रय करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने राशन दुकानों में खाद्यान्न वितरण के दौरान ज्यादा संख्या में हितग्राहियों को एकत्र होने से रोकने के लिए खाद्यान्न वितरण का समय बढ़ाने के निर्देश दिए हैं । इस संबंध में भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग द्वारा भी राशन सामगी वितरण के समय विशेष सतर्कता बरतने संबंधी दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं ।

रोज हो रही है कार्रवाई फिर भी बाज नहीं आ रहे हैं अवैध कच्ची शराब भट्ठी वाले

■ **चौथे दिन भी कार्यवाही, 5क्विंटल महुआ लहान जब्त राजाडेरा बांध के किनारे में 10 क्विंटल और मुरकाटोला के जंगल मे 5 क्विंटल महुआ पास को नष्ट किया**

मगरलोड / धमतरी। अवैध महुआ शराब के खिलाफमगरलोड पुलिस कार्यवाही लगातार जारी है । रविवार को पुलिस टीम ने दो अलग अलग जगहों पर छापा मार कर 15 क्विंटल महुआ पास व शराब बनाने के बर्तनों को ज़ब्त किया। एसआई सुभाष लाल ने बताया कि टीम ने ग्राम राजाडेरा बांध के किनारे शराब भट्टी पर रेड कार्यवाही की जहाँ तकरीबन 10क्विंटल महुआ पास और शराब बनाने की बर्तन मिला ।

इसी तरह ग्राम बूढ़ाराव के महिला कमांडो के साथ मिलकर मुरकाटोला के जंगल मे छापा मारा जहां 5 क्विंटल महुआ पास व शराब बनाने की बर्तन लावारिस मिला । दोनों जगहों से कुल 15 किविंटल महुआ पास और 25 नग ड्रम ,टीन शराब बनाने का बर्तन मिला । महुआ पास को नष्ट किया गया। कार्यवाही में प्रधानआरक्षक जामवंत देशमुख, आरक्षक परमानंद साहू, खोमेंद्र भारद्वाज, बाबूलाल मरकाम, महेश साहू, डिगेश्वरी साहू ,सैनिक भेष राम सिन्हा, सहायक आरक्षक चंद्रशेखर कुंजाम का योगदान रहा।

अज्ञात कारणों से नबालिग ने की आत्महत्या

धमतरी। जिला मुख्यालय धमतरी अंतर्गत कुरुद ब्लॉक के ग्राम गातापार में कक्षा आठवीं में पढ़ने वाली एक छात्रा ने खुद को आग लगाकर आत्महत्या कर ली।छात्रा के आत्महत्या करने की वजह का पता नहीं चल पाया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका भूमिका साहू (खुशी) 14 वर्ष पिता पुरान साहू अपनी छोटी बहन के साथ सुबह से दोनों साथ थे।पिता पुरान साहू अपनी पत्नी के साथ खेत गए हुए थे.करीब 1 बजे खेत से लौटने के बाद खाना खाने के बाद अपने कमरे में सो रहे थे. उस समय मृतिका अपनी बहन के साथ अलग कमरे में खेल रहे थे. तभी उनकी मां को चीखने चिल्लाने की आवाज सुनाई दी, कमरे से निकल कर देखा तो घर से लगे बाड़ी में जलते हुए दिखाई दी, उनकी मां ने आपने पति को आवाज लगते हुए आग बुझाने की कोशिश की लेकिन मृतिका पूरी तरह जल चुकी थी. पिता ने आसपास के लोगों को बुलाया. पश्चात बाहर मृत अवस्था में पड़े शव को बारामदे में ला कर रख कपड़े से ढक दिया। और भखारा थाना पहुँच पुलिस को सूचना दी.

कवरेज करने गये पत्रकार से महिला पुलिस कर्मी द्वारा बदसलूकी कर मारपीट

धमतरी। डीजीपी के सख्त निर्देश के बाद भी कुछ पुलिसकर्मी लॉक डाउन का फायदा उठाकर अपनी मनमानी कर रहे है.धमतरी में समाचार कवरेज के लिए जा रहे एक प्रतिष्ठित न्यूज़ चैनल के पत्रकार से महिला पुलिसकर्मी ने बदसलूकी करते हुए पीठ पर डंडा मार दिया.पत्रकार द्वारा आईडी कार्ड दिखाने पर भी महिला पुलिस बदसलूकी करती रही.वही पीड़ित पत्रकार अब इसकी शिकायत डीजीपी से करने वाले है. पीड़ित पत्रकार ने बताया कि रविवार की शाम जिला और पुलिस प्रशासन द्वारा मार्च निकाला गया था.जिसका कवरेज करने विंध्यवासिनी मंदिर की ओर जा रहा था.उसी दौरान रामबाग के पास ड्यूटी में तैनात एक महिला पुलिसकर्मी ने बाइक से जा रहे पत्रकार के पीठ पर डंडा मार दिया.आईडी कार्ड दिखाने के बाद भी महिला पुलिसकर्मी उनके साथ बदसलूकी किया.इसके साथ ही महिला पुलिस कर्मी द्वारा बोला गया कि आप पत्रकार रहो या कुछ भी मुझे इससे कोई मतलब नही है.वही इस घटना से आहत पत्रकार इसकी शिकायत डीजीपी से करने की बात कह रहे है. देश के चौथे आधारस्तंभ कहे जाने वाले पत्रकार और इस संकट की घड़ी में अपने घर से निकल कर लोगो को कोरोना को लेकर जागरूक कर रहे ऐसे में पत्रकार को डंडा मारना काफी निंदनीय है.पुलिस अधीक्षक बीपी राजभानु को इस मामले में संज्ञान लेते हुए कार्रवाई करना चाहिए.जिससे पत्रकार अपने आप को सुरक्षित महसूस कर पाए।

नन्हे कर्मवीरों ने दीपक जलाकर दिया कोरोना से बचाव का संदेश

कवर्धा। पीएम मोदी के आह्वान के बाद जिले भर में रात्रि 9 बजे दीप जलाकर समर्थन किया। कोरोना के खिलाफ जंग लड़ रहे डॉक्टर, पुलिस, सफाई कर्मी और मीडिया कर्मियों को भी धन्यवाद किया।

जैसे ही घड़ी में 9 बजे शहर में लोगों ने अपने घरों के लाईट बंद कर दिए और अपने आंगन में आकर द्वीप जलाएं। लोगों ने इसी के साथ ताली, शंक और कुछ स्थानों पर फटाखें भी फोड़े गए। कोरोना वायरस जैसी महामारी के निपटने के लिए पूरा देश एकजुट हो गया है। आज पूरे देश में दिवाली जैसा महौल नजर आया।

लोगों ने 9 बजे से 9 मीनट तक अपने घरों की लाईटे बंद रखी। कुछ लोगों ने तो इसे 15 से 20 मीनट तक अपने घरों की लाईटे नहीं जलाई। इस एकजुटा में बच्चों ने भी अपना योगदान किया।

मानवता की सेवा आगे आया जूनियर रेडक्रास सोसायटी : दशरंगपुर

■ **जूनियर रेडक्रास सोसायटी न बांटै , मास्क, साबुन, पाम्पलेट व फल**

कवर्धा। जिला रेडक्रास सोसायटी कबीरधाम व वॉलिंटियर्स टीम के द्वारा रायपुर रोड स्थित विभिन्न गांवो का भ्रमण कर लोगो को लॉकडाउन का पालन करने आग्रह किया । इस मुहिम को आगे बढ़ाते हुए दशरंगपुर में लोगो को जागरूक करने का बीडा उठाया। जिलाधीश अवनीश शरण के निर्देश व डॉ.एस. के तिवारी मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी तथा के.एल. महिलांगे जिला शिक्षा अधिकारी के मार्गदर्शन में जिला रेडक्रास सासायटी के वांलिटियर टीम के साथ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय-दशरंगपुर की ''जूनियर रेडक्रास सोसायटी '' द्वारा कोरोना वायरस से बचाव हेतु पाम्पलेट, मास्क व बार-बार हाथ धोने हेतु साबुन, जरूरतमंदो को फल का वितरण कर जन जागरण कर, लोगो को आवश्यक मदद की गई वहीं पंचायत में उपस्थित ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों, बाजार चैक, पुलिस चैकी एन.एस.एस. चैक में लोगो को '' सोषल डिस्टेन्स '' अपनाने अर्थात एक -एक मीटर की दूरी बनाए रखने कहा।

कवर्धा मां विन्ध्यवासिनी सेवा समिति ने मुख्यमंत्री सहायता कोष में दिया एक लाख रूपए

कवर्धा। राज्य सरकार द्वारा नोवेल कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए उठाए जा रहे प्रयासों को लगातार सभीजनों से विशेष सहयोग मिला रहा है। कवर्धा की नवनिर्मित मां विन्ध्यवासिनी सेवा समिति ने कोरोना वायरस के रोकथाम के लिए प्रदेश में मुख्यमंत्री भुपेश बघेल द्वारा किए जा रहे सभी प्रयासों की सराहना की है। साथ ही कोरोना वायरस के प्रभावी रोकथाम और नियंत्रण के लिए मुख्यमंत्री सहायता कोष के नाम एक लाख रूपए की मदद की है। समिति के कोषाध्यक्ष लालजी चन्द्रवंशी ने बताया कि कोरोना वायरस को हराने के लिए हम सबको राज्य शासन द्वारा किए जा रहे सभी प्रयासों को अमल में लाना होगा।

हथमुड़ी सरपंच सरकारी योजना को लेकर लोगों की कर रहे हैं मदद

कुंडा। विकासखंड पंडरिया के ग्राम पंचायत हथमुड़ी के सरपंच श्रीमती गायत्री बालमुकुंद चंद्रवंशी के द्वारा कोविड-19 कोरोना वायरस के रोकथाम को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर 21 दिनों का लाक डाउन एवं सोशल डिस्टेंस चल रहा है। जिसके चलते आम जनता के बीच इसके पालन करते हुए भी कुछ परेशानियां सामने आ रही है, जिसके समाधान में सरपंच श्रीमती गायत्री बालमुकुंद चंद्रवंशी ने 5 अप्रैल रविवार को ग्राम पंचायत भवन में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक कुंडा के कियोस्क शाखा संचालक अनिल कुमार चंद्राकर को बुलवाकर ग्राम में जितने भी खाताधारक है जिसमें से जनधन खाता में शासन के द्वारा 18 लाख 50 हजार डाला जा चुका है, जिसके आहरण के लिए एवं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के राशि के आहरण के लिए साथ ही जिसकी पेंशन की राशि खाते में डाला जाता है उसके आहरण के लिए एवं निराश्रित पेंशन के आहरण के लिए साथ ही साथ छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक शाखा कुंडा के व्यक्तिगत खाताधारकों के सुविधा के लिए भी हथमुड़ी सरपंच के द्वारा कियोस्क शाखा प्रभारी अनिल कुमार चंद्राकर को बुलवाकर ग्राम पंचायत भवन में सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए ग्रामीण जनता को सुविधा मुहैया कराया गया।

विधायक रंजना ने दी पीएम रिलिफ फंड में एक लाख ग्यारह हजार रुपए

धमतरी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा ,देश के कोरोना महामारी से पीड़ित व्यक्ति ,उनके परिवार के सहायतार्थ तथा उससे लडने के लिए देश के आमजनता ,जनप्रतिनिधियों ,संस्था से खुले हाथ से दान देने की अपील की है ,जिसके लोग आगे भी आ रहे है। विधायक रँजना डिपेन्द्र साहू ने भी पीएम केयर फंड मे एक लाख ग्यारह हजार रुपए समर्पित कर ,देश मे आये इस विपदा कि घडी मे अपने नैतिक जिम्मेदारी का निर्वहन किया है गौरतलब है कि विधायक श्रीमती साहू ने कोरोना संक्रमण के प्रारंभिक चरण में ही अपने वेतन से राशन समाग्री उपलब्ध कराते हुवे लोगो देश ,समाज ,तथा पीडित लोगो को खुले हाथ से सहयोग के लिए आगे आने के लिए प्रेरित किया था ,यही नही वे लाँकडाऊन का पालन करने के लिए स्वयं शहर व गांवों में जागरूकता पैदा करने के लिए सडक पर उतर कर एक जिम्मेदार जनप्रतिनिधि का उदाहरण दिया ।

मोदी-विरोध | **दीये के बजाए प्रदेश सरकार ने गरीबों के चूल्हे जलाने पर दिया जोर**

अंधविश्वास से नहीं वैज्ञानिकता से मिलेगी कोरोना से मुक्ति : आफताब

राजनांदगांव। कांग्रेस नेता आफ्ताब आलम ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा 5 अप्रैल को रात 9 बजे घरों में दीया जलाने की अपील पर ऐतराज जताते कहा कि अंधविश्वास से वैश्विक महामारी कोरोना से मुक्ति कतई नहीं मिलेगी, बल्कि इस संक्रमण से निपटने के लिए संघर्ष एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण ही एकमात्र माध्यम है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को चीन में महामारी का रूप लेने के बाद लॉकडाउन के लिए पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने सलाह दी थी। उस दौरान केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. हर्षवर्धन ने उनकी सलाह का माखौल उड़ा दिया था। आज आखिरकार देश को 21 दिन के लॉकडाउन के चलते बंद कर दिया गया है।

श्री आलम ने कहा कि 30 जनवरी को देश में कोरोना संक्रमण का पहला मामला सामने आया था, उस दौरान भी विदेशों से विमानों की आवाजाही पर रोक लगाने की मांग कांग्रेस ने की थी। उन्होंने इस बात पर आपत्ति करते कहा कि दीया जलाने के लिए देश की जनता को 3 दिन का वक्त दिया गया, जबकि लॉकडाउन करने के लिए मात्र 6 घंटे का समय मुहैया कराया गया। यह फैसला केंद्र सरकार की अपरिपम्ता का परिचायक है। उन्होंने यह भी कहा कि लॉकडाउन के कारण केंद्र सरकार के नाक के नीचे दिहाड़ी मजदूरों को बेसमय पलायन करना पड़ा। बिना बंदोबस्त के मजदूरों को भटकने के लिए छोड़ दिया गया। ऐसे में कुछ मजदूरों को लॉकडाउन की वजह से पैदल सफर करने का जोखिम उठाते दम तोड़ दिया और प्रधानमंत्री हाथ पर हाथ धरे बैठे मजदूरों की मौत को देखते रहे। श्री आलम ने कहा कि मोदी सरकार की असक्षमता पर यह एक बड़ा सवाल है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने ऐसे विकट परिस्थिति में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की जीवटता और उनकी इस विषम परिस्थिति से निपटने हेतु लिए गए निर्णय कारगर साबित हुए।

न्यूज गैलरी

कलेक्टर के निर्देश पर भैयाथान एसडीएम ने की कार्यवाही

सूरजपुर। आज पूरे प्रदेश में लॉकडाउन लागू है। जिसमें निरंतर प्रदेश सरकार की ओर से जिला प्रशासन लोगों की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा करने में प्रयासरत है। इसे ध्यान में रखते हुए शासन एवं प्रशासन द्वारा सभी मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने के लिए मूल्य निर्धारण किया गया है, इसके साथ ही कलेक्टर श्री दीपक सोनी के द्वारा जिले के अधिकारियों को ऐसे दुकानदार जो जमाखोरी कर अधिक मूल्य पर समान बेच रहे हैं उनपर सख्त कार्यवाही करने को कहा है। जिसके परिपालन में जिले में राजस्व, खाद्य, नगरीय प्रशासन के अमलो के द्वारा निरंतर दुकानों का दौरा कर निरीक्षण किया जा रहा है, और सतत् निगरानी रखी जा रही है। आज इसी कड़ी मे उचित मूल्य दुकान तरका के विक्रेता द्वारा शक्कर का निर्धारित मूल्य 17 रूपये के स्थान पर 20 रूपये लिये जाने की शिकायत पर भैयाथान एसडीएम श्री प्रकाष सिंह राजपूत, फूड इंस्पेक्टर श्री कमलेष पटेल व दल द्वारा निरीक्षण कर कार्रवाई की गई, जांच में शिकायत सही पाया गया न्यायालय में प्रकरण प्रस्तुत कर उक्त संबंध में दुकान निलंबन की कार्यवाही की जा रही है।

सुराजी मितान घर-घर दस्तक देकर पहुंचा रहे आर्थिक सहायता राशि

सूरजपुर। कोविड-19 संक्रमण व प्रभाव से आमजनों को सुरक्षित रखने के लिए लॉकडाउन लागू है। इस अवधि में आर्थिक रूप से लोगों को परेशानियों का सामना न करना पड़े, इसके लिए कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने घर पहुंच सेवा के तहत शासन की सहायता राशि में पेशन सेवा बुजुर्गों, जरूरतमंदों तक पहुचाने वाले सुराजी मितानों को मनरेगामजदूरी भुगतान सहित पीएम सहायता राशि सुरक्षित वितरण सें लॉकडाउन के उद्देश्य को सार्थक करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अभी तक सिर्फ पेंशन व मजदूरी राशि करीब 35 करोड़ रुपये से अधिक इन सुराजी मितानों नें वितरण कर अपनी सेवा भाव के जज्बे से सभी को प्रभावित किया है।

स्वास्थ्य सुविधाओं में जनसहभागिता की कवायद हो रही साकार

सूरजपुर। कोविड-19 संक्रमण व प्रभाव से आमजनों को सुरक्षित रखने के लिए प्रदेश के संवेदनशील

मुख्यमंत्री श्री भूपेशबघेल ने स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत बनाने के लिए चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु प्रदेश के सभी जिलों में एनएचएम सेंजिला कलेक्टर को दायित्व सौंपा है। जिसके परिपालन में सूरजपुर जिले के कलेक्टर श्री दीपक सोनी द्वारा सार्वजनिक अपील के साथ अन्य माध्यमों से इस गंभीर स्थिति में आमजनों को स्वास्थ्य सुविधाओं के सशक्तिकरण हेतु चिकित्सकों को अपनी सेवाएं देने के लिए कहा गया, जिसके परिणाम स्वरूप डॉ0 आकांक्षा वत्स एवं डॉ0 कृष्ण कुमार साहू सूरजपुर जिले में सेवाएं देने के लिए नियुक्ति दी गई है।

एसपी ने पत्रकारों को बांटी हेल्थ कीट

गरियाबंद। एसपी भोजराज पटेल ने कहा कि संकट के समय में पुलिस, चिकित्सक और मीडिया कर्मियो की भूमिका काफी अहम है। इन सबके प्रयास से ही गरियाबंद सुरक्षित है। ऐसे समय में यह जरूरी है कि ये तीनो स्वयं भी सुरक्षित रहे। उन्होने पत्रकारो की चिंता करते हुए कहा कि पत्रकारो का भी कवरेज के दौरान कई लोगो से मिलना जुलना और बाहर निकलना होता है। इसलिए उनकी सुरक्षा के लिए हमने पत्रकारो को हेल्थ कीट देने का निर्णय लिया है। इसमें सेनिटाइजर, पानी बोतल, नेमकीन, हेडवांश और साबुन है। जिससे पत्रकार भी सेनिटाइज हो और कोरोन वायरस के संक्रमण से बच सके। इस दौरान एएसपी सुखनंदन राठौर व आरआई उमेश राय भी मौजुद थे।

नगर पालिका गरियाबंद ने सीएम राहत कोष में दिया 35500 रुपए दान

गरियाबंद। नगर पालिका परिषद गरियाबंद में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी, प्लेसमेंट कर्मचारी एवं सफाई मित्रों द्वारा कोरोना से पीडितों हेतु मुख्यमंत्री राहत कोष में 35 हजार 500 रूपये की सहयोग राशि दी गई। कलेक्टोरेट परिसर में आज कलेक्टर श्याम धावड़े को नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष गफ्फार मेमन की मौजुदगी में नगर पालिका के अधकारी-कर्मचारियों ने उक्त राशि का चेक सौपा।

गांव और शहरों में जलते दीयों से दिखी एकता की ताकत

नवप्रदेश संवाददाता

मुंगेली। कोविड 19 के खिलाफ एकजुटता दिखाने और इस मुहिम में बचाव कार्य में लगे कर्मचारियों और अन्य लोगो का मनोबल बढाने के लिए देश के प्रधानमंत्री की अपील पर जिले वासियों ने अभूतपूर्व एकता का परिचय देते हुए रविवार की रात 9 बजते ही अपने घरों में 9 मिनट दीये जलाते हुए ये दर्शाया कि एकता के सामने कोई भी शक्ति टीक नही सकती है, रात 9 बजते ही लोगो ने अपने घरो की लाईटे बंद करते हुए अपने घरों की छतो पर बालकनियों में घरो के बाहर दिये,मोमबत्ती,टार्च, मोबाईलो की लाईट जलानी शुरू करते हुए शंखनांद, घंटिया, और फ्टाके भी जलाये ।

महिलाओं और बच्चों में दिखा उत्साह - कोविड 19 के खिलाफ जंग में महिलाओं और बच्चों ने भी इस कार्य में लगे कर्मचारियों और अन्य लोगो का हौसला अफ्जाई किया, इस दौरान महिलाओं और बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था, अपने हाथे में मोमबत्ती लिये बच्चे घरों की बालकनियों में नजर आये, तो गली मोहल्लों में भी दिये की लम्बी कतारे देखने को मिली, चौक चैराहो पर भी लोगो ने दिये जलाएं।

मोम्बत्ती और दीए की बडी बिक्र ी - प्रधानमंत्री की अपील ने दीये और मोमबत्ती की बिक्री बडा दी, किराना दुकान के संचालक दीपक पाठक ने बताया कि अन्य दिनों की अपेक्षा आज मोमबत्तियों की बिक्री ज्यादा हुई है।

दीप प्रज्वलन की परंपराएं

गणेश मंदिर सोनकर सेल्स के पुजारी रितुराज दुबे ने बताया कि हिन्दु परंपरा के मुताबिक घरों में दीप प्रज्वलन का विशेष महत्व है, पुजा पाठ करने से पहले दीप प्रज्वलित करने की परंपरा है जिससे लोगो के मन में आत्मचेतना जागृत होती है। दीपो की रौशनी से जीवाणु किटाणु उसकी तरफआर्कषित होत है, और स्वयं ही उनका खात्मा हो जाता है ।

जिले के करीब 186435 राशन कार्डधारियों को एक साथ दो महिने का राशन वितरित

मुंगेली। जिले के करीब 186435 राशन कार्ड धारियो को एक साथ दो महिने का राशन दिया जा रहा है परंतु किसी भी दुकान में सेनेटाईजर, साबुन,या टीशु की कोई भी व्यवस्था नही है, जबकि प्रशासन ने इस बाबत पहले से निर्देशित कर रखा हैं, कि राशन देने से पहले हितग्राहियों के हाथ धुलवाये जाए इसके बाद ही उन्हे राशन दिया जायेगा, राशन दुकान दारों की इस चुक का खामियांजा कही प्रशासन को भारी न पड जाये।

कोविड 19 के कारण एक साथ दो माह का राशन देकर सरकार द्वारा हितग्राहियों के लिए राहत की व्यवस्था तो कि गई है किन्तु दुकानदारो द्वारा नियमो को ताक पर रख किया जाने वाला वितरण कही प्रशासन के लिए सरर्दद न बन जाये इस बात पर प्रशासनिक अधिकारियों को भी ध्यान देने की जरूरत है, राशन दुकानो पर सोशयल डिस्टेन्सिंग का भी ध्यान नही रखा जा रहा है, इस बार शासन द्वारा राशन कार्ड हितग्राहियों को दो माह का राशन एक साथ दिया जाना है, इसमे चावल,दाल के साथ शक्कर और नमक भी केन्द्रो से दिया जायेगा, साथ ही राशन लेने वाले व्यक्तियों को संक्रमण से बचाने के लिए उनके हाथ सेनेटाईजर, साबून, हेण्ड वास के साफकराने के बाद ही उनको राशन का वितरण किया जायेगा, जिसका पालन कुछ एक को छोडकर बाकी दुकानो में नही किया जा रहा है।

नगरीय क्षेत्रो के बदले पंचायतो में हो रहा पालन

शासकीय उचित मूल्य की दुकान ग्राम पंचायत रोहरा खुर्द के संचालक भास्कर श्रीवास ने लॉकडाउन के अवधि पर राशन वितरण में भीड़ न जुटे इसके लिए विशेष प्रयास करते हुए प्रत्येक हितग्राही के घर जाकर उन्हें समय निर्धारित कर उस समय में राशन लेने के लिए आने का आग्रह किया है और जिस पर लोग सहयोग करते हुए हरेक व्यक्ति के लिए समय अलग-अलग निर्धारित है उस समय में लोग राशन दुकान में आकर अपना राशन ले जा रहे है जिसके चलते राशन दुकान मे भीड़ एकत्र नही हो पा रही है उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा इस बार चावल निःशुल्क दिया जा रहा है जिसके चलते दुकानों में बड़ी भीड एकत्र होने की संभावना थी जिससे दुकान संचालक ने व्यस्थित कर चावल, शक्कर, नमक, मिट्टी तेल का वितरण कर रहे है, और लॉकडाउन का पालन भी हो रहा है। ग्राम पंचायत रोहरा खुर्द के इस उचित मूल्य दुकान में 661 राशन कार्डधारी हितग्राही है जिन्हे दो माह का चालव निःशुल्क मिलना है व शक्कर, नमक, मिट्टी तेल का वितरण भी लोगो को किया जाना है , बेघर, भिक्षुक, परित्यागता, दिव्यांग, जैसे राशन कार्ड रहित 14 लोगो को भी पंचायत के श्रीमती संध्या चन्द्रकुमार जोगीवंश के द्वारा निःशुल्क चावल दिलाया जा रहा है।

किरंदुल बंगाली समाज ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दिया 70000 का सहयोग

किरंदुल। लौह नगरी किरंदुल के बंगाली समाज द्वारा सोमवार सुबह दंतेवाड़ा कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा को बंगीय सोशल एंड कल्चर एसोसिएशन संस्था के माध्यम से कोरोना के इस विषम परिस्थिति में मुख्यमंत्री राहत कोष में सत्तर हजार नगद राशि दिया गया जिसे दंतेवाड़ा कलेक्टर टोपेश्वर वर्मा द्वारा मुख्यमंत्री राहत कोष में जमा कराने की बात कही कोरोना जैसे महामारी की मार आज प्रदेश सहित पूरा देश झेल रहा है इस विपदा की घड़ी में इससे लड़ने के लिए आज बंग समाज के लोग आगे आए हैं और अपने सामाजिक स्तर पर गरीब लोगों को भी सहयोग प्रदान किया जा रहा है और आगे भी बंग समाज इस विषम परिस्थितियों में सभी वर्गों के साथ खड़े रहेगा 1964 में किरंदुल में विस्थापित बंग समुदाय के लगभग 200 परिवार से भी ज्यादा परिवार बंगाली कैम्प किरंदुल में निवास करते हैं बंगाली समाज के लोगो द्वारा बंगीय सोशल एंड कल्चरल एसोसिएशन समिति का पंजीयन कराकर कई वर्षो से अपने समाज के उत्थान और विकास के लिए कार्य किया जा रहा है।

पीएम की अपील पर लोगों ने उत्सुकता से जलाए दीये

सक्ती। 5 अप्रैल की रात्रि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्तमान में कोरोनावायरस के संक्रमण से लाग डाउन की स्थिति में लोगों को रात्रि 9:00 बजे अपने-अपने घरों के बाहर ठीक 9:00 बजे दीपों की रोशनी करने एवं बिजली की रोशनी को बंद करने का आग्रह किया था। जिस पर लोगों ने पूरे उत्साह के साथ अलग-अलग तरीकों से दीयों की रोशनी की, किसी ने रंगोली सजाकर उसमें दीप रखे तो किसी ने विभिन्न माध्यमों से दीयों की रोशनी कर बिजली की रोशनी को 9 मिनट तक बंद करें रखा, तथा 5 अप्रैल की रात्रि प्रधानमंत्री के इस आग्रह को जनता ने पूरे देश में पूरी एकजुटता के साथ अपना समर्थन दिया तथा रात्रि समय दीपावली सा माहौल नजर आ रहा था तो वही अनेकों स्थानों पर तो लोगों ने पटाखे भी फोड़े तथा भले ही देश में कोरोनावायरस के संक्रमण से रोकथाम करने लोग जागरूकता के साथ घरों के अंदर ही रह कर शासन के दिशा निर्देशों का पालन कर रहे हैं किंतु इसके बावजूद जनता की यह एकजुटता निश्चित रूप से भारत की ताकत को विश्व मंच पर काफी मजबूत करेगी।

गर्मी के बढ़ते हीपीएचई विभाग ने शुरू की तैयारी

गरियाबंद। जिले में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा ग्रीष्मकाल के दौरान पेयजल समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु जिला स्तर पर कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। इसी प्रकार मैदानी स्तर पर पेयजल की सूचारू व्यवस्था बनाये रखने हेतु उपखंड एवं विकासखंड स्तर पर भी कन्ट्रोल रूम स्थापित कर हेल्पलाईन नम्बर जारी किया गया है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड गरियाबंद के कार्यपालन अभियंता फिलिप एक्का से मिली जानकारी अनुसार जिला स्तर कन्ट्रोल रूम के प्रभारी सहायक अभियंता , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उपखंड गरियाबंद के.पी शर्मा होंगे। श्री शर्मा को लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, उपखंड गरियाबंद एवं राजिम का दायित्व सौंपा गया है। श्री शर्मा का मोबाईल नम्बर- 8770244955 है।

कोरोना के खिलाफ एकजुटता का संदेश आम और खास सभी ने जलाए दीप

गरियाबंद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर हर आम और खास ने अपने घरों के बाहर दिए जलाए। इसके साथ ही लोगों ने शंखनाद और आतिशबाजी भी की। जिले सहित नगरवासियों ने अपने घरों के बालकनी व बाहर आंगन में दीप, मोमबत्ती और मोबाइल की फ़्लैश लाइट जलाकर कोरोना के खिलाफलड़ाई का समर्थन किया। वहीं जिलेवासियों ने इस दौरान कोरोना वारियर्स का अभिनन्दन करते हुए हौसलाअफ्जाई किया।

गौरतलब हो कि लोगों ने बीते रविवार रात 9 बजे से 9 मिनट तक दीपावली पर्व की तरह ही पटाखे फोड़े, इस बीच सबसे खास बात यह रही कि लोगों ने सोशल डिस्टेंसिंग का ध्यान रखते हुए इसे सफल बनाया। पीएम मोदी के आव्हान पर बच्चों से लेकर महिलाएं एवं पुरुषों सहित बुजुर्गों ने कोरोना के खिलाफइस जंग में एकजुटता का परिचय देते हुए बड़े ही उत्साहित मन से अपनी सहभागिता दी है।

लोगों का कहना था कि कोरोना वायरस के संक्रमण के फैलाव को रोकने एवं इससे निपटने शासन-प्रशासन हरसंभव प्रयासरत है। महामारी के संक्रमण से बचने दिशा-निर्देश तक जारी किया गया है, हर किसी को इसका इमानदारी से पालन करना चाहिए। कहा कि सोशल डिस्टेंसिंग ही सबसे बड़ा उपाय है, जिससे कि इस महामारी को हराया जा सकता है। लोगों ने कहा कि कोरोना वायरस से लड़ाई में सबसे आगे चिकित्सक, पुलिस, सफाईकर्मी एवं मिडियाकर्मी सहित अधिकारी-कर्मचारी डटे हुए हैं और लगातार लोगों को जागरूक कर रहे हैं।

लॉकडाउन के दौरान अब जिला प्रशासन सख्त

गरियाबंद। लॉकडाउन के दौरान जिला प्रशासन अब सख्त दिखाई दे रहा है। 21 दिनों के लॉकडाउन का आज 13वां दिन है। शासन-प्रशासन के दिशा-निर्देशों के तहत प्रशासनिक अमले लगातार लॉकडाउन के दौरान कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने उपाय बताते हुए लोगों को जागरूक कर रही है। लॉकडाउन में लोगों को घर मे सुरक्षित रहने और सोशल डिस्टेंस का पालन करने की बात कही जा रही है, बावजूद इसके कुछ ऐसे लोग हैं, जो बेवजह घरों से निकल रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल के निर्देशन में रविवार को कोरोना वायरस (कोविड-19) से बचाव हेतु लॉकडाउन के दौरान गरियाबंद जिला मुख्यालय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर, एसडीएम जे आर चौरसिया, तहसीलदार राकेश साहू एवं थाना प्रभारी गरियाबंद आर के साहू के सहित पुलिस स्टाफनगर में फ्लैग मार्च करते हुए जनता को कोरोना वायरस से बचने के उपाय एवं लॉकडाउन में अपने घरों में सुरक्षित रहने जागरूक किया जा रहा है।

संकट का समय राजनीति का नहीं, जनहित में मोदी के आव्हान का पालन करें -सोनटेके

गरियाबंद। भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेन्द्र सोनटेके ने कहा कि कोरोना वायरस संक्रमण राष्ट्र व्यापी संकट है। संकट यह समय राजनीति का नही बल्कि जनहित में मोदी के आव्हान का पालन करने का है। ये बात उन्होने सीएम भुपेश बघेल के उस ब्यान पर आपत्ति दर्ज करते हुए कहा जिसमें सीएम ने मोदी जी के आव्हान पर अपनी राजीतिक प्रतिक्रिया दी। मंडल अध्यक्ष सोनटेके ने कहा कि संकट के समय में प्रधानमंत्री मोदी देश को एकजुट करने और लोगो का मनोबल बढ़ाने का प्रयास कर रहे है। ऐसे समय में राजनीतिक करना कदापि उचित नही है। उन्होने कहा कि दिये जलाने का उद्देश्य कोरोना को हराने लोगो का आत्मविश्वास

बढ़ाना है। मंडल अध्यक्ष ने क्षेत्रवासियों से भी अपील करते हुए कहा कि पांच अप्रैल को रात 09 बजे कोरोना से लड़ने सभी लोग एक साथ आकर केवल 09 मिनट दीये, मोमबत्ती, टार्च या मोबाइल लाइट जलाकर पूरे देश को रौशनी से जगमगाए। एक संदेश दे की संकट के घड़ी मे हम सब एकजुट है। हमे मिलकर कोरोना संकट के अंधकार को चुनौती देना है।

लॉकडाउन के बाद भी शराब की कालाबाजारी नहीं हो रही बंद

सक्ती। 21 दिन की लॉकडाउन होने पर शराब की काला बाजारी बंद नही हो रही तथा कुछ काला बजारियों के द्वारा महुआ, देषी, अंग्रेजी षराब की बिक्री पांच गुना ज्यादा में बेच रहे है । पीने वालो को षराब कहा मिलती है यह पहले से ही मालूम रहता है वह मोटर सायकिल से जाकर अपनी मन पसंद षराब लेकर अभी भी पी रहे है । जिनके पास षराब महंगी दर पर लेने के लिये व्यवस्था है वह तो ले लेता है परंतु गरीब तत्व के लोग महुआ षराब पी रहे है किसी बिमारी के डर भय से पुरानी देषी अंग्रेजी षराब जिसका ब्रांड कभी सक्ती षहर के देषी अंग्रेजी दुकान में नही बिकी वह षराब अब इस लॉकडाउन होने के बाद दिख रही है । वैसे तो पूर्व में सक्ती षहर के हर मोहल्ले में बेहिसाब षराब बेचने वाले अपने अपने घरों में बेधडक होकर बेचते थे विभागीय कोई कार्यवाही नही होने के कारण अपने ही घर में बैठाकर षराब और चखना ग्राहकों में उपलब्ध कराते थे धीरे धीरे षहर के हर मोहल्ले के युवक ने घर में षराब बेचने वालो के खिलाफ षिकायत करना षुरू की तो चंद मोहल्लो में बंद हो गई परंतु इस कोरोना वायरस के लॉकडाउन होने के बावजूद कई मोहल्लों में घर पर षराब कुछ नागरिकों द्वारा 5 गुना ज्यादा रकम लेकर धडल्ले से बेच रहे है । षराब पीने वाले को जिस जगह षराब उपलब्ध है।

निशाने पर | छुरा में बड़ी कार्यवाही 34 लीटर अवैध शराब जप्त, गरियाबंद में 16 लीटर जप्त

अवैध महुआ शराब के विरूद्ध पुलिस की बड़ी कार्यवाही 05 आरोपी भेजे गए जेल

गरियाबंद। लाकडाउन के दौरान पुलिस प्रशासन की अवैध शराब के विरूध्द कार्यवाही जा रही है। इस दौरान गरियाबंद और छुरा थाना अंतर्गत पांच लोगो को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। एसपी भोजराम पटेल, एएसपी सुखनंदन राठौर व एसडीओपी संजय ध्रुव के निर्देश व मार्गदर्शन में समस्त थाना क्षेत्रो में अवैध रूप से मंदिरा के बिक्री, निर्माण, परिवहन तथा संग्रहण में संलिप्त व्यक्तियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के धाराओं के तहत पुलिस अधिक से अधिक कार्यवाही कर रही है। इस क्रम में छुरा पुलिस ने बड़ी सफ्लता हालिस की है। थाना प्रभारी हर्षवर्धन बैस के नेतृत्व में पुलिस ने शनिवार को ग्राम बम्हनी और ग्राम बिरोडार में छापामार कार्यवाही करते हुए 34 लीटर शराब जप्त करने के साथ ही तीन आरोपियो को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इसमें ग्राम बम्हनी कमार पारा निवासी कोमल पिता झड़ीराम के पास से 11 लीटर, राजकुमार पिता सुनउराम के पास से 12 लीटर तथा ग्राम बिरोडार निवासी झुमुकराम पिता सुखदेव के

पास से 11 लीटर अवैध महुआ शराब जप्त किया है। तीनो आरोपी कर्फ्यू के दौरान अवैध शराब ब्रिकी करते हुए पकड़े गए है। आरोपियो के विरूध्द धारा 188 भादवि एवं आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत प्रकरण दर्ज जेल भेज दिया गया है।

वही गरियाबंद थाना अंतर्गत कोतवाली पुलिस ने भी 16 लीटर अवैध शराब जप्त कर दो आरोपियो को जेल भेजा है। थाना प्रभारी आर के साहू के नेतृत्व में पुलिस ने ग्राम छिंदौला में अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब बनाकर बिक्री कर रहे दो अलग अलग लोगो को शनिवार को गिरफ्तार किया है। पहले आरोपी भुवन ध्रुव पिता हिंछाराम ध्रुव के कब्जे से 12 लीटर महुआ शराब जप्त कीगई वही दूसरे आरोपी हरकराम गांडा पिता समारूराम गाड़ो पास से 4.5 साढे चार लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई है। दोनो आरोपी के विरूध्द आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 34(1) (क) व (ख) के तहत कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया गया है।

लाख कोशिशों के बाद भी नहीं सुधर रहे लोग, पुलिस कर रही गिरफ्तारी

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । नोवोल कोरोना वायरस के संक्रमण से बचने किए गए लॉक डाउन को अब भी कुछ मतलबी लोग गंभीरता से नही ले रहे है। जिसको लेकर अब स्थानीय पुलिस को मजबूरन कार्यवाही करनी पड़ रही है। ताजा मामला मस्तूरी थाना क्षेत्र में सामने आया है। जिसमे मस्तूरी पुलिस ने एक युवक के खिलाफ पुलिसिया कार्यवाही की है। यह कार्यवाही मस्तूरी पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा की गई है। दरसअल रोज की तरह ही पुलिस की पेट्रोलिंग पार्टी गस्त में निकली थी। इसी बीच ग्राम लावर चेक डेम के पास भीड़ लगाकर लोग असुरक्षित खड़े थे। जिन्हें जिला कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी बिलासपुर के आदेशानुसार महामारी के संबंध में अवगत कराकर सभी को अपने-अपने घर जाने समझाईश दी , लेकिन वहाँ मौजूद एक व्यक्ति आदेश को न

मानकर जिला दंडाधिकारी के आदेश का खुला उल्लंघन करने लगा। ग्रामीण दिनेश उर्फ समीर रात्रे व इतवारी टंडन तथा स्टाफ की मदद से उस व्यक्ति को हिरासत में लिया गया, पकड़ा गया युवक आंकडीह का रहने वाला है, जिसका नाम अनिल गेंदले बताया जा रहा है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार अनिल अपने साथियों के साथ मुख्य बाजार जाने के बहाने निकलने थे और बेवजह तफरी कर रहे थे। इसके अलावा कुछ ग्रामीणों द्वारा मछली मारने घरों से बाहर निकले थे।

हालांकि पुलिस के आने की भनक उन्हें हुई और वह मौके से भाग गए। वही मस्तूरी पुलिस ने एक बाइक ,एक मछली मारने के जाल को जब्त कर युवक के खिलाफ धारा 188 भादवि , 3 महामारी एक्ट के खिलाफअपराध सबूत पाये जाने पर पंजीबद्ध कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है

कोरोना मरीजों के लिए तैयार होगा 100 बिस्तर का अस्पताल

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । कोरोना मरीजों की संख्या बढ़ने की आशंका को लेकर स्वास्थ्य महकमा पूरी तरीके से मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी कड़ी में नगर विधायक शैलेश पांडेय और जिला प्रशासन के अधिकारियों ने 100 बिस्तर के अस्पताल तैयार के संबंध में चर्चा की ।

जिला प्रशासन द्वारा जिला अस्पताल को कोरोना वायरस से संक्रमित मरीजों के लिए सुविधा युक्त और व्यवस्थित हॉस्पिटल के रूप में तैयार किया जा रहा है । मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज शैलेश पांडे से फोन में गरीब और जरूरतमंद लोगों को मिलने वाली सुविधाओं और खाने-पीने राशन और व्यवस्था सुनिश्चित करने के संबंध में चर्चा की।

इस संबंध में जानकारी देते हुए नगर विधायक शैलेश पांडे ने बताया कि दुनिया में कोविड-19

कोरोना से विकसित और समृद्ध देशों की अपेक्षा भारत इस खतरनाक वायरस से मुकाबला करने में बेहतर नजर आ रहा है। इसी के तहत प्रदेश में भी इस खतरनाक वायरस से लड़ाई में बेहतरीन प्रदर्शन किया है , और अब तक यहां कोरोना वायरस से एक भी मौत नहीं हुई। लगातार मरीज स्वस्थ होकर घर लौट रहे हैं। बिलासपुर में भी स्थिति काफी बेहतर है और यहां अब तक मिली एकमात्र पॉजिटिव मरीज के ठीक हो कर घर लौटने के बाद कोरोना मुक्त जोन की लिस्ट में शुमार किया जा रहा है । उन्होंने बताया कि बिलासपुर में कोरोना के संक्रमण से लड़ाई और इसके इलाज के लिए पुराने जिला अस्पताल को कोविड-19 अस्पताल में तब्दील किया जा रहा है। इस अस्पताल के अलग-अलग फ्लोर पर आइसोलेशन सेंटर ,वेंटिलेटर आदि की व्यवस्था होगी, जिसका निरीक्षण रविवार को किया गया है । जिला प्रशासन, नगर निगम और स्वास्थ्य विभाग क्या अधिकारी मौके पर मौजूद थे, इस दौरान आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं ।

जैन समाज ने अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल बांटकर मनाया महावीर जयंती

- वैशिक महामारी कोरोना से भी किया लोगों को जागरूक

डौंडी। आज जैन समाज द्वारा महावीर जन्म जयंती पर्व अपने सगे संबधी या सामाजिक भवन में कोरोना वायरस के चलते ना मनाकर स्थानीय सरकारी व प्रायवेट मथाई अस्पताल के मरीजो को फ्ल फरूट बाटकर उनके स्वास्थ्य लाभ की कामना कर जनजागरूकता तहत नेक

कार्य किया गया। ज्ञात हो कि भारत के सम्पूर्ण जैन समाज द्वारा आज ही के दिन इस वर्ष 2546 ईस्वी महावीर कल्याण दिवस मनाया जा रहा है। जहाँ प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी समाज द्वारा पर्व मनाया गया। किंतु कोरोना वायरस के मद्देनजर सामाजिक भवन मे पर्व ना मनाकर स्थानीय पूरा जैन समाज एकजुट होकर देश की जनकल्याणकारी व विषम परिस्थिति को ध्यान में रख अस्पताल में भर्ती मरीजों को पौष्टिक फ्ल वितरित कर पुण्य का कार्य किया गया। इस अवसर पर जैन समाज के सुरेश बाघमार, ओम गोलेच्छा, राजेन्द्र जैन, पूनम कोठारी,संतोष ढ़ेलडिया ,,सुनील बाघमार , अजय बाघमार, द्वारा इस पुनीत कार्य के लिए अस्पताल पहुँच वितरण किया गया।

अनुविभागीय अधिकारी ने किया गौशाला का निरीक्षण

पिथौरा। श्री गोविंद कमला गौशाला में अनुविभागीय अधिकारी (रा) थाना प्रभारी गोशाला का निरीक्षण किया और गोमाता को सब्ज़ी व चारा खिलाया इसके पूर्व खल्लारी विधायक द्वारिकाधीश यादव ने इसका जायजा लिया था।

नगर व आसपास में बीते सालों में सैकड़ों गाय व अन्य मवेशियों की हाईवे रोड ऐक्सिडेंट से मौत के मुह समा गए जिसे देखते हुए गौशाला की मांग सरकार से की जा रही थी सरकार द्वारा गौशालाओं का निर्माण किया गया है पर वो गांव में निर्मित है नगर मे इसके अभाव को देखते हुए स्थानीय व्यवसायी आगे आये आकाश अग्रवाल ने अपनी जमीन दी और व्यवस्था तैयार करने गोविन्दरामआशीषकुमार ज्वेलर्स के संचालक सामने आए इनके साथ गौ सेवक ने कार्य को आगे बढाया।

इस कार्य से अनुविभागीय अधिकारी (रा) मरकाम सर काफी खुश हुवे उन्होंने कहा कि इससे ऐक्सिडेंट में कमी आएगी और गोमाता का सही रख रखाव हो पाएगा वही थाना प्रभारी कमला पुसाम ठाकुर ने कहा की अभी भी कुछ गाये रात में घूम रही हे में खुद स्टाफ़ के साथ उनको यहा लेकर आऊँगी इस अवसर पर गोशाला मनीष अग्रवाल ,आकाश अग्रवाल ,आलोक मिश्रा आदि उपस्थित थे ।

लॉक डाउन के दौरान प्रशासन गरीबों व जरूरतमंदों को राशन मुहैया करा रही

डौंडी। कोरोना वायरस संक्रमण के चलते छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत अंत्योदय, प्राथमिकता, निशक्तजन, एकल निराश्रित एवं अन्नपूर्णा श्रेणी के राशन काड धारियों को माह अप्रैल एवं मई दो माह का चावल नमक, शक्कर का एकमुश्त वितरण निशुल्क किया जाना हैं इसी क्रम में डोंडी राशन वितरण केंद्र में वार्ड 3 पार्षद ममता जैन पहुंच कर राशन लेने पहुचे कार्ड धारी महिलाओं व बिस्कुट वितरण कर समस्याओं संबंधित जानकारी ली। गौरतलब है कि क्षेत्र मे मंगलवार से ही लोगो को राशन वितरण कार्य प्रारंभ हो गया और ग्रामीण बकायदा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए राशन लेते नजर आये । डोंडी नगर पंचायत के

जिला के हर तहसील मुख्यालय ने अनाज बैंक आरंभ

डौंडी । कोरोना से बचाव और नियंत्रण के लिए प्रशासन के सहयोग से जिला के हर तहसील मुख्यालय ने अनाज बैंक आरंभ कर दिया है। । ब्लॉक मुख्यालय डोंडी व उप तहसील दल्ली राजहरा मे तहसीलदार प्रतिमा ठाकरे से संपर्क कर लोग व सामाजिक संगठन अनाज दान में दे सकते हैं। अनाज का उपयोग तहसील दार सहित राजस्व अमला द्वारा जरूरतमंद परिवारों के लिए किया जाएगा। अनाज बैंक की शुरुआत हो जाने से गरीब और जरूरतमंद परिवार के लोगों को सीधा फायदा पहुंचेगाकोरोना वायरस के संक्रमण से बचाव और नियंत्रण के लिए लाक डाउन के कारण कामकाज बंद हो चुका है। छत्तीसगढ़ के दूसरे जिलों से आकर मेहनत मजदूरी कर लोग जीवन यापन करते हैं। कामकाज बंद हो जाने के कारण इन लोगों के पास जीवन यापन का संकट उत्पन्न हो गया है।

लॉकडाउन में चिटौद से प्रेरक कहानी, इंसानियत अभी जिंदा है

- चिटौद की 90 वर्षीय देवबती ने वैश्विक चुनौती के समय में 3 माह की पेंशन दान की

बालोद। आज हमारा पूरा विश्व एक समान रूप से अदृश्य चुनौती का सामना कर रही है। पूरा मानवीय समाज कुदरत के इस सन्देश के आगे अब घुटने टेक ठहर सा गया है कि अभी भी समय है सम्हाल लो खुद को, नहीं तो इतना भी वक्त नहीं मिलेगा 7 हमारे पूरे राष्ट्र में अभी स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन, शासन-प्रशासन के विशेष जिम्मेदार लोगों, सेनाओं, सामग्री प्रबंधन में लगे व्यवस्थाओं व कुछ स्वयंसेवी संस्थाओं इत्यादि को छोड़कर करीब 80त्न जनसमुदाय इस वक्त अपने घरों में रहकर ही उस अकल्पनीय परिस्थिति का सामना कर रहे हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

आईसीएमआर चिह्नित दवा...

फिर जरूरत पड़ने पर हम राज्य सरकार से भी संपर्क करते हैं। हमारी डिमांड के मुताबिक राज्य सरकार भी जरूरी सामग्री व मदद उपलब्ध कराती है। डिस्चार्ज होने के बाद भी मरीज को 14 दिन घर में क्वारंटाइन रहना जरूरी है। यदि स्वस्थ हो चुका मरीज 28 दिन तक क्वारंटाइन में रहे तो ज्यादा बेहतर है।

अंतर्राज्यीय आवागमन शुरू...

उन्होंने यह भी कहा कि देश में कोविड-19 वायरस पीड़ितों की संख्या में निरंतर वृद्धि हो रही है। जैसे जैसे कोविड-19 वायरस टेस्ट की संख्या बढ़ेगी, संक्रमितों की संख्या में निरंतर वृद्धि होने की पूर्ण संभावना है। बघेल ने पत्र में प्रधानमंत्री से अनुरोध किया है कि अंतर्राज्यीय आवागमन को प्रारंभ करने का निर्णय लेने से पूर्व व्यापक विचार विमर्श कर ऐसे ठोस उपाय कर लिए जाएं जिससे कि देश में कोविड-19 प्रसार की स्थिति नियंत्रण में रखी जा सके।

प्रदेश में आज कई...

पश्चिमी दिशा में एक द्रोणिका बनी हुई है। यह द्रोणिका ऊपरी हवा में 1.5 किमी की ऊंचाई पर स्थित है। इसके अलावा एक चक्रीय चक्रवाती घेरा मराठवाड़ा और इसके आसपास के इलाकों में 1.5 किमी की ऊंचाई पर बना हुआ है। इसके प्रभाव से मंगलवार को बिलासपुर, रायपुर और बस्तर संभाग में एक-दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना बन रही है। इसके अलावा दुर्ग संभाग में भी एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के अनुसार इस सिस्टम के असर से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन नहीं होगा। फिर भी सरगुजा संभाग में मामूली वृद्धि संभावित है।

बढ़ने लगा...

शुरुआत के साथ ही अधिकतम तापमान में अब क्रमशः वृद्धि दर्ज की जा रही है।

पीएम, कैबिनेट मंत्रियों और...

निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि इन दोनों ही मद में कमी के कारण बचने वाली राशि देश के कंसोलिडेटिड फंड में जमा की जायेगी। श्री जावड़ेकर ने कहा कि पहले सभी सांसदों ने अपनी सांसद निधि से एक-एक करोड़ रूपये की राशि कोरोना वायरस के लिए गठित कोष में आवंटित करने की बात कही थी। अब सरकार ने दो वर्षों यानी वर्ष 2020 और 2021 तक के लिए सांसद निधि को अस्थायी तौर पर स्थगित करने का निर्णय लिया है। अब प्रत्येक सांसद की दो वर्ष की निधि यानी 10 करोड़ की राशि कोरोना वायरस के कारण उपजे संकट से लड़ने के लिए स्वास्थ्य संसाधन जुटाने में दी जायेगी। यह राशि 7900 करोड़ रुपये के बराबर होगी और इसे भी देश के कंसोलिडेटिड फंड में जमा किया जायेगा।

लॉकडाउन के बाद भी...

अदालतें संबंधित उच्च न्यायालयों द्वारा बनाये गए नियमों के तहत काम करें। शीर्ष न्यायालय ने अदालतों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई की रूपरेखा तय करते हुए कहा कि तकनीक भविष्य में काम आने वाली है। मुख्य न्यायाधीश शरद अरविंद बोबडे, न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति एल नागेश्वर राव की खंडपीठ ने कोरोना के बढ़ते प्रभाव को लेकर जारी लॉकडाउन के दौरान अदालतों में वीडियो कॉन्फ्रेसिंग के जरिये सुनवाई के मसले पर स्वतः संज्ञान लेकर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये सुनवाई की।

कोरोना से संक्रमितों...

विभाग के आंकड़ों के अनुसार जो नए मामले सामने आए हैं उनमें पुणे से 19, मुंबई से 11 और सतारा, अहमदनगर तथा वसाई से एक-एक मामला शामिल है। राज्य में 33 नए मामलों के सामने आने के बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 787 हो गई है। मुंबई में कोरोना से संक्रमित सबसे अधिक 190 पाजिटिव केस आए हैं। राज्य में कोरोना की महामारी को देखते हुए राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी ने प्रधानमंत्री केयर्स फंड में अपने वार्षिक वेतन का 30 प्रतिशत देने की घोषणा की है।

राज्यों से संपर्क में...

वायरस के प्रकोप से उत्पन्न स्थिति के बारे में विस्तार से चर्चा की। संभवतया यह पहला मौका है जब मंत्रिमंडल की बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये की गई है। इससे पहले की बैठकों में सभी सदस्यों ने सामाजिक दूरी का ख्याल रखते हुए हिस्सा लिया था।

गरीबों के राशन...

लिए सेवा अभियान। जब से ये संकट शुरू हुआ है, तब से भाजपा के लाखों कार्यकर्ता, दिन रात गरीबों की मदद करने, उन्हें राशन पहुंचाने के कार्य में जुटे हैं। आने वाले दिनों में आप सभी को इसे एक बड़े अभियान में बदलना है। एक-एक भाजपा कार्यकर्ता को ये सुनिश्चित करना है कि हमारे आसपास एक भी गरीब भूखा न रहे, उसके पास पर्याप्त भोजन हो। आपको एक और बात ध्यान रखनी है कि किसी की मदद के लिए जाते समय, फेस-कवर जरूर पहनें। जो डॉक्टर या नर्स पहनते हैं, वो वाला मास्क ही हो, ये जरूरी नहीं है। हम घर में किसी भी साधारण कपड़े से फेसकवर बना सकते हैं।

अमेरिका में बाघिन...

के लक्षणों के लिए बाघों की चौकस निगरानी करने और उनके पोस्टमॉर्टम एवं जैविक नमूने एकत्र करते समय स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देशों के अनुरूप सावधानी बरतने को कहा है।

केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की ये एडवायजरी

-जानवरों के असामान्य व्यवहार की हो मॉनिटरिंग

देश को सभी चिड़ियाघरों को हाईअलर्ट पर रहने की सलाह दी जाती है। सीसीटीवी की मदद से जानवरों पर चौबीसों घंटे नजर रखकर उनके असामान्य व्यवहार या लक्षणों की निगरानी की जानी चाहिये। जानवरों की देख-रेख करने वालों के लिए कहा गया है कि वे बिना कोरोना से निजी बचाव के साधनों के उनके बिल्कुल नजदीक नहीं जायेंगे। यदि कोई जानवर बीमार पड़ता है तो उसे बाकी जानवरों से अलग रखा जायेगा। जानवरों को खाना देते समय भी इस बात का ध्यान रखा जायेगा कि उनके साथ कम से कम संपर्क हो।

कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव
निविदा सूचना

क्रमांक 584/स्वा.विभाग/ 2020-21 राज. दिनांक 03/04/2020

नगर पालिक निगम राजनांदगांव द्वारा वित्तीय वर्ष 2020-21 में नीचे दर्शित वार्डों के सफाई ठेका कार्य हेतु मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

क्रं.	कार्य का नाम	(अनुमानित प्राक्कतन राशि) 12 माह के लिए	निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	वार्ड क्र.-51 का सफाई ठेका कार्य कम्पलीट (श्रमिक-08 एवं सफाई सामग्री, समस्त करों सहित निविदाकार द्वारा)	8,51,136/-	23.04.2020
2	रात्रिकालीन सफाई ठेका कार्य कम्पलीट (श्रमिक-15 एवं सफाई सामग्री, समस्त करों सहित निविदाकार द्वारा)	15,95,880/-	--,,--
3	हाटबाजार/ सब्जी बाजार का सफाई ठेका कार्य कम्पलीट (श्रमिक-05 एवं सफाई सामग्री, समस्त करों सहित निविदाकार द्वारा)	5,31,960/-	--,,--

उपरोक्त सफाई ठेका कार्यों की निविदा से संबंधित सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय नगर पालिक निगम राजनांदगांव के स्वास्थ्य विभाग एवं वेबसाईड www.mcrin.com& http://www.uad.cg.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन, शुद्धिकरण एवं अमेंडमेंट पृथक से विज्ञापन जारी नहीं किया जावेगा। वेबसाईड में ही प्रकाशित किया जावेगा।

आयुक्त,
नगर पालिक निगम राजनांदगांव

GOVERNMENT OF CHHATTISGARH, WATER RESOURCES DAPARTMENT
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER
MAHANADI GODAWARI BASIN RAIPUR (C.G)

e-PROCUREMENT TENDER NOTICE

eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

CORRIGENDUM NO.3

(1) In System Tender 61386/NIT No.: 08/SAC/2019-20, Balod, Dated 27.02.2020 Whose G-Number is 78173 dated 24.03.2020
(2) In System Tender 61460/NIT No.: 09/SAC/2019-20, Balod, Dated : 27.02.2020 Whose G-Number is 78174 dated 24.03.2020
(3) In System Tender 61724/NIT No. : 10/SAC/2019-20, Balod, Dated : 02.03.2020 Whose G-Number is 78175 dated 24.03.2020 following amendments are made :-

S.No.	Amendments
1	Online Tenders are invited for the following works up to 22.04.2020 at 17.30 Hour
2	Bid Open Start Date and time : 23.04.2020, 11.30 Hours

Note :- All other terms and conditions will remain be unchanged.

Executive Engineer
water Resources Division,
Balod (C.G.)

G-80011/4 For, Chief Engineer, Mahanadi Godavari Basin Raipur (C.G.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित,
फोन व फैक्स : 0771-4035602, RNI NO.CHHHIN/2012/41806/ डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

प्रियंका ने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति जताया आभार

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा ने पीएम केयर फंड में योगदान देने के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वागत किये जाने पर उनका आभार जताया है। प्रियंका और उनके पति निक जोनास ने कोरोना वायरस (कोविड-19) के खिलाफ जारी लड़ाई में अपना योगदान देते हुए यूनिसेफ और पीएम केयर्स फंड में डोनेशन दिया था। इस बात का संज्ञान लेते हुए पीएम मोदी ने उनकी सराहना की थी। अब प्रियंका ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया हैं। प्रियंका ने सोशल मीडिया पर लिखा, श्री नरेन्द्र मोदी धन्यवाद। हम साथ में सबसे मजबूत हैं। उन सभी को धन्यवाद जिन्होंने इस महत्वपूर्ण फंड में योगदान दिया हैं। गौरतलब है कि प्रियंका चोपड़ा ने पीएम केयर्स फंड में दान देने के साथ-साथ यूनिसेफ, फीड अमेरिका, गूंज, डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स, गिव इंडिया और कई संस्थाओं में मदद के लिए अपना हाथ आगे बढ़ाया है। प्रियंका ने इस बात की जानकारी देते हुए कहा कि दुनिया को हमारी मदद की पहले से कहीं ज्यादा जरूरत है। प्रियंका ने अपने और निक द्वारा दिये गए दान की जानकारी साझा करते हुए सोशल मीडिया पर लिखा था, दुनिया को हमारी मदद की पहले से कहीं ज्यादा जरूरत है। प्रियंका ने बताया था कि निक और वह पहले ही सभी संस्थाओं में दान कर चुके हैं।

कनिका को मिली कोरोना से मुक्ति

लखनऊ (वार्ता)। कोरोना संक्रमण के कारण करीब 17 दिन लखनऊ के संजय गांधी स्नानाकोत्तर आर्युविज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में बिताने के बाद बालीवुड गायिका कनिका कपूर को सोमवार को स्वस्थ होकर घर जाने की अनुमति दे दी गयी हालांकि अब उन्हे 14 दिन एकांतवास में बिताने होंगे। लंदन से लखनऊ पहुंची कनिका के कोरोना पॉजिटिव पाए जाने के बाद 20 मार्च को एसजीपीजीआई में भर्ती कराया गया था। गायिका की पहली चार रिपोर्ट एक के बाद एक पाजीटिव आने के बाद चिंता बढ़ गयी थी लेकिन बाद में पांचवीं और छठी रिपोर्ट निगेटिव आने से चिकित्सकों को राहत मिली और आज उन्हे पूरी तरह स्वस्थ मानते हुये अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया। घर लौटने के बाद भी कनिका को सतर्कता बरतने को कहा गया है। डाक्टरों ने उन्हे 14 दिनों तक होम क्वारंटीन में रहने के निर्देश दिये हैं।
गौरतलब है कि लंदन से आने के बाद कनिका चोरी छिपे अमौसी हवाई अड्डे से बाहर निकल गयी थी और उन्होने कई पार्टियों में शिरकत की थी। गायिका ऐसे ही एक कार्यक्रम में शरीक हुयी थी जिसमें सूबे के स्वास्थ्य मंत्री जयप्रताप सिंह समेत कई जानीमानी हस्तियां मौजूद थी। उनके कोरोना पाजीटिव की पुष्टि के बाद सरकार समेत समूचा प्रदेश चिंता में डूब गया था और श्री सिंह समेत अन्य राजनेता क्वारंटीन में चले गये थे। गनीमत रही कि संपर्क में आये किसी भी व्यक्ति में कोरोना संक्रमण की पुष्टि नहीं हुयी। पुलिस ने लापरवाही बरतने के आरोप में गायिका के खिलाफ तीन अलग अलग प्राथमिकी दर्ज की है और अब अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद पुलिस कनिका से पूछताछ कर सकती है। लखनऊ के पुलिस कमिश्नर सुजीत पांडे के अनुसार 14 दिनों का क्वारेंटाइन खत्म होने के बाद कनिका कपूर से पूछताछ की जायेगी। कनिका के खिलाफलखनऊ के सरोजनी नगर,हजरतगंज और महानगर थाने में विभिन्न धाराओं में मामले दर्ज है। उन पर सरकार के दिशा-निर्देशों का उल्लंघन करने और जानबूझकर लोगों की जान खतरे में डालने का आरोप है।

कोरोना के खिलाफ जंग में अर्जुन ने दिया डोनेशन

मुबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने कोरोना वायरस के विरूद्ध चल रही जंग में पीएम-केयर्स फंड में डोनेशन दिया है। कोरोना वायरस महामारी के खिलाफइस जंग में पूरा देश एक साथ नजर आ रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील के बाद बॉलीवुड के कई सेलेब्रीटी पीएम केयर्स फंड में डोनेशन दे रहे हैं। इस कड़ी में अब अर्जुन का नाम भी शामिल हो गया है। अर्जुन ने पीएम केयर फंड्स और सीएम रिलीफफंड समेत पांच जगहों पर डोनेट किया है। इस बात की जानकारी एक्टर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दी है। अर्जुन ने इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर किया है जिसमें उन्होंने लिखा,÷इंडिया इस वक्त संकट के बीच फंसा है।



सलमान ने लोगों से घर में रहने की अपील

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने लॉकडाउन के दौरान लोगों से घर पर रहने की अपील की है। कोरोना वायरस की वजह से देश में 14 अप्रैल तक लॉकडाउन लगाया गया है। इस दौरान बॉलीवुड सितारे अपने-अपने तरीके से सोशल मीडिया के जरिए लोगों में जागरुकता फैलाने की कोशिश करते दिख रहे हैं। सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साक्षा कर लोगों से घर पर रहने की अपील की है।

सलमान खान ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें वो सोहेल खान के बेटे और अपने भतीजे निर्वान खान के साथ बैठे है। सलमान खान इस वीडियो में कहा, ÷हम लोग यहां पर आए थे कुछ दिनों के लिए और अब हम यहीं पर हैं, तो हम लोग तो भई डर गए हैं। निर्वान सोहेल के बेटे हैं, इन्होंने अपने पिता को 3 हफ्तों से नहीं देखा और मैंने भी अपने पिता को तीन हफ्ते से नहीं देखा। हम लोग यहां पर हैं और मेरे पिता अकेले घर पर हैं।

सलमान खान ने कहा, आपको वो डायलॉग याद है? जो डर गया समझो मर गया...लेकिन वो यहां पर लागू नहीं होता। हम लोग डर गए और बड़ी बहादुरी से कह रहे हैं कि हम लोग डर गए हैं। आप लोग भी ज्यादा ब्रेव मत बनें। इस पर निर्वान खान कहते हैं कि 'बहादुरी दिखाने से बेहतर होगा कि आप सभी घर पर ही रहें। किसी भी तरह के कॉन्टेक्ट से बचें। मुझे लगता है कि जितना हम घर पर रहेंगे उतनी ही जल्दी ये सब ठीक होगा।' सलमान खान कहते हैं कि 'जो डर गया समझो बच गया और उसने बहुत सारे लोगों को बचाया भी।

अगस्त में हो सकती है पीजीए गोल्फ चैंपियनशिप

न्यूयार्क, (वार्ता)। साल के चार मेजर गोल्फ टूर्नामेंटों में से एक पीजीए चैंपियनशिप का आयोजन छह से नौ अगस्त तक किया जा सकता है। इस चैंपियनशिप को कोरोना वायरस के खतरे के चलते स्थगित कर दिया गया था। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार चैंपियनशिप शहर के हार्डिंग पार्क कोर्स में ही होगी। चैंपियनशिप का आयोजन अमेरिका पीजीए करता है। इस चैंपियनशिप का आयोजन 14 से 17 मई तक होना था लेकिन अमेरिका पीजीए ने कोरोना के खतरे को देखते हुए गत 17 मार्च को इसे स्थगित कर दिया था।

कोरोना के कारण दुनिया भर में खेल गतिविधियां ठप्प पड़ी हुई हैं और अमेरिका कोरोना से सबसे ज्यादा प्रभावित देशों में से एक है।अमेरिका में कोरोना वायरस से मरने वालों की संख्या 9562 पहुंच गयी है। न्यूयॉर्क में कोरोना का सबसे ज्यादा असर देखने को मिला है। न्यूयॉर्क शहर में अब तक कुल 2250 लोगों की मौत हुई है। अमेरिका में कोरोना के अब तक 331000 मामलों की पुष्टि हुई है। वर्ष की पहली मेजर चैंपियनशिप द मास्टर्स को इस गुरूवार से अगस्ता नेशनल में शुरू होना था लेकिन क्लब ने गत 13 मार्च को इसे स्थगित कर दिया था। यूएस ओपन को न्यूयॉर्क में 18 से 21 जून और ब्रिटिश ओपन को केंट में रॉयल सेंट जार्ज में 16 से 19 जुलाई तक होना है और ये अभी तक निर्धारित कार्यक्रम में हैं। समझा जाता है कि अगले कुछ दिनों में यूएस ओपन को स्थगित करने की घोषणा की जा सकती है।

सहवाग ने शेयर किया वीडियो- नन्हा बच्चा बता रहा कोरोना से कैसे बचें

नई दिल्ली (ए.)। भारतीय टीम के पूर्व विस्फोटक बल्लेबाज वीरेंदर सहवाग का सोशल मीडिया पर अपना अलग ही स्वैग है। वह माइक्रोब्लॉगिंग वेबसाइट ट्विटर पर अपने चुटीले अंदाज में ही गंभीर से गंभीर शिक्षा देने में माहिर हैं। इन दिनों सहवाग भी देश को कोरोना वायरस के खतरे के प्रति लगातार सावधान कर रहे हैं। इस बार सहवाग ने एक नन्हे बच्चे का वीडियो शेयर कर यह बताया कि कोरोना में क्या करें और क्या नहीं। वीरू ने इस बार अपने ट्विटर अकाउंट पर एक बच्चे का वीडियो शेयर किया है, जो बेहत रोचक ढंग से कोरोना वायरस के खिलाफसभी जरूरी बातों को कैमरे के सामने बता रहा है। 1 मिनट 29 सेकंड के इस वीडियो में यह बालक कोरोना की रोकथाम के वह सभी उपाय बता रहा है, जिन्हें आजकल भारत सरकार और मीडिया जगत बार-बार बता रहा है।

अपने इस क्यूट वीडियो में बच्चा बताता है, 'जैसा कि आप सभी जानते हैं कि कोरोना वायरस इस वर्ल्ड की सबसे बड़ी प्रॉब्लम है और इसका अभी तक कोई भी इलाज नहीं मिला है। लेकिन नॉर्मल कोरोना वायरस को रोका जा सकता है इसे रोकने के लिए मैं आपको कुछ पॉइंट्स बताने जा रहा हूं।' इसके बाद यह लिटिल स्टार बार-बार साबुन से हाथ धोने, मुंह ढककर घर से बाहर निकलने और जब में सैनिटाइजर रखने की बात बताता है। देश में इन दिनों 21 दिन का लॉकडाउन जारी है, जिसे इस नन्हे स्टार ने भी जोर देकर लोगों से अपील की है कि वह हर हाल में इस लॉकडाउन का पालन करें और अपनी सेहत और स्वास्थ्य को बनाए रखें।

इस वीडियो के साथ सहवाग ने कैप्शन दिया है- महत्वपूर्ण संदेश- यह अभी भी हम सभी के लिए सबसे जरूरी बात है। एक बच्चा इसे बखूबी बता रहा है, प्लीज उसे सुनिए और सलाह का पालन कीजिए।

चीन की पुरुष फुटबॉल टीम का कोविड-19 टेस्ट नेगेटिव

बीजिंग, (वार्ता)। चीन की पुरुष फुटबॉल टीम का 14 दिन का मेडिकल क्वारंटाइन समाप्त हो गया है और सभी खिलाड़ियों का कोरोना वायरस कोविड-19 टेस्ट नेगेटिव आया है। 25 सदस्यीय टीम ने हाल में दुबई में अपना ट्रेनिंग कैंप समाप्त किया था और गत 23 मार्च को चीन के हैनान प्रान्त सान्या लौटी थी। टीम को आगमन के बाद से ही एक होटल में अलग-थलग रखा गया था। टीम चीन ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर कहा कि टीम का सान्या में आगमन के तुरंत बाद ही कोविड-19 टेस्ट हुआ जो नेगेटिव निकला था।

इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर पीटर वॉकर का निधन

लंदन (वार्ता)। इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर पीटर वॉकर का सोमवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 84 वर्ष के थे। वह ग्लेमोर्गन क्लब की ओर से प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेला करते थे। पीटर ने 1956 में प्रथम श्रेणी क्रिकेट खेलना शुरू किया था उससे पहले वह मर्चेंट नेवी में काम किया करते थे। पीटर मध्यक्रम के एक आक्रामक बल्लेबाज होने के साथ बांए हाथ के स्पिन गेंदबाज भी थे। शानदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी करने के अलावा पीटर एक बेहतरीन क्षेत्ररक्षक भी थे। उन्होंने अपने प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर में 697 कैच पकड़े। वह स्लिप और शार्ट लेग पर एक शानदार क्षेत्ररक्षक थे।

कोरोनाः गोपीचंद ने बढ़ाए हाथ की 26 लाख की सहायता

■ **गोपीचंद ने कहा- इस महामारी से देश की अर्थव्यवस्था पर भी असर सभी करें मदद**

नई दिल्ली (ए.)। कोरोना वायरस से जंग के लिए खेल जगत भी खुले दिल से आगे आ रहा है। राष्ट्रीय बैडमिंटन कोच पुलेला गोपीचंद ने भी इस वैश्विक महामारी से लड़ने के लिए मदद का हाथ बढ़ाया है। गोपीचंद ने इस घातक वायरस के खिलाफ मदद के लिए बने केंद्र और राज्य सरकारों के रिलीफ फंड में कुल 26 लाख रुपये की मदद की है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा बनाए गए 'पीएम केयर्स फंड' में 11 लाख रुपये देने दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने 10 लाख रुपये तेलंगाना मुख्यमंत्री राहत कोष और 5 लाख रुपये आंध्र प्रदेश मुख्यमंत्री राहत कोष में दिए हैं। गोपीचंन ने बताया कि 'कोविड-19 से लड़ने के लिए मैं केंद्र और राज्य सरकार को अपनी ओर से छोटा सा सहयोग कर रहा हूं।' ऑल इंग्लैंड चैंपियन इस पूर्व खिलाड़ी ने कहा, 'हमारे देश में बहुत विविधता है और तमाम चुनौतियों के बावजूद, केंद्र और राज्य सरकारें शानदार काम कर रही हैं।' भारत को दो ओलिंपिक पदक दिलवाने में अहम भूमिका निभाने वाले कोच ने कहा, 'हम सभी को अपनी ओर से मदद करनी चाहिए।' उन्होंने लोगों से सरकार के दिशा-निर्देशों का पालन करने का भी अनुरोध किया। उन्होंने कहा, 'घर पर रहिए, सुरक्षित रहिए।' गोपीचंद ने कहा, 'हमारी अर्थव्यवस्था पर भी इसका असर पड़ा है। हमें जब भी मौका मिले मदद करनी चाहिए। साथ मिलकर हम यह जंग जीत सकते हैं। इससे पहले, क्रिकेटर सुरेश रैना ने पीएम केयर्स फंड में 31 लाख और उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री आपदा कोष में 21 लाख रुपये दिए थे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने पीएम-केयर्स फंड में 51 करोड़ रुपये की सहायता की थी। वहीं सचिन तेंडुलकर ने 25-25 लाख रुपये पीएम रिलीफफंड और महाराष्ट्र मुख्यमंत्री रिलीफ फंड में दिए थे। बीसीसीई अध्यक्ष सौरभ गांगुली, धावक हीमा दास, बैडमिंट खिलाड़ी पीवी सिंधु, पहलवान बजरंग पूनिया क्रिकेटर रोहित शर्मा, विराट कोहली और कई खिलाड़ियों ने भी मुश्किल की इस घड़ी में मदद के लिए हाथ बढ़ाया है।

कोरोना के कारण टूर्नमेंट के आयोजन की संभावना कम

ब्यूनस आयर्स। अपने जमाने की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी और पूर्व यूएस ओपन चैंपियन गैब्रियला सबातीनी को लगता है कि कोविड-19 महामारी के कारण वर्ष 2020 में पेशेवर टेनिस की वापसी की संभावना कम हो गई है। अर्जेंटीना की पूर्व टेनिस प्लेयर सबातीनी ने सुबिडोस ला रेड पोडकास्ट से कहा, 'मुझे लगता है कि आगामी महीनों में किसी खेल प्रतियोगिता का आयोजन करना मुश्किल होगा। मुझे संदेह है कि टेनिस में अब इस साल शायद ही कोई टूर्नमेंट हो पाएगा।' 49 साल की सबातीनी ने कहा कि फ्लिहाल सभी तरह के टेनिस टूर्नमेंट को सितंबर-अक्टूबर तक के लिए टाल दिया गया है। इससे पहले विंबलडन प्रमुख रिचर्ड लुईस भी इस तरह की संभावना जता चुके हैं।

लुईस ने हाल में कहा था 'मुझे नहीं लगता कि यह कहना अवास्तविक होगा कि हो सकता है कि इस साल आगे कोई टेनिस टूर्नमेंट ना हो।' दुनिया की तमाम खेल प्रतियोगिताओं की तरह टेनिस टूर्नमेंटों का आयोजन नहीं हो रहा है। फ्रेंच ओपन को सितंबर-अक्टूबर तक स्थगित कर दिया गया है जबकि विंबलडन को दूसरे विश्व युद्ध के बाद पहली बार रद्द कर दिया गया है।

इसका मतलब है कि 13 जुलाई तक कोई भी टेनिस टूर्नमेंट नहीं हो पाएगा। यूएस ओपन में 1990 में एकल खिताब जीतने वालीं सबातीनी ने कहा, 'यह निराशाजनक है। आप नहीं जानते कि यह कब समाप्त होगा। आप भविष्य के बारे में सोचना पसंद करते हो लेकिन अभी ऐसा नहीं कर सकते। वैश्विक स्तर पर सभी की स्थिति एक जैसी है और ऐसे में घर में रहकर स्वस्थ रहना महत्वपूर्ण है।'

न्यूज गैलरी

जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने ग्राम भद्रापाली में मास्क व साबुन का किया वितरण

अर्जुनी। बलौदाबाजार विकासखण्ड के ग्राम पंचायत भद्रापाली में कोविड 19 वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण के रोकथाम के मद्देनजर बलौदाबाजार जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा व उनके कार्यकर्ताओं द्वारा गांव में मास्क का वितरण किया गया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने लोगो को शासन प्रशासन के दिशानिर्देशों को पालन करते हुए बेवजह घरों से ना निकलने व घर मे सुरक्षित रहने की अपील किया । वंही उक्त कार्यकर्ताओं व पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग को ध्यान में रखा गया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत भद्रापाली के सरपंच ने रामकुमार ध्रुव उपसरपंच रूपेंद्र कुमार वर्मा पंच टीकम साहू,सोहन साहू,दुर्गेश वर्मा, भोला वर्मा,संतोष वर्मा,राजु वर्मा,जीवन वर्मा,किरण वर्मा,सुनीता वर्मा,पुष्पा वर्मा सहित पंचायत सचिव भूषण वर्मा शामिल रहे।

जैन श्री संघ ने पीएम व जिला सहायता कोष में दी सहयोग राशि

साजा। अहिंसा परमो धर्मः का संदेश विश्व में प्रवाहित करने वाले भगवान श्री महावीर का जीवन-दर्शन हम सभी के लिए प्रेरणादायी है, उनके सिद्धांत सदैव हमें अच्छे मार्ग पर चलने हेतु प्रेरित करते रहेंगे ऐसी ही बातों का अनुसरण करते हुए महावीर जयंती के पावन अवसर पर वैश्विक महामारी कोरोना वायरस के संक्रमण से निपटने के लिए जैन श्री संघ साजा द्वारा जिला सहायता कोष मैं 25000/- एवं प्रधानमंत्री राहत कोष मैं 41000/- का चेक एस डी एम सर को प्रदान किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जैन श्री संघ साजा ऋषभ चंद जैन, पूरन लाल बागरेचा, पुखराज जैन, अमृत लाल छाजेड़, जितेंद्र कोठारी, कमलकिशोर छाजेड़, मनोज गोगड़, सचिव छगन गोलेछा, मुकेश वोरा, कमलेश सांखला, मित्र मंडल अध्यक्ष जितेंद्र दुग्गड़, सचिव मुकेश छाजेड़ आदि उपस्थित रहे।

तकनिकी कर्मचारी अपना आई कार्ड साथ में रखेंगे

बेमेतरा/साजा । कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी शिव अनंत तायल ने आज शनिवार को एक आदेश जारी कर नोवल कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुए, लॉकडाउन से छूट प्राप्त सेवाओं के संबंध मे स्पष्ट किया गया है कि इस प्रतिबंध से मुक्त सूची जैसे-टेलीकॉम, इण्टरनेट सेवा, आई.टी. आधारित सेवायें, मोबाईल रिचार्ज एवं सर्विसेस दुकानों से संबंधित है, के संबंध मे स्पष्ट किया जाता है कि उनके अधिकारी/कर्मचारियों, मेकेनिक, लाईनमेन रिपेयर को कार्य करने एवं कार्य स्थल मे आने-जाने की अनुमति रहेगी, परंतु वे आई.डी. कार्ड साथ रखेंगें तथा सोशल डिस्टेसिंग का पालन करेंगें।

विशेषज्ञ डॉक्टरों के पद हेतु आवेदन आमंत्रित

बेमेतरा/साजा। आगामी 03 माह हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन जिला बेमेतरा के अंतर्गत विशेषज्ञ चिकित्सक 03 पद (एम.डी.मेडिसिन-01, शिशु रोग विशेषज्ञ-01, हड्डी रोग विशेषज्ञ-01) तथा चिकित्सा अधिकारी के 05 पद हेतु विज्ञापन प्रकाशित किया गया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि पात्र एवं इच्छुक अभ्यार्थी 14 अप्रैल 2020 तक स्वयं प्रत्येक कार्य दिवस मे प्रातः 10.30 बजे से 5.00 बजे तक कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला बेमेतरा (छ.ग.) मे उपस्थित होकर आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। नियुक्त हेतु नियम एवं शर्ते आवेदन का प्रारुप की विस्तृत जानकारी कार्यालय के सूचना पटल पर एवं जिले के वेबसाईट (डब्ल्यू डब्ल्य डब्ल्य डाट बेमेतरा डाटजीओवीडाटईन) में देखी जा सकती है।

सुन्नी मुस्लिम कमेटी ने सौंपा विधायक आशीष छाबड़ा को कोविड-19 से लड़ने हेतु सहयोग राशि का चेक

बेमेतरा/साजा ।अन्य समाजो के साथ ही सुन्नी मुस्लिम कमेटी बेमेतरा भी बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के द्वारा कोरोना वायरस को बेमेतरा में रोकने हेतु किये जा रहे प्रयासों पर अपना योगदान देने हेतु सामने आई सुन्नी मुस्लिम कमेटी बेमेतरा के द्वारा विधायक आशीष छाबड़ा जी को विधायक कार्यालय में कमेटी के सदस्यों ने उन्हें जिला कोषालय में सुन्नी मुस्लिम समाज की ओर से 1 लाख 1 हजार रुपये का चेक सौपा। इस अवसर पर अध्यक्ष सै.नवाब अली, सै. बहादुर अली,हाजी सै.रज्जाक अली, सै.कौसर अली, इक़बाल रिजवी, मो.जहीर कुरैशी, सै. बशीर अली, वसीम खान, इल्यास शेखानी, सै. गुलज़ार अली, हारून शेख, सलीम हिंगोरा, डॉ.सादिक कुरैसी एवं समस्त मुस्लिम समाज बेमेतरा उपस्थित रहे।

500 पेटी शराब के साथ ट्रक जब्त, ड्राइवर फरार

■ **सुहेला पुलिस को मिली बड़ी कामयाबी**

भाटापारा। नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देशन में पुलिस को एक ट्रक शराब जब्त करने में बड़ी सफलता फिर हाथ लगी है।ग्रामीण इलाके में लाक डाउन के चलते एस पी ने अपना पॉइंट लगाया था सुहेला पुलिस को उक्त ट्रक से 500 पेटी अंग्रेजी शराब जब्त करने में सफलता हाथ लगी है। सुहेला पुलिस ने वाहन मालिक और चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर फरार हुए ट्रक चालक की तलाश कर रही है।

उपरोक्त सम्बन्ध में मिली जानकारी अनुसार जिले के नए एस पी प्रशांत ठाकुर को जिले में शराब खपाए जाने की सुचना मिली थी।सुचना पर एस पी ने एडिशनल एस पी निवेदिता पाल, एस डी ओ पी केबी द्विवेदी को निर्देशित किया।उनके मार्ग दर्शन में सुहेला पुलिस को ट्रक क्रमांक एम पी 07 एच् बी 3828 से 500 पेटी शराब जब्त करने में सफलता हाथ लगी है।

विदित हो की,लाक डाउन के चलते पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर के निर्देसन में थाना प्रभारी सुहेला रोशन सिंह राजपुत के कुशल नेतृत्व में पेट्रोलिंग की जा रही है कि आज दिनाँक को ग्राम हिरमी में ग्रामीण इलाका से ट्रक जाते देख थाना सुहेला से सिविल गाड़ी में पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी द्वारा ट्रक का पीछा किया गया जो सिविल गाड़ी में लगे पुलिस पेट्रोलिंग चस्पा पर्चा को देखकर ट्रक चालक द्वारा अपने ट्रक को तेज रफ्तार भगाते ले जाने पर पुलिस पेट्रोलिंग द्वारा पीछा किया गया तो ट्रक चालक ट्रक को छोड़कर भाग गया।ट्रक को सुरक्षित जगह पर ले जाकर चेक करने पर ट्रक में भारी मात्रा में मध्यप्रदेश राज्य का अंगेजी गोवा अवैध शराब भरा मिलने पर ट्रक को अभिरक्षा में लेकर थाना लाया गया , आरोपी ट्रक चालक एवं वाहन मालिक के खिलाफ अवैध शराब परिवहन करते पाए जाने पर आबकारी एक्ट के तहत अपराध क्रमांक 68/20 धारा 34(2),आबकारी एक्ट पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। सम्पूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी सुहेला रोशन सिंह राजपूत , पेट्रोलिंग पार्टी सउनि जगदेव साहू , प्रधान आर. 88 संतोष वर्मा, आर. मिर्जा अब्बास, सुरेश, मोहन राय, विजय टोप्पो, सतीश वर्मा, का योगदान रहा।

लेवई धान उपार्जन केन्द्र से धान की चोरी मामले में 3 खिलाफ एफआईआर दर्ज

भाटापारा। जिला सहकारी बैंक अधीन लेवई धान उपार्जन केंद्र से रात्रि में दो वाहनों में धान चोरी के मामले में ग्रामीण थाना में 2 फड़ प्रभारी और 1 हमाल मुकरदम के खिलाफ धारा 409,34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले की जाँच की जा रही है।

मामला भाटापारा विकासखण्ड के लेवई धान उपार्जन केन्द्र का है। उप पंजीयक सहकारिता से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्राथमिक कृषि साख सहकारि समिति लेवई पंजीयन क्रमांक 844 के उपार्जन केंद्र लेवई में 3 अप्रैल को रात्रि में उपार्जन केंद्र में हमाल मुकरदम के कहे जाने पर वाहन नम्बर CG04JD0355 एवं CG 13 L 2673 में कुल 152 कट्टा धान अवैधानिक तरीके से अफरातफरी के उद्देश्य से लोड किया पाया गया। रात्रि में गाड़ी लोड होते देख ग्रामीणों ने गड़बड़ी की आशंका के आधार पर इसे घेर कर वरिष्ठ अफसरों को सूचना दी। मौके पर हमाल मुकरदम वाहनों के साथ पकड़ा गया। घटना की जानकारी मिलते ही उप पंजीयक व अनुविभागीय अधिकारी ने सहकारिता विस्तार अधिकारी को मामले की जांच व स्टॉक का भौतिक सत्यापन करने आदेशित किया ।

उपार्जन केंद्र में भौतिक सत्यापन किये जाने पर 1हज़ार 589 कट्टा धान कम पाया गया । जांचकर्ता अधिकारी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन में उक्त कमी के लिए धान खरीदी कार्य प्रारंभ होने से पदस्थ फड़ प्रभारी गोलू गुप्ता , वर्तमान में फड़ प्रभारी जनक राम ध्रुव व घटना के समय पकड़ाए हमाल मुकरदम दिनेश साहू को प्रारंभिक रूप से दोषी पाया गया। घटना को गम्भीरता से लेते हुए कलेक्टर ने तत्काल प्राथमिकी दर्ज कराने के निर्देश दिए।जिस पर त्वरित कार्यवाही करते हुए उप पंजीयक ने समिति के प्राधिकृत अधिकारी को एफआईआर करने आदेशित किया ।

भाटापारा में झमाझम बारिश, पेड़, बिजली खंभे गिरे

भाटापारा। भाटापारा और आसपास के गांवो में शनिवार की शाम मौसम ने जबरदस्त रूप से करवट ली और तेज हवाओ के साथ बारिस में सब तरफ जल मग्न कर दिया ,और अनेक गांव में भी बारिस ने कहर बरपाया। कही से कोई जनहानि की सुचना तो नही है लेकिन घंटो विधुत प्रवाह बंद रहा।

तेज आंधी,हवाओ के साथ शहर और आस पास तेज गर्जना के मौसम ने बदवाल लिया और देखते ही देखते जोरदार बारिस ने मौसम में ठंडकता ला दी। शनिवार की शाम को हुई तेज हवा बारिस ने जहाँ पुरे शहर को झकझोर कर दिया तो कई स्थानों में पेड़ो के गिरने,,टिन टप्पर उड़ने की जमकर खबर आ रही है तो वही ग्रामीण क्षेत्रो के तरेंगा,रोहरा,सोबनरसा, पेण्ड्री खोखली सुरखी सेंदरी सहित अनेक गांव में भी बारिस की तबाही का समाचार मिल रहा है। बताया जाता है ग्राम रोहरा में विद्युत ट्रांसफार्मर में एक पेड़ के धराशायी होकर गिरने से पुरे गॉव में लाइट बंद हो गई। वही सोनबरसा में भी कई स्थानों में पेड़ गिरने की खबर है।इसके आलावा तरेंगा और अन्य मार्गो पर भी विद्युत खम्बे टूट कर निचे गिर गए। कई घरो के टिन शेड भी उड़ गए तो कच्चे कबेलु मकान भी भरभराकर निचे गिर गए।

शनिवार को हुई तेज बारिस आंधी तूफान से जनजीवन तो पूरी तरह अस्त व्यस्त हो गया लेकिन लाक डाउन के चलते पूरी सड़को,गॉव की गलियो में सन्नाटा होने के कारण कही से भी किसी प्रकार के जनहानि या हताहत होने की सुचना नही है।

महाविद्यालयीन छात्रों को भी जनरल प्रमोशन देने की मांग

लवन। छत्तीसगढ़ छात्र संगठन जोगी के द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल को उनके कार्यकाल व निवास के ईमेल आईडी एवं ट्विटर के माध्यम से ज्ञापन भेजकर प्रदेश के शासकीय एवं निजी महाविद्यालयों में अध्ययनरत लाखों छात्र छात्राओ को कोरोना महामारी की वजह से जारी लाकडाउन को देखते हुए अगली कक्षा में जनरल प्रमोशन दिये जाने की मांग की गई है। छत्तीसगढ़ छात्र संगठन जोगी के प्रदेश सचिव सुशील बंजारे ने अपने ज्ञापन में बताया है कि कोरोना महामारी पूरे विश्व के साथ साथ भारत में भी बहुत तेजी से अपने पैर पसार रही है और छत्तीसगढ़ भी इसके रोकथाम के लिए एक मात्र उपाय सामाजिक दुरी को ही कारगर माना गया है जिसके फलस्वरूप देशव्यापी लाक डाउन जारी है ऐसे में छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी शैक्षणिक कैलेंडर सत्र 2019-20के तहत मुख्य परीक्षाओं के लिए तय समय सीमा भी निकला जा रहा है। और यह स्थिति कब तक सामान्य होगी यह कह पाना भी कठीन प्रतीत हो रहा है। इन परिस्थितियों में प्रदेश के महाविद्यालयों में अध्ययनरत लाखों छात्र छात्राओ को अपने शैक्षणिक भविष्य को लेकर चिंताए बढ़ती जा रही है। जिसे देखते हुए संगठन द्वारा परीक्षाएं सिर्फ स्नातक एवं स्नातकोत्तर अंतिम वर्ष के लिए आयोजित किये जाने तथा पूर्व में दी गई मुख्य परीक्षा अथवा बोर्ड परीक्षा के प्राप्त अंक के आधार पर स्नातक एवं स्नातकोत्तर प्रथम वर्ष द्वितीय के सभी छात्र छात्राओ को अगली कक्षा में जनरल प्रमोशन के द्वारा प्रवेश दिये जाने के मांग की गयी है।ज्ञात हो कि कुछ दिन पहले ही मुख्यमंत्री स्कूल शिक्षा मंत्री छत्तीसगढ़ शासन के द्वारा प्रदेश के कक्षा पहली से आठवीं तक वह 9वीं तथा 11वीं के सभी छात्र छात्राओ को जनरल प्रमोशन के द्वारा अगली कक्षा में प्रवेश देने की घोषणा की है।

नरकंकाल बरामद, क्षेत्र में दहशत

डोंगरगढ़ । लॉकडाऊन के चलते डोंगरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत धनडोंगरी के अंतर्गत आने वाले ग्राम मानिकपुर के पहाड़ी में एक अज्ञात व्यक्ति की सड़ी गली अवस्था मे नरकंकाल मिलने से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। इस बात की सूचना धनडोंगरी के सरपंच नेमीचंद साहू द्वारा सुबह 9 :00 बजे पुलिस थाना डोंगरगढ़ को दी गई, पुलिस मौके पर पहुँच कर नरकंकाल का पंचनामा कर उसे सील कर पुलिस द्वारा मेडिकल कालेज रायपुर भेजा गया,वही नरकंकाल के मिलने से लोगों में डर बना हुआ है। वहीं इसे लेकर लोगों में कौतुहल भी है कि उक्त व्यक्ति कौन हो सकता हैं कहाँ से आया होगा। थाना प्रभारी अलेक्जेंडर कीरो का कहना है कि शव पूरी तरह से गल चुकी थी जिसका शिनाख्त हो पाना मुश्किल था। मौके पर कीटनाशक की दवाई मिली,फिर भी इस संबंध में अभी कुछ कह पाना उचित नही होगा जाँच रिपोर्ट आने पर ही सही मायने में कुछ कह पाना संभव होगा।

कोरोना के विरुद्ध जलाये दिया

डोंगरगढ़ । देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में 3 तारीख के देश के नाम संबोधन में समस्त देश की जनता को 5 अप्रैल की रात 9:00 बजे अपने घर की लाइट बंद कर घर के बाहर दीप प्रज्वलित करने का आव्हान किया था जिससे कि सभी लोगों में कोरोना वायरस के संक्रमण से लड़ने का नया उत्साह का प्रवाह हो सके । जिसका असर धर्म नगरी डोंगरगढ़ में भी देखने को मिला जहां रात 9 बजते ही शहर की पूरी जनता ने अपने अपने घरों की लाइट बंद कर करीब आधा घंटा तक घर के बाहर दीप प्रज्वलित कर देश की एकता में सहभगिता में भाग लिए समूचे शहर में दिया, कैंडल, टार्च जलाते हुए अतिशबाजी भी देखने को मिला, नीचे माँ बम्लेश्वरी मंदिर में भी दिप प्रज्वल्लन कर माता रानी से कोरोना के महामारी से निजात दिलाने की कामना किया गया । वहीं आम लोगो ने अपने अपने आराध्य से कोरोना वायरस के संक्रमण से लड़ने हेतु शक्ति देने की प्रार्थना किया गया ।

3 दुकानों पर एसडीएम ने दी दबिश, जुर्माना ठोका

■ **एक दुकान को किया सील**

भाटापारा। लाक डाउन के चलते किराना दुकान के नाम पर पान मसाला,गुटका सिगरेट बेचने वालेकिराना दुकानदार के यहाँ एस डी एम महेश सिंह राजपूत के नेतृत्व में पालिका अधिकारीयो ने दबिश देकर भारी मात्रा गुटका सिगरेट,पाउच् जब्त कर उसके खिलाफजुर्माना वसूल किया गया है, वही दो अन्य दुकानों में भी दबिश देकर वहा से भी अर्थ दंड की राशि पालिका प्रशाशन ने वसूल की है तथा नशीली गोली बेचने वाली एक दुकान की सील भी किया गया है।

उपरोक्त सम्बन्ध में मिली जानकारी अनुसार लाक डाउन के कारण मिली कुछ आवश्यक वस्तुओ के दुकानदारो को छुट का अनावश्यक फायदा उठाने,अधिक कीमत लगाने की बढ़ती शिकायत पर एस डी ?म महेश सिंह राजपूत ने तहसीलदार प्रवीण तिवारी के साथ पालिका अधिकारी आशीष तिवारी,स्वास्थ अधिकारी रविन्द्र शुक्ला, उप अभियन्ता एस के केवलानी की टीम के साथ सादर बाजार स्थित गायत्री किराना स्टोर में दबिश दी,जहाँ किराना दुकान की आड़ में पान गुटका मशाला,सिगरेट पाउच् का जखीरा मिला,एस डी ?म ने उक्त दुकान संचालक को चेतावनी देते हुए पालिका प्रशासन ने 5000 रूपये का जुर्माना वसूल किया है। उसी तरह सदर बाजार की योगेश किराना स्टोर में अधिक कीमत में खादय सामगी बेचते पकड़कर उसे भी चेतावनी दी गई और उससे 2000 रूपये की राशि अर्थ दंड स्वरुप वसूल की।इसके आलावा मनील किराना स्टोर में भी सिगरेट,पान मशाला के साथ नशीली गोली बेचे जाने पर उक्त दुकान दार की दुकान को शील करते हुए उससे 5000 रूपये अर्थ दंड वसूला गया।

प्रधानमंत्री के अपील पर लोगों ने देश के लिए जलाएं दिये : दिखी एकजुटता

नवप्रदेश संवाददाता

अर्जुनी। कोरोना वायरस के चलते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अपील पर 5 अप्रैल को देशभर में रात 9 बजे 9 मिनट तक घर की बिजली बत्तियां बुझाकर दिया जलाने के लिए अपील की थी । देश मे संक्रमण से लड़ने ,उसे मत देने कोरोना से विजय के प्रतीकात्मक संकल्प दिखाते हुए अंचल में एकजुटता दिखाते हुए ।अपील का पालन करते हुए । लोगो द्वारा एक रस में डूबे अपने-अपने घरों, आंगन, बालकनी ,बरामदा व छतों पर मोमबत्ती, टॉर्च, मोबाइल फ्लेश लाइट व दीपक जलाकर इस लॉक डाउन के दौरान घरो में रहकर कोरोना संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ने के लिए अभी भी दम खम से घर पर रहकर ही इस अपील को मानते हुए बड़े जोश और दिल लगाकर इस अंधकार को चीरा। अंचल में कई गांवों से अलग - अलग दृश्य भी नजर आए । रात 9 बजे सड़को,गलियों,मोहल्लों में दीवाली सी रोशनी बिखर गई थी। कइयों ने तो अपने घर,आंगन पर रंगोली बनाकर दिए सजाकर दिप जलाये । लोग बड़े मातृभूमि, देशभक्ति की पूजा निमित्त दिए जलाए। तो बहुतों ने तो खूब पटाखे भोड़ आतिशबाजी किये व शंख,घंटी की बजाकर भारतमाता के जयकारा भी हुआ।यद्यपि इसलॉक डाउन में सड़के सुनी थी पर लोगों को 9 बजे का इंतज़ार था। महिलाएं थाल में दीपक सजाये अपने दरवाजे पर खड़े हुए दिखे तो कितने छत पर। बच्चो में इस अवसर पर काफी उत्साह देखने को मिला। बहुतों ने मोमबत्ती का उपयोग किया ।

पालिका निराश्रितों को तत्काल पेंशन बाटें : छाबड़ा

डोंगरगढ़ । नगर पालिका परिषद के नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि कोरोना जैसी गंभीर बीमारी एवं लॉक डाउन के चलते निराश्रित पेंशन धारियों को आवश्यक राशन सहित अन्य जरूरत की आवश्यकता हेतु भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है जबकि शहर के 24 वार्ड में शासन की योजना का लाभ लेने वाले निराश्रित पेंशन लेने वालों की काफी संख्या है, जिसमें विधवा विकलांग वृद्धा जो इसी निराश्रित पेंशन के भरोसे लोगों को दवा सहित अन्य छोटे-छोटे सामग्री पर खर्चा करते हैं जिसमें उम्र 80 वर्ष सहित कई लोगो पेंशन राशि प्रदान किया जाता है जो लगातार नगर पालिका एवं बैंक के चक्कर काट रहे हैं इन्हें तत्काल प्रशासन शिविर प्रत्येक वार्डों में लगाकर राशि उपलब्ध कराया जाए साथ ही कोरोना जैसे गंभीर बीमारी को ध्यान में रखते हुए राशि देते समय मास्क व शोसल डिस्टेंसिंग सुनिश्चित करें एवं दूरी का भी ध्यान रखें एकमुश्त भीड़ भी ना हो इसका भी ध्यान रखा जाए वहीं दूसरी ओर नगर पालिका परिषद डोंगरगढ़ प्रशासन इस बात का भी ध्यान रखें कि 14 तारीख तक 24 वार्ड में निराश्रित पेंशन वितरण सुनिश्चित करने नेता प्रतिपक्ष अमित छाबड़ा ने नगर पालिका अधिकारी से मांग किया कि निराश्रित पेंशन अति शीघ्र दिलाने की व्यवस्था तत्काल करें।

मानवता की ओर एसआई इंदिरा बनी शहर के लिए प्रेरणा

डोंगरगढ़ । पूरा विश्व जहां आज कोरोना महामारी से लड़ रहा, जिससे निपटने के लिए सरकार द्वारा लॉक डाउन किया गया है । ऐसे में गरीब और बेसहारा लोगों को हो रही भोजन में दिक्कत है, जिसको देखते हुए डोंगरगढ़ थाना में पदस्थ एस आई इंदिरा वैष्णव ने लॉक डाउन के शुरुआत से ही स्वयं पहल कर गरीब बेसहारा लोगों के लिए आगे आई थीं।

थाना प्रभारी ने बताया महिला एस आई इंदिरा वैष्णव है थाने कि रोल मॉडल: डोंगरगढ़ थाना प्रभारी अलेक्जेंडर किरो ने बताया कि लॉक डाउन की शुरुआत से ही अकेले इंदिरा द्वारा लोगो की भोजन की व्यवस्था की जा रही थी जिसके बाद थाना स्टाफ, एस डी ओ पी चंद्रेश ठाकुर और एस डी एम अविनाश भोई ने शहर के आम जनता से भी इस ओर पहल करने को कहा जिसके बाद से ही शहर में एक नई पहल हुई और सभी गरीब परिवार को दोनों वक्त पुलिस कि गाड़ी में भोजन रख बटवाया जा रहा है ।

नर सेवा ही माधव सेवा है इसको चरितार्थ किया इंदिरा ने: शहर में नर सेवा ही माधव सेवा है इसको चरितार्थ करने में अपनी ड्यूटी के साथ साथ ही बराबर समय दे रही है एस आई यह कोई पहला मौका नहीं समय समय पर इंदिरा द्वारा अपनी ड्यूटी को ले कर आदर्श प्रस्तुत किया गया है जिसकी तारीफ मंच से ए डी जे विभा पांडेय ने भी महिला दिवस के दिन उन्हें पुरस्कृत करते हुए कहा था । जब उन्हें टाइफॉयड होने के बाद भी अपने ड्यूटी को अपना कर्तव्य समझा और डॉक्टर के मना करने के बाद भी केस डायरी ले कर न्यायालय पहुंची थी जिसके बाद ए डी जे विभा पांडेय द्वारा उन्हें महिला दिवस में पुरस्कृत भी किया गया था मीडिया भी आप सभी शहर वासियों से इस भीषण आपदा के समय गरीब परिवारों की मदद के लिए आगे आने का आह्वान करता है ।

प्रदर्शनी उद्योग को 3500 करोड़ रुपये का नुकसान, सहायता पैकेज की मांग

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रदर्शनियों के आयोजन से जुड़े उद्योग को पिछले दो महीने में 3,500 करोड़ रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है और उसने सरकार से सहायता पैकेज की माँग की है। प्रदर्शनी एवं ट्रेड शो उद्योग की संस्था 'इंडियन एक्जिबिशन्स इंडस्ट्री एसोसिएशन' (आईईआईए) ने आज बताया कि कोरोना वायरस 'कोविड-19' महामारी शुरू होने के बाद से ही प्रदर्शनी एवं ट्रेड शो उद्योग को अभूतपूर्व झटका लगा है। देश में होने वाले कई अंतरराष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय कार्यक्रम या तो टाले जा रहे हैं या रद्द किये जा रहे हैं। उसने सरकार से फौरन हस्तक्षेप करने और आर्थिक सहायता पैकेज तैयार करने का अनुरोध किया है ताकि उद्योग को मुश्किलों से थोड़ी राहत मिल सके।

आईईआईए के अध्यक्ष एस. बालसुब्रमण्यम् ने कहा, ÷दुनिया भर में फैली कोविड-19 महामारी ने भारतीय प्रदर्शनी उद्योग पर बहुत खराब असर डाला है। पिछले कुछ सप्ताहों में 90 से अधिक कार्यक्रम या तो टाल दिये गये हैं या रद्द हो गये हैं। संगठित क्षेत्र में वर्ष भर में होने वाले कार्यक्रमों का यह लगभग 15 प्रतिशत है। इस कारण

पिछले दो महीने पूरे उद्योग को करीब 3,570 करोड़ रुपये का नुकसान होने का अनुमान है। कोरोना संकट बना रहा तो आँकड़ा बढ़ भी सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी और व्यापार कार्यक्रम कारोबार को कई गुना बढ़ाते हैं। प्रदर्शनियों से विक्रेता और खरीदार को एक ही जगह मिलने का मौका तो मिलता ही है, व्यापार तथा यात्रा दोनों क्षेत्रों को इससे रफ्तार भी मिलती है। महामारी के कारण सरकारी और निजी दोनों तरह के सम्मेलन, राष्ट्रीय/ अंतरराष्ट्रीय बैठकें और प्रदर्शनियाँ रद्द हुई हैं, जिससे इस उद्योग की जीवनरेखा ही रुक गई है। श्री बालसुब्रमण्यन ने बताया कि भारतीय प्रदर्शनी उद्योग का सालाना कारोबार लगभग 23,800 करोड़ रुपये का है। संगठित क्षेत्र में हर वर्ष 550 से अधिक कार्यक्रम किये जाते हैं। प्रदर्शनी उद्योग के कारण तीन लाख करोड़ रुपये से अधिक के व्यापारिक या कारोबारी लेनदेन होते हैं, विभिन्न प्रकार के उद्योगों को बढ़ावा मिलता है और भारी संख्या में रोजगार सृजन भी होता है। करीब 1.20 लाख लोगों को इस उद्योग में रोजगार मिलता है। पिछले कुछ वर्षों से यह उद्योग लगातार करीब 10 प्रतिशत की दर से बढ़ रहा है। उन्होंने प्रधानमंत्री कार्यालय, पर्यटन मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय तथा वित्त मंत्रालय से प्रदर्शनी आयोजकों, प्रदर्शनी स्थलों तथा प्रदर्शनियों को मदद देने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुराध किया। साथ ही सरकार से सभी प्रदर्शनी सेवाओं पर जीएसटी की दर मौजूदा 18 प्रतिशत से घटाकर तत्काल 12 प्रतिशत करने का अनुरोध भी किया गया है। इसके अलावा जीएसटी और आयकर को छह से नौ महीने तक के लिए टालने, सरकारी आयोजन स्थलों के किराये में सब्सिडी देने और देशी कार्यक्रमों में हिस्सा ले रही एमएसएमई/एनएसआईसी इकाइयों को प्रतिभागिता शुल्क पर 100 प्रतिशत सब्सिडी देने की भी आईईआईए ने माँग की।

उपहार मेला कोरोना के कारण रद्द

हस्तशिल्प निर्यात संवर्द्धन परिषद के महानिदेशक राकेश कुमार ने कहा कि परिषद ने हाल ही में वसंत में होने वाला भारतीय शिल्प एवं उपहार मेला कोरोना वायरस के कारण रद्द किया है। मेला इसी महीने होने वाला था। इसमें विदेश से सात हजार खरीददार और देश के विभिन्न भागों से 3,200 से भी अधिक छोटे एवं मझोले हस्तशिल्प विनिर्माता एवं निर्यातकों के आने की उम्मीद थी। हस्तशिल्प से जुड़े लाखों कुशल कारीगरों पर इसका असर पड़ा है।

न्यूज गैलरी

'लाइफलाइन उड़ान' के तहत 185 टन चिकित्सा सामग्री भेजी गयी

नई दिल्ली(वार्ता)। लॉकडाउन के दौरान चिकित्सा तथा अन्य जरूरी सामानों की आपूर्ति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से शुरू की गयी 'लाइफ्लाइन उड़ान' के तहत अब तक 185 टन सामान देश के विभिन्न हिस्सों में भेजे गये हैं। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने आज बताया कि 'लाइफ्लाइन उड़ान' के 11वें दिन रविवार को वायुसेना के विमानों ने 16 उड़ानें भरीं और कुल 23.70 टन चिकित्सा सामग्रियां विभिन्न स्थानों पर पहुंचायीं। वायु मार्ग से माल ढुलाई की इस व्यवस्था के तहत अब तक कुल 132 उड़ानों में 184.66 टन सामान पहुंचाया गया है।

एयर एशिया 31 मई तक के टिकट की तारीख में नहीं लेगी शुल्क

नयी दिल्ली (वार्ता)। निजी विमान सेवा कंपनी एयर एशिया इंडिया ने 31 मई तक के टिकट पर यात्रा की तारीख में बदलाव को शुल्क मुक्त करने की घोषणा की है। एयरलाइन ने आज बताया कि यात्री 31 मई 2020 या उससे पहले की यात्रा के लिए बुक कराये गये या भविष्य में बुक कराये जाने वाले टिकट की तिथि में बिना कोई शुल्क दिये बदलाव कर सकते हैं। यात्रा तिथि में बदलाव शुल्क से छूट घरेलू मार्ग पर के सभी टिकटों पर लागू होगी।

मुकेश अंबानी की नेटवर्थ 2 महीने में 28% घटकर करीब 36 खरब रह गई

टॉप 100 से बाहर हो गए अडाणी, नादर और उदय कोटक

मुंबई (ए.)। कोरोना की चपेट में दुनिया के बड़े से बड़े दिग्गज आ चुके हैं। इस महामारी ने किसी को बीमार किया तो बहुत से दौलतमंदों की वित्तीय सेहत को भारी चोट पहुंचाई है। कोरोना के लपेटे भारत के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी भी आ गए हैं। उनकी नेटवर्थ में पिछले दो माह में 28 फीसद की भारी कमी दर्ज की गई है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के मुताबिक अंबानी की नेटवर्थ 300 मिलियन डॉलर (30 करोड़) प्रति दिन गिरकर 31 मार्च को 48 बिलियन डॉलर रह गई है। उनकी संपत्ति करीब 1 लाख 44 हजार करोड़ घट चुकी है और अब यह 3 लाख 65 हजार करोड़ रह गई है। अंबानी के अलावा गौतम अडाणी, शिव नादर और उदय कोटक की संपत्ति में भी जबरदस्त कमी दर्ज की गई है।

आठ स्थान फिसलकर 17वें पायदान पर आ गए अंबानी

मुकेश अंबानी की संपत्ति में कमी की बड़ी वजह शेयर बाजारों में जबरदस्त गिरावट है। हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट के मुताबिक रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर की संपत्ति में फरवरी-मार्च की अवधि में 19 अरब डॉलर की कमी दर्ज की गई। इस वजह से वह दुनियाभर की अमीर शख्सियतों की सूची में आठ स्थान फिसलकर 17वें पायदान पर पहुंच गए हैं।

अडाणी के नेटवर्थ में 37 फीसद की गिरावट

इस रिपोर्ट के मुताबिक अडाणी के नेटवर्थ में इस दौरान छह अरब डॉलर (37 फीसद), HCL Technologies के संस्थापक शिव नाडर की संपत्ति में 5 अरब डॉलर या 26 फीसद और बैंकर उदय कोटक के नेट वर्थ में 4 अरब डॉलर या 28 फीसद की कमी दर्ज की गई। वहीं गौतम अडाणी, शिव नादर और उदय कोटक की संपत्ति में भी जबरदस्त कमी दर्ज की गई है। इस हालिया लिस्ट के मुताबिक तीनों उद्योगपति दुनिया के 100 सबसे अमीर शख्सियतों की सूची से बाहर हो गए हैं। इस लीग में अकेले अंबानी का नाम है।

बता दें भारत के शेयर बाजारों में पिछले दो माह में तकरीबन 25 फीसद की गिरावट दर्ज की गई है। कोविड-19 से जुड़े मौजूदा संकट एवं दुनियाभर में शेयरों की बिकवाली के चलते शेयर बाजारों में यह गिरावट देखने को मिला है। Hurun Report India के मैनेजिंग डायरेक्टर अनस रहमान ने कहा, ''शेयर बाजारों में 26 फीसद की गिरावट और डॉलर के मुकाबले रुपये के मूल्य में 5.2 फीसद की कमी के चलते भारत के शीर्ष उद्योगपतियों को झटका लगा है। मुकेश अंबानी की संपत्ति में 28 फीसद की कमी दर्ज की गई है।''

दुनिया सबसे अमीर जेफ बेजोस को कम नुकसान

दुनिया के टॉप 10 अमीरों को भी कोरोना की वजह से भारी चपत लगी है। इस लिस्ट में शामिल कार्लोस स्लिम एंड फैमिली, बिल गेट्स, मार्क जुकरबर्ग, लैरी पेज, सर्गेई ब्रिन और माइकल ब्लूमबर्ग की दौलत में भी कोविड-19 की वजह से सेंध लग गई है। अमेजन के सीईओ जेफ बेजोस 131 बिलियन डॉलर के नेटवर्थ के साथ दुनिया के सबसे अमीर आदमी बने हुए हैं, जिनकी संपत्ति में पिछले दो महीनों के दौरान केवल 9 प्रतिशत की गिरावट हुई है। इसके बाद बिल गेट्स, बफेट और अर्नाल्ट हैं। इन दो महीनों में वॉरेन बफेट की संपत्ति में 19 बिलियन डॉलर की कमी दर्ज की गई है।

रेलवे के 2500 कोच बन गए आइसोलेशन 'वार्ड'

अब 4,000 बेड आपात स्थिति के लिए तैयार

नई दिल्ली। कोविड-19 से को हराने और उससे पार पाने के लिए भारतीय रेल भी पूरी ताकत से जुटा हुआ है। इसके लिए रेलवे ने अपनी पूरी ताकत और संसाधन लगा दिए हैं। इतने कम समय में उसने अपने 5,000 कोच को आइसोलेशन (एकांत) कोच में तब्दील करने के शुरुआती लक्ष्य में 2,500 कोच के साथ आधा लक्ष्य हासिल कर लिया है। लॉकडाउन के दौर में जब कार्यबल संबंधी संसाधन सीमित बने हुए हैं और उनका समझ-बूझ से इस्तेमाल किया जाना जरूरी है, रेलवे के विभिन्न मंडल कार्यालयों ने इतने कम समय में असंभव से लग रहे इस कार्य को लगभग पूरा कर लिया है। लगभग 2,500 कोचों में बदलाव के साथ अब 4,000 आइसोलेशन बेड आपात स्थिति के लिए तैयार हैं। एक बार नमूने को जैसे ही मंजूरी मिली, मंडल रेलवे कार्यालयों ने तेजी से बदलाव का काम शुरू कर दिया था। भारतीय रेलवे के रोजाना औसतन 375 कोचों में बदलाव किया जा रहा है। देश के 133 स्थानों पर यह काम किया जा रहा है। पूर्व में जारी किए गए चिकित्सा परामर्शों के तहत इन कोचों में सभी सुविधाएं हैं। जरूरतों और नियमों के तहत सर्वश्रेष्ठ विश्राम और

चिकित्सा निगरानी सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कोविड 19 के खिलाफलड़ाई में स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा किए जा रहे प्रयासों के पूरक के तौर पर इन आइसोलेशन कोचों को सिर्फ आपात स्थिति के लिए तैयार किया जा रहा है।

लॉकडाउन से घटी पेट्रोल, डीजल की मांग, एलपीजी की बढ़ी

नयी दिल्ली। देश में मार्च महीने में पेट्रोल की मांग 15.5 प्रतिशत और डीजल की मांग 24 प्रतिशत कम हुई है। कोविड- 19 को फैलने से रोकने के लिये पूरे देश में 21 दिन का लॉकडाउन (बंद) जारी है। इस वजह से वाहनों के आवागमन पर रोक है। विमानों में इस्तेमाल होने वाले विमान ईंधन (एटीएफ) की बिक्री भी मार्च में 31 प्रतिशत तक घट गई। तमाम कारोबारी गतिविधियों के निलंबित रहने के साथ ही सड़कों पर वाहनों और आकाश में विमानों की उड़ानों पर रोक लगी है। हालांकि इस दौरान घरेलू रसोई गैस सिलेंडर (एलपीजी) की मांग बढ़ी है। लॉकडाउन की घोषणा के बाद लोगों ने घरेलू सिलेंडर की बुकिंग तेज कर दी जिससे इनकी खपत बढ़ी है।

एचडीएफसी बैंक को 'पीएम केयर्स फंड' के लिए डोनेशन एकत्रित करने का मैंडेट मिला

मुंबई। एचडीएफसी बैंक लिमिटेड को 'पीएम केयर्स फंड' एकत्रित करने का मैंडेट मिला है। इस फंड का उदेश्य कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न होने वाली किसी भी तरह की आपातकालीन स्थिति एवं आपदा से निपटना तथा इससे प्रभावित लोगों को राहत प्रदान करना है। लोग अपने घर बैठकर डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड एवं डिजिटल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से अपना डोनेशन दे सकते हैं। इसके लिए उन्हें निम्नलिखित लिंक पर क्लिक करना होगा। https:// www.hdfcbank.com/personal/pay/donations

कॉर्पोरेट निम्नलिखित विवरण के साथ डोनेशन दे सकते हैं : खाता संख्या : 59194700000000, आईएफएससी कोड : HDFC0000011, पीएम ओपैन संख्या : AAETP3993P, Sec 80 (G) के तहत टैक्स में छूट, ब्रांच : 0011, वसंत विहार, नई दिल्ली।

फंड में दिया गए गए योगदान को सेक्शन 80 (जी) 15-20 दिनों के बाद पीएम केयर्स पोर्टल से डाउनलोड की जा सकती है। डोनर्स अग्रणी नेशनल एनजीओ, जैसे गूंज, रैपिड रिस्पॉन्स फोर्स एवं हैल्पेज़ इंडिया को भी अपना योगदान दे सकते हैं। एचडीएफसी बैंक के मैनेजिंग डायरेक्टर, आदित्य पुरी ने कहा हमें यह अवसर मिलना सम्मान की बात है। मैं सभी लोगों ने आग्रह करता हूँ कि वो हमारे जीवन को सुरक्षित करने के इस विशाल कार्य में भारत सरकार का सहयोग करें। हम वैष्विक संकट के दौर से गुजर रहे हैं। मेरा मानना है कि भारत ने समय रहते कदम उठाया है और हम इस चुनौती पर विजय पालेंगे। एचडीएफसी ग्रुप ने पीएम केयर्स फंड में 150 करोड़ रु. का योगदान दिया है।

भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस के साथ एयरटेल पेमेंट्स बैंक की साझेदारी

मुंबई / नई दिल्ली। भारत के पहले पेमेंट्स बैंक, एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने भारती एक्सा जनरल इंश्योरेंस, जो भारत के प्रमुख व्यापारिक समूहों में से एक भारती एंटरप्राइजेज, और दुनिया की सबसे बड़ी बीमा कंपनियों में से एक एक्सा का संयुक्त उद्यम, के साथ इस चुनौतीपूर्ण समय में कोविड -19 के खिलाफ वित्तीय सुरक्षा प्रदान करने हेतु सरल और केंद्रित बीमा योजना प्रदान करने के लिए साझेदारी की है।

इस साझेदारी के तहत, उन्होंने दो अलग-अलग स्वास्थ्य बीमा योजनाएं शुरू की हैं - भारती एक्सा ग्रुप हेल्थ एश्योर जो 25,000 रुपये तक का लाभ प्रदान करता है और ग्रुप हॉस्पिटल कैश जो कोविड-19 से सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिदिन 500 रुपये से शुरू होने वाला दैनिक लाभ प्रदान करता है। कोविड-19 को कवर करने वाली भारती एक्सा ग्रुप हेल्थ एश्योर पॉलिसी एक निश्चित कवर की पेशकश करती है जो 100 प्रतिशत बीमित राशि प्रदान करती है, अगर पॉलिसी धारक को पॉजिटिव डायग्नोज़ किया जाता है और उसे किसी सरकारी अस्पताल या सैन्य सुविधा में संगरोध अवस्था में रखा जाता है। यदि सरकारी अस्पताल या सैन्य सुविधा / प्रतिष्ठान में कम से कम 14 दिनों तक रहने के बाद पॉलिसी धारक को नेगेटिव डायग्नोज़ किया जाता है, तो वह बीमा राशि का 50 प्रतिशत हकदार होगा। पॉलिसी खरीद के पहले दिन से कोविड-19 के लिए सुरक्षा प्रदान करती है और इसे 499 रुपये (जीएसटी सहित) की कीमत पर खरीदा जा सकता है। जिससे आपको 25,000 रुपये की निश्चित बीमा राशि प्राप्त होगी। इसका लाभ एयरटेल थैंक्स ऐप के बैंकिंग सेक्शन से लिया जा सकता है या एयरटेल पेमेंट्स बैंक के निकटतम एक्टिव बैंकिंग प्वाइंट पर जाकर भी आप इसका लाभ उठा सकते हैं।

ग्रुप हॉस्पिटल कैश पॉलिसी अस्पताल में भर्ती होने पर प्रति दिन एक निश्चित भत्ता प्रदान करती है। इस पॉलिसी के अनुसार, इस योजना के आधार पर, ग्राहक अस्पताल में भर्ती रहने पर प्रत्येक दिन 500 या 1000 रुपये के निश्चित लाभ का हकदार है, और ये अधिकतम 10 दिनों के लिए प्रयोज्य है। यह लाभ दोगुना हो जाता है, यदि पॉलिसी धारक का इलाज इंटेंसिव केयर यूनिट (आईसीयू) में किया जाता है। न्यूनतम 24 घंटे के लिए अस्पताल में भर्ती रहने के बाद एक ग्राहक इस लाभ का दावा कर सकता है।

आज का भविष्यफल

मेष : मेष राशि के जातकों का यह उत्कृष्ट समय है, उनका राशि स्वामी उच्च का होकर कार्य क्षेत्र में विराजमान है जो कि उनके कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन को दिखा रहा है।

वृषभ : वृषभ राशि के जातकों का राशि स्वामी अपने घर में विराजित होकर उनकी मजबूत स्थिति को दर्शा रहा है, इस समय में बुद्धि के प्रयोग के द्वारा इनके हर काम आसानी से बन जाएंगे साथ ही साथ धन प्राप्ति के भी अवसर उपलब्ध होते रहेंगे।

मिथुन : मिथुन राशि के जातकों का कार्यक्षेत्र में परेशानियों का दौर समाप्त नहीं हो पा रहा है, परंतु अपने पराक्रम और मेहनत के सहारे वह कामयाबी पाने में सफल होंगे।

कर्क : कर्क राशि के जातकों को वाणी की सौम्यता तथा बुद्धि का प्रयोग कार्यक्षेत्र में सफलता के मार्ग प्रशस्त करेगा। कार्य के लिए उत्तम समय है, सभी काम आसानी से बन जाएंगे।

सिंह : इस राशि के जातकों के लिए कार्यक्षेत्र में रचनात्मकता बनी रहेगी। कार्य आसानी से सिद्ध होंगे, धन की प्राप्ति भी सुचारू रूप से होती रहेगी खर्चों को नियंत्रित करने में कामयाब रहेंगे।

कन्या : कन्या राशि के जातक कुछ शारीरिक अस्वस्थता महसूस करेंगे, जिसकी वजह से कार्य करने में मन नहीं लगेगा। वाद-विवाद से बचें खर्चों की अधिकता मानसिक तनाव देगी।

तुला : तुला राशि के जातक कार्यक्षेत्र में अपने विरोधियों को परास्त करते हुए सफलता पाने में कामयाब होंगे। मेहनत का लाभ बहुत अच्छी तरह से मिलेगा, बुद्धि का सही उपयोग हर क्षेत्र में आपको सफलता देगा।

वृश्चिक : वृश्चिक राशि के जातकों का पराक्रम चारों ओर से सफलता प्रदान कर रहा है। काम करने में खूब मन लगेगा। धन की प्राप्ति भाग्य के सहारे आसानी से हो जाएगी, जीवनसाथी का सहयोग मिलता रहेगा।

धनु : धनु राशि के जातक सोशल मीडिया के उपयोग के द्वारा अपने कार्यक्षेत्र को बढ़ा सकते हैं। धन प्राप्ति के क्षेत्र में कुछ बाधाएं हैं, परंतु इन बाधाओं से उत्पन्न तनाव का असर अपने पारिवारिक जीवन पर न पड़ने दें।

मकर : मकर राशि के जातक एक अनजाने डर से घिरे रहेंगे, उन्हें अपने ऊपर विश्वास बनाए रखना चाहिए और मेहनत करते रहना चाहिए। सफलता जरूर मिलेगी।

कुंभ : कुंभ राशि के लोगों के लिए यह समय स्वचिंतन का है। कार्यक्षेत्र में परेशानियां क्यों आईं इस पर विचार करें, खर्च सोच-समझकर करें। यह समय धन प्राप्ति के लिए अनुकूल नहीं है।

मीन : मीन राशि के जातक कार्यक्षेत्र में वाद-विवाद से बचें, धन की प्राप्ति के अच्छे अवसर आपको मिल रहे हैं। इस समय मैं किया गया निवेश भविष्य में फायदेमंद सिद्ध होगा।

सू- दोकू क्र.084

	6	3		8		1		4
8			3		4		7	
	4			5		8		
3		8			1		4	
	1			4		9		7
		4			2		1	
1				3		4		8
	8		2		9		3	
		9		1		2		5

नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

सू-दोकू क्र. 83 का हल

6	7	9	2	4	5	3	1	8
2	1	8	3	7	6	9	5	4
7	6	4	5	2	8	1	3	9
3	8	1	6	9	7	2	4	5
9	2	5	4	1	3	8	6	7
8	3	7	9	6	4	5	2	1
5	4	2	8	3	1	7	9	6
1	9	6	7	5	2	4	8	3
4	5	3	1	8	9	6	7	2

शब्द सामर्थ्य -084

बाएं से दाएं

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

ऊपर से नीचे

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुजूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 83 का हल

स्मृ	ति	■	पा	व	क	■	बे	ल
■	र	ज	नी	च	र	■	■	दद्दु
मु	स्का	न	■	न	म	की	न	■
सा	र	■	स	■	■	ट	ख	ना
फि	■	अ	जा	य	ब	■	रा	जा
र	च	ना	■	था	ल	■	■	य
■	■	धि	■	र्थ	■	स	मा	ज
उ	प	कृ	त	■	आ	वा	ज	■
ल्लू	■	त	■	■	ब	ल	रा	म

जन सहयोग से हारेगा कोरोना

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के शहरी और ग्रामीण अंचलों की महिलाओं से दूरभाष पर की बातचीत

■ लाकडाउन में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति सहित शासकीय योजनाओं से मिल रहे लाभ की ली जानकारी

■ पीथमपुर गांव के प्रवेश द्वार पर ग्रामीणों के स्वः स्फूर्त होकर बेरियर लगाकर निगरानी को सराहा

■मुख्यमंत्री ने सोशल डिस्टेसिंग का कड़ाई से पालन की अपील की

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रदेश में कोराना वायरस संक्रमण की रोकथाम और बचाव के लिए ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की महिलाओं और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से आज अपने निवास कार्यालय से दूरभाष के जरिए बातचीत कर स्थिति का जायजा लिया।

मुख्यमंत्री ने न केवल शहरी बल्कि सुदुर वनांचल की महिलाओं से चर्चा की । उन्होंने लाकडाउन की स्थिति में शासकीय योजनाओं से मिल रहे लाभ तथा आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ गांव-गांव में स्व स्फूर्त होकर लोगों द्वारा लाकडाउन का कड़ाई से पालन किया जा रहा है। पीथमपुर गांवों में स्वस्फूर्त ढंग से ग्रामीणों ने बैरियर लगाकर लोगों के आने जाने पर निगरानी रख रहे हैं। किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है। सामाजिक दूरी का पालन किया जा रहा है। लोगों को आसानी से सब्जी, फल, दूध और राशन सामग्री मिल रही है। कीमतें भी नियंत्रित हैं।

दूरभाष पर चर्चा के दौरान मुंगेली जिले के पीथमपुर की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती अंजनी साहू ने मुख्यमंत्री को बताया कि गावं में लॉकडाउन का कड़ाई से पालन हो रहा है। गांव में दो रास्ते हैं दोनों रास्तों पर गांव के लोगों ने स्वस्फूर्त हो कर बेरियर लगाकर लोगों के आने-जाने पर निगरानी रखी जा रही है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से गर्भवती, शिशुवती माताओं को रेडी टू ईट फूड घर पहुंचाकर दिया जा रहा है। 6 माह से 3 वर्ष के 23, 3 वर्ष से 6 माह के 24 बच्चों तथा 60 गर्भवती माताओं 6 धात्री माताओं और 3 एनीमिक महिलाओं को रेडी टू ईट की सामग्री दी गई है। गांव में सभी लोग घर में रहते हैं। गांव में पीडीएस के माध्यम से राशन दिया जा रहा है।

कांकेर की किरण देहारी ने बताया कि घर में सभी का स्वास्थ्य ठीक है। पति पोल्ट्री फार्म चलाते हैं। इस वक्त पोल्ट्री फार्म बंद है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से रेडी टू ईट का वितरण हो रहा है तथा सूखा राशन मिला है। उचित मूल्य दुकानों से 35 किलो चांवल मिला है। मुख्यमंत्री ने किरण देहारी को बताया कि राज्य शासन द्वारा दो माह का राशन मुफ्त में दिया जा रहा है। इसके लिए किसी को राशि का भुगतान नहीं करना है। आप सभी लोगों को सामाजिक दूरी और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना है।

बीजापुर जिले के ग्राम मडीपारा की गायत्री नेताम ने बताया कि लॉकडाउन से कोई दिक्कत नहीं हो रही है। आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से बच्चों और शिशुवती माताओं को पोषण आहार मिल रहा है। सरगुजा जिले के ग्राम पड़ोली नवापारा की श्रीमती ज्योति यादव ने बताया कि गांव में राशन बंट रहा है। लॉक डाउन से वहां किसी प्रकार की दिक्कत नहीं है।

मुख्यमंत्री द्वारा राजनांदगांव के जीवन अपार्टमेंट में रहने वाली श्रीमती अनिता भदौरिया से हाल चाल पूछने पर बताया कि लाक डाउन का पूरा पालन हो रहा है। लाकडाउन से पूरा परिवार को पूरे दिन एक साथ रहने का अवसर मिला है। फल सब्जी मिलने में काई दिक्कत नहीं हो रही है। कीमतें नियंत्रित हैं। शासन के निर्देशों का पालन हो रहा है। हम सब को मिल कर कोरोना को पराजित करना है। कबीर नगर रायपुर की श्रीमती मानसी नामदेव ने बताया कि वह स्कूल में शिक्षक है। मुख्यमंत्री ने उनके पति से भी बातचीत की। उन्होंने मुख्यमंत्री को बताया कि वे लेबर कोर्ट में काम करते हैं। घर के काम काज में हाथ बंटा रहे हैं। सभी लोग स्वस्थ है। उनके मुहल्ले में भी लॉक डाउन का पालन हो रहा है।

सुकमा जिले के ग्राम पेण्टा की श्रीमती बेद्दी सग्गो ने बताया कि गांव में आंगनबाड़ी केन्द्रों के माध्यम से पोषण आहार घर पहुंचाकर दिया जा रहा है। गांव में कोई भी व्यक्ति कोरोना से संक्रमित नहीं है। शासन की योजनाओं का पूरा लाभ गांव में मिल रहा है। बिलासपुर की श्रीमती कल्याणी शेन्द्रे ने मुख्यमंत्री को बताया कि दैनिक जरूरतों की चीजें आसानी से मिल रही हैं। सभी सोशल डिस्टेसिंग का पालन कर रहे है।

शिक्षाविद् आईपी मिश्रा ने कोरोना से निपटने सीएम राहत कोष में दिए 20 लाख रु.

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना संक्रमण के खतरे से निपटने के लिए राज्य सरकार को विभिन्न संस्थानों व शख्सियतों की ओर से मदद दी जा रही है। इसी क्रम में शिक्षाविद् और श्री गंगाजली शिक्षण समिति (श्री शंकराचार्य ग्रुप आफइंस्टीटयूशन्स एंड मेडिकल कॉलेज) के अध्यक्ष आईपी मिश्रा ने भी कोरोना संक्रमण से निपटने के लिए 20 लाख रुपए की मदद दी है। आईपी मिश्रा की ओर से 20 लाख रुपए की मदद का चेक कोरोना से निपटने के लिए बनाए गए मुख्यमंत्री राहत कोष के खाते में जमा कराया गया है।

दवाईयां की होम डिलीवरी के लिए मेडिकल स्टोर्स की सूची जारी

रायपुर। लॉक डाउन के दौरान लोगों को घर बैठे ही जरूरी दवाईयां उपलब्ध कराने के लिए सभी 28 जिलों में सूचीबद्ध मेडिकल स्टोर्स, उनके मोबाइल नंबर, व्हाट्सएप नंबर, ईमेल एड्रेस और कांटेक्ट पर्सन के नाम जारी किए गए हैं। दवाइयों की आवश्यकता होने पर लोग इन नंबरों पर संपर्क कर घर बैठे दवाइयां प्राप्त कर सकेंगे।

बालक पर तेंदुए ने किया हमला, गम्भीर

गरियाबंद। एक 8 साल के बच्चे पर तेंदुए ने हमला कर दिया। मासूम गांव में ही खेल रहा था, इसी दौरान तेंदुए ने बच्चे पर हमला कर दिया। बच्चे की चीख पुकार सुनकर ग्रामीण एकत्रित हो गए। ग्रामीणों के ललकारने पर तेंदुआ नजदीक के पेड़ चढ़ गया। समाचार लिखे जाने तक तेंदुआ पेड़ पर मौजूद है।

पीसीसी चीफ मरकाम ने जिलों के राहत कार्यों का लिया जायजा

वीडियो कांफ्रेसिंग के जरिये होगी 7 अप्रेल को पीसीसी कार्यकारणी की पहली बैठक

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। कोरोना महामारी से राहत और बचाव कार्य मे कांग्रेस पूरी ततपरता से जुड़ी हुई है ।प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय रायपुर में कंट्रोल रूम पदाधिकारियों की बैठक ले कर जिलों और ब्लाकों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं और सरकार के चल रहे राहत कार्यो की जानकारी ली ।उल्लेखनीय है कि कांग्रेस ने सभी जिलों और ब्लाकों में कोरोना राहत और बचाव दल का गठन किया है जिसके द्वारा बचाव और राहत कामो में स्थानीय प्रशासन का सहयोग किया जा रहा है।कोरोना बचाव कार्य के बीच कांग्रेस कार्यकारणी की पहली बैठक 7अप्रेल को होगी बैठक प्रदेश प्रभारी पीएल पुनिया और अध्यक्ष मोहन मरकाम वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से लेंगे। वीडियो कसन्फ्रेसिंग में मुख्यमंत्री भुपेशबघेल ,एआइसीसी से वेणु गोपाल और राजीव सातव तथा स्वास्थ्य मंत्री टीएससिहदेव के भी जुड़ने की सम्भावना है ।कुल तीन बैठके होगी पहली बैठक 11 बजे से 12 .30 बजे तक चलेगी इसमे सभी जिलाध्यक्ष वीडियो कांफ्रेसिंग से जुड़ेंगे।दूसरी बैठक 12,.30बजे से 2 बजे तक चलेगी इसमे कांग्रेस के विधायक और सांसद जुड़ेंगे । तीसरी बैठक प्रदेश पदाधिकारियों और महापौरों की होगी।

मनरेगा के लिए 773.42 करोड़ जारी

■ मजदूरी में 404 करोड़ और सामग्री व प्रशासनिक मद में 369 करोड़ होंगे व्यय

■ राज्य शासन ने राशि जल्द जारी करने की थी मांग

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी योजना) कार्यों के लिए छत्तीसगढ़ के लिए 773 करोड़ 42 लाख रूपए जारी किए गए हैं। इनमें से 404 करोड़ एक लाख रूपए मजदूरी भुगतान के लिए और 369 करोड़ 41 लाख रूपए सामग्री व प्रशासनिक मद में खर्च के लिए जारी किए गए हैं। सामग्री व प्रशासनिक मद के लिए जारी की गई राशि में 88 करोड़ 13 लाख रूपए की राज्यांश राशि भी शामिल है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री टी.एस. सिंहदेव ने भारत सरकार से पत्राचार कर वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए मनरेगा कार्यों के लिए राशि जल्द जारी करने की मांग की थी। उनकी पहल पर केंद्र सरकार द्वारा चालू वित्तीय वर्ष में मजदूरी, सामग्री और प्रशासनिक व्यय के लिए यह राशि जारी कर दी गई है।

शराब के शौकिनों को 7 अप्रैल के बाद भी करना पड़ सकता है इंतजार

घर पहुंच सेवा से मिल सकती है शराब!

■ दुकान खुलते ही सोशल डिस्टेंसिंग हो सकती है तार-तार

■ पहले 31 फिर 7 और बाद में 14 अप्रैल किया लॉकडाउन

■ बिक्री को लेकर गठित टीम जल्द बनाएगी बिक्री के नियम

नवप्रदेश संवादाता

सहीं पालन हुआ तो नहीं बढ़ेगा लॉकडाउन : गृहमंत्री

जनता द्वारा पूछे गए लॉक डाउन के संदर्भ में गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि हम लोग सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हैं तो निश्चित रूप से कोरोना नहीं फैलेगा। लॉक डाउन सिर्फ जनता की सुरक्षा के लिए किया गया है। उन्होंने कहा कि लॉक डाउन का पालन आप सब अच्छे से करेंगे तो 14 अप्रैल के बाद लॉक डाउन को बढ़ाने की आवश्यकता नहीं होगी। लॉक डाउन के संदर्भ में जनता द्वारा कई सवालों के जबाब में कहा कि घर के दैनिक उपयोग के सामान के लिए आप बाहर जाए सामान लेकर आप घर वापस आये लेकिन बहुत से लोग इसका दुरुपयोग करते हैं। बैवजह घूमने निकलते हैं उस पर पुलिस द्वारा कार्यवाही होती है। उन्होंने बताया कि जो भी दुकानदार सामानों को अधिक रेट में विक्री कर रहा है,उसके ऊपर कार्यवाही हो रही है जो दुकानदार ज्यादा स्टॉक जमा किया है उसपर कार्यवाही हो रही है। उन्होंने अपने फेसबुक से जुड़े सभी लोगों का धन्यवाद किया।

रायपुर। कोरोना संक्रमण के खौफ का 15 दिन पूरे हो गए हैं। लॉकडाउन के बीच घरों में कैद लोगों को सब्जी, राशन और दूध के साथ दवाईयों की उपलब्धता तो सुनिश्चित कर दी गई है। लेकिन अब तक शराब के शौकिनों की पेशानी में चिंता की लकीरें साफ नजर आने लगी है। शराब प्रेमियों की तड़प से अंदाजा लगाया जा सकता है कि जान-माल के नुक्सान पर वे उतारू हैं। तीन से ज्यादा मौतें हो चुकी हैं और आधा दर्जन शराब दुकानों में चोरी की वारदातें हुई हैं। ऐसे में शराब बिक्री पहले 31 मार्च फिर 7 अप्रेल कर दी गई। केंद्र सरकार ने लॉकडाउन का पालन करने वाली नई तारीख 14 अप्रेल घोषित कर यह चिंता बढ़ा दी थी। तभी से शराब के लिए शौकिनों का दर्द छलकने लगा था। छत्तीसगड़ शासन के निर्देश पर लॉकडाउन के दौरान शराब दुकानें खोलने से पहले 4 सदस्यीय टीम गठित कर जान-माल के संभावित नुक्सान को खत्म करने के लिए नियम-कायदे बनाने कहा गया है। बहुत जल्द अब कमेटी अध्यक्ष उपमहाप्रबंधक सीएसएमसीएल मुख्यालय अनिमेष नेताम के नेतृत्व में शराब बिक्री व दुकान खोलने से लेकर शौकिनों को शराब उपलब्धता तक के लिए नियम बना लिया जाएगा। बिक्री नियमों में एकदम से नहीं बल्कि सीधे की बजाए घर पहुंच सेवा या फिर ऑन लाइन ऑर्डर पर भी विचार किया जा रहा है। ताकि 14 अप्रेल की लॉकडाउन मियाद तक अगर कोरोना संक्रमण कंट्रोल रहा तब भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुए कोई बेहतर तरीका शराब बिक्री का लिया जा सकता है। बता दें करीब 15 दिनों से शराब बिक्री प्रदेश में पूर्णतः बंद है ऐसे में कोचियों, जमाखोरों व्दारा ज्यादा कीमत में भी शराब बेचकर एक तरह से गोरखधंधे को बढ़ाने का काम किया है। कयास यह भी लगाया जा रहा है कि प्रदेश में फिलहाल तो कोरोना संक्रमण से शासन ने सुनियोजित तरीके से निपटा है। छत्तीसगढ़ में इसके आंकड़े भी और प्रशासन के प्रयास भी सराहनीय हैं, लेकिन दुकानें खुलीं या सीधे बिक्री की गई तो भीड़ टूट पड़ेगी और ऐसे में कोरोना का खौफ लाजमी है।

यह था प्रपत्र का मजमून, ये हैं 4 सदस्य

प्रपत्र दिनांक 2 अप्रेल 2020 को जारी कर आदेश दिया गया है। जिसमें मीडिया रिपोर्ट को आधार बनाकर व शराब के लिए हो रही घटनाओं की वजह से भविष्य में होने वाली जानमाल की हानि को रोकने की दृष्टि से शासन ने मदिरा दुकानों को शुरु करने कार्यवाही की बातें कही गई है। लेकिन दुकान संचालन के लिए आवश्यक निर्देश तथा प्रत्यायोजन हेतु समिति गठित की जाती है। इसमें चार सदस्यों की टीम बनी है जो यह फैसला लेने व वितरण के तरीकों समेत रिपोर्ट शासन को पेश करेगी तब फैसला लिया जाएगा। 1.अनिमेष नेताम उपमहाप्रबंधक सीएसएमसीएल मुख्यालय अध्यक्ष होंगे। इनके अलावा शिशिर रायजादा तकनीकि निर्देशक एमआईसी सदस्य, श्रीनिवास मुदलियार वित्ती सलाहकार सीएसएमसीएल सदस्य, अरविंद पाटले उपमहाप्रबंधक सीएसएमसीएल दिला दुर्ग सदस्य हैं।

विभिन्न जिलों के कंट्रोल रुम के हेल्प लाइन नंबर

रायपुर - 100, 07714287199, 9479191099, पुलिस कंट्रोल रुम-101, फायर सर्विस- 112

कोण्डागांव	- 07786242180	जांजगीर	- 07817222123
जशपुर	- 07763223281	नारायणपुर	- 07781252245, 07587399311
कबीरधाम	- 07741-232609	सूरजपुर	- 09111033446, 09301250252
कांकेर	- 07868-224610, 09165050224	बलौदाबाजार- भाटापारा	- 07727-223697
दंतेवाड़ा	- 07856-252412, 9479150879	सरगुजा	- 093402-67340, 089899-36378
कोरिया	- 07836232330, 9406045758	गरियाबंद	- 07706-241288, 062671-88110
कोरबा	- 07759-228548	सुकमा	- 07864284012
मुंगेली	- 09111420188	राजनांदगांव	- 7000210932
बालोद	- 07749223950, 07828200007	बस्तर	- 0778-223122
बिलासपुर	- 07752-251000	रायगढ़	- 07762-223750
बीजापुर	- 07853220023	गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही	-9479190097
धमतरी	- 07722-238479, 07722-237779	बलरामपुर-रामानुजगंज	-07831-273012, -07831-273177
बेमेतरा	- 07824222150		
दुर्ग	- 0788-2210773	महासमुंद	-6267770531

देश सहित राज्य की खबरों के लिए क्लिक करें
www.navpradesh.com